शेयर बाजार
सेंसेक्स 74,115.17
-217.41 (-0.29%)
निफ्टी 22,460.30
-92.20 (-0.41%)
सर्राफा बाजार
प्रति 10 ग्राम
24 carat
सोना 86,420.00
चांदी 1080.00

सूर्योदय प्रातः 6:02 | सूर्यास्त संध्या 5:56 | पखवाड़ा फाल्गुन शु. द्वादशी, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 31° न्यूनतम 16°

फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, मंगलवार, 11 मार्च 2025, वर्ष : 16, अंक : 30, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter

तीखी नोक-झोंक के बीच विधि-व्यवस्था पर गरमायी बहस

फ्रीडम फाइटर संवाददता

रांची : झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दसवें दिन सोमवार को जदयू विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर को औद्योगिक नगरी बनाने की अधिसूचना को नियम विरुद्ध बताते हुए इसे रद्द करने की मांग उठायी। उन्होंने सरकार की प्रक्रिया पर सवाल खड़े किये।

इस पर नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने संवैधानिक प्रक्रिया का हवाला देते हुए जवाब दिया। सरयू राय ने नगरपालिका अधिनियम का उल्लेख करते हुए कहा कि उपायुक्त ही इस कमिटी की अध्यक्षता करेंगे, जबकि मंत्री ने जवाब दिया कि अधिनियम के अनुसार प्रभारी मंत्री या उपायुक्त ; दोनों में से कोई भी कमिटी में रह सकता है।

दोनों नेताओं के बीच बहस बढ़ती गयी, जिसमें संविधान, राज्य सरकार की नीतियों और नगरपालिका अधिनियम के प्रावधानों का उल्लेख किया गया। स्पीकर रवीन्द्र नाथ महतो ने सरयू राय से आग्रह किया कि वह मंत्री के साथ चैम्बर में बैठ कर समाधान निकालें, लेकिन सरयू राय ने इसे ठुकराते हुए कहा कि अगर ऐसा करना है, तो फिर सदन की क्या जरूरत? इस पर स्पीकर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि सदन, सरकार और मंत्रिमंडल पर आप ही आरोप लगाते हैं!

विधि-व्यवस्था पर गरमाया सदन

झारखंड विधानसभा में शून्यकाल की कार्यवाही शुरू होते ही सूचना के तहत भाजपा विधायक सीपी सिंह ने विधि व्यवस्था का मामला उठाया। डीजीपी को निशाने पर लिया। सिंह ने कहा कि लोगों का यहां जीना मुश्किल हो गया है। सरकार के कानों पर जू तक नहीं रेंग रही। यहां का डीजीपी जिम्मेदार नहीं है। वह कहते हैं कि जो भी घटनाएं हो रही हैं, उसकी प्लानिंग जेल से हो रही है। क्या जेल झारखंड से बाहर है? अगर प्लानिंग जेल से हो रही है, तो फिर उद्भेदन क्यों नहीं किया जा रहा। रिमांड पर लेकर पूछताछ करनी चाहिए। किसी का जीवन सुरक्षित नहीं। चाहे विधायक हों, मंत्री हों या फिर जनता ; इस पर सरकार को जवाब देना चाहिए।

वहीं, दूसरी ओर सोमवार को ही विधानसभा परिसर में डीजीपी अनुराग गुप्ता ने मीडिया से बात करते कहा था कि जेल के अंदर बंद अपराधियों से सभी अपराध के तार जुड़े हैं। कुछ अपराधियों का जेल ट्रांसफर भी किया गया। उन्होंने गैंगस्टर विकास तिवारी, अमन साहू और अमन श्रीवास्तव का नाम लेकर भरोसा दिलाया कि जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों में एक के बाद एक तीन बड़ी आपराधिक घटनाएं हुई हैं। हजारीबाग में एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव की हत्या मामले में पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं। इस घटना के बाद पुलिस सवालों के घेरे में है। हालांकि, रांची के आश्रम में हुए डबल मर्डर केस (एक साधु और एक ड्राइवर) मामले में चार लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। रांची में कोयला कारोबारी पर जानलेवा हमला मामले में डीजीपी कह चुके हैं कि अपराधियों की पहचान हो गयी है। एसआईटी पूरे मामले की जांच कर रही है।

नेता प्रतिपक्ष ने उठाया लचर विधि व्यवस्था का मुद्दा

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दसवें दिन सोमवार को 11 बज कर 10 मिनट में सदन की कार्यवाही शुरू हुई। सदन की शुरुआत होते ही नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में लचर विधि व्यवस्था का सवाल उठाया और इस पर चर्चा कराने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि अपराधियों को सरकार का संरक्षण मिल रहा है और यह स्थिति हेमन्त सरकार की वजह से बनी है। मरांडी ने कहा कि राज्य में लगातार हत्याएं हो रही हैं और ऐसा लगता है कि राज्य में अपराधियों का हौसला बढ़ गया है, 'हेमन्त है, तो हिम्मत है।'

इसके बाद भाजपा के विधायक वेल में आ गये और नारेबाजी करने लगे। इस पर स्पीकर रवीन्द्रनाथ महतो ने सदस्यों को समझा-बुझा कर उन्हें सीट पर बैठने का प्रयास किया, लेकिन हंगामा जारी रहा। अंततः स्पीकर ने सदन की कार्यवाही 12:00 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

वित्तीय कुप्रबंधन पर भाजपा की राफिया नाज ने राज्य सरकार को घेरा

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने झारखंड सरकार के वित्तीय प्रबंधन पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य सरकार के पास पर्याप्त बजट होते हुए भी वह योजनाओं के अनुसार खर्च नहीं कर पा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले 11 महीनों में सरकार ने योजना बजट की केवल 63 प्रतिशत राशि खर्च की है, जबकि 37 प्रतिशत राशि अब भी लम्बित है। यह दर्शाता है कि हेमन्त सरकार विकास विरोधी है और जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में असफल रही है।

राफिया ने कहा कि यह वित्तीय अराजकता और नाकाम प्रबंधन का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने बताया कि सरकार शहरी विकास पर 23 प्रतिशत, खाद्य आपूर्ति पर 29 प्रतिशत, परिवहन पर छह प्रतिशत, पेयजल एवं स्वच्छता पर 10 प्रतिशत और आईटी विभाग पर मात्र पांच प्रतिशत राशि खर्च कर पाई है। राज्य की सरकार की नाकामी को उजागर करता है, जहां तकनीकी क्षेत्र को भी नजरअंदाज किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के जरिये महत्त्वपूर्ण विभागों पर खर्च की कमी से जनकल्याण के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। स्वच्छता विभाग, परिवहन विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग और पेयजल विभाग जैसे प्रमुख विभागों में राशि की कमी से जनता को सीधी असुविधा हो रही है। इन विभागों में खर्च की कमी से साफ-सफाई, परिवहन सेवाएं, राशन वितरण और पानी की उपलब्धता जैसी मूलभूत सेवाओं पर असर पड़ रहा है, जिससे राज्य की जनता की परेशानियां बढ़ गयी हैं।

उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने इस दिशा में त्वरित और ठोस कदम नहीं उठाये, तो झारखंड की विकास दर और जनकल्याण कार्यों में और भी रुकावट आयेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से अपील की, कि वे जनता के मुद्दों पर ध्यान दें और यह सुनिश्चित करें कि सरकारी धन का सही तरीके से और जनहित में उपयोग किया जाये।

माह-ए-रमज़ान

इफ्तार	सेहरी
5 : 55	4 : 46

एक झलक

कलकत्ता हाई कोर्ट के जज जस्टिस जोयमाला बागची सुप्रीम कोर्ट के जज नियुक्त

नयी दिल्ली : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कलकत्ता हाई कोर्ट के जज जस्टिस जोयमाला बागची को सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त किया है। अब सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 33 हो जाएगी। सुप्रीम कोर्ट में जजों की स्वीकृत संख्या 34 है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने इससे पहले 06 मार्च को जस्टिस जोयमाला बागची को सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की थी। जस्टिस जोयमाला बागची 26 मई, 2031 को चीफ जस्टिस बनेंगे। जस्टिस बागची के नाम की सिफारिश करते समय सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम ने इस बात पर गौर किया था कि पूर्व चीफ जस्टिस अल्तमस कबीर के 18 जुलाई, 2013 में रिटायर होने के बाद कलकत्ता हाई कोर्ट से कोई चीफ जस्टिस नहीं बना है।

महिला समेत चार बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

लखनऊ : जिले की टप्पल पुलिस ने जट्टारी चौकी अंतर्गत नयी बस्ती से एक महिला समेत चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। ये लोग एक ही परिवार के हैं और 17 साल से यहां पर अवैध रूप से रह रहे थे। पुलिस अधीक्षक (देहात) अमृत जैन ने सोमवार को बताया कि मूल रूप से बांग्लादेश के बागडंडा निवासी मकसूद खान उसकी पत्नी साहिना, बेटे मोहम्मद तौफीक, मोहम्मद साबिर को गिरफ्तार किया है।

अंदर के पन्नों पर

3 सीएम की एयर एम्बुलेंस सेवा असहाय मरीजों के...
5 मिलजुल कर मनायें होली, पवित्रता से मनायें रमजान...
7 पटाखे की दुकान में लगी आग, दुकानदार समेत 05...
9 विधि व्यवस्था को लेकर डीजीपी ने की बैठक...
10 रोहित शर्मा ने संन्यास की अटकलों को किया खारिज...

कांग्रेस ने महिला आरक्षण को लेकर जंतर-मंतर पर किया प्रदर्शन

एजेंसी

नयी दिल्ली : अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने सोमवार को महिला कांग्रेस की अन्य सदस्यों के साथ लोकसभा और विधानसभाओं में 33 फीसदी महिला आरक्षण को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन किया।

अलका लांबा ने केन्द्र सरकार पर महिला आरक्षण को संसद में पारित होने के बावजूद इसके कार्यान्वयन में देरी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'यह कानून यूपीए सरकार ने पारित किया था, लेकिन इस सरकार ने इसके नाम पर वोट मांगते हुए इसे दस साल तक रोक कर रखा।'

उन्होंने कहा, 'आज सत्ता में होने के बावजूद, भाजपा ने इस कानून को लागू नहीं किया है। कांग्रेस के विधायक इसे लागू करने के लिए लड़ते रहेंगे।'

कांग्रेस नेता ने कहा कि उनका इरादा हाशिये पर मौजूद महिलाओं की आवाज बनने का है। उन लोगों के लिए खड़े हैं, जो पीड़ित और असहाय हैं। हमारी लड़ाई उनके खोए हुए आत्मविश्वास और सम्मान को बहाल करने के लिए है।

उन्होंने कहा कि आज से संसद का सत्र आरम्भ हो रहा है, जो लगभग एक महीने तक चलेगा। इस सत्र में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के विधायकों की मांग है कि संसद के सत्र के दौरान महिलाओं के लिए बात की जाये।

उन्होंने कहा कि लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने का विधेयक पारित कर चुकी है, लेकिन केन्द्र सरकार इसे क्रियान्वित नहीं कर रही है। इसे लेकर कांग्रेस के विधायक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायक महिला आरक्षण कानून को लागू करने की मांग करते हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और सांसद प्रियंका गांधी चिन्ताओं को उठायेंगे। राज्यसभा में हमारी वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी इसकी वकालत करेंगी।

लांबा ने कहा कि एक साल पहले उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिख कर महिलाओं की चिन्ताओं पर चर्चा के लिए एक बैठक बुलाने का अनुरोध किया था, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

उन्होंने कहा, 'मैं राष्ट्रपति मुर्मू से आग्रह करती हूं कि वह हमसे मिलें, महिलाओं की शिकायतें सुनें और उनके लिए न्याय सुनिश्चित करें।'

झारखंड के दक्षिणी जिलों में छायेंगे बादल

रांची : झारखंड के दक्षिणी जिलों में आंशिक बादल छाये रहेंगे, जबकि राज्य के अन्य जिलों में मौसम साफ रहेगा। राज्य के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला-खरसावां में बादल छाये रहेंगे। यह जानकारी मौसम विभाग की ओर से सोमवार को दी गयी है। वहीं, राजधानी रांची सहित अधिकांश जिलों में तापमान धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है। स्थिति है कि सरायकेला में तापमान 37 डिग्री को पर हो गया है। इसके अलावा कई जिलों में तापमान 35 डिग्री या इसके आसपास पहुंच गया है। मौसम विभाग ने इस माह के अंत तक राज्य भर में तापमान में चार-पांच डिग्री की बढ़ोतरी होने की आशंका जता चुका है। सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री, जमशेदपुर में 34.9, डालटेनगंज में 34.9 और बोकारो में अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

जम्मू-कश्मीर हाई कोर्ट के तीन अतिरिक्त जस्टिस की नियुक्ति स्थायी करने को केन्द्र की मंजूरी

एजेंसी

जम्मू : केन्द्र सरकार ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर हाई कोर्ट के तीन अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दे दी। इनमें जस्टिस वसीम सादिक नरगल, जस्टिस राजेश सेखरी और जस्टिस मोहम्मद यूसुफ वानी हैं। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 05 मार्च को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट के तीन अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी, जिसके चलते आज केन्द्र सरकार ने तीनों नामों को मंजूरी दी है। जस्टिस वसीम सादिक नरगल जम्मू और कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट में सेवा दे चुके हैं। अगस्त, 2017 में हाई कोर्ट कॉलेजियम ने उन्हें जज के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की थी, जिसे अप्रैल, 2018 में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने मंजूरी

दे दी थी। अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में उनकी नियुक्ति 1 जून, 2022 को की गयी थी और उन्होंने 03 जून, 2022 को पद की शपथ ली।

जस्टिस राजेश सेखरी ने 29 जुलाई, 2024 को हाई कोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। उन्होंने 1989 में जम्मू विश्वविद्यालय के विधि संकाय से एलएलबी की डिग्री हासिल करने के बाद 1995 में मुंसिफ न्यायाधीश के रूप में न्यायिक सेवा में प्रवेश किया। 2008 में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर पदोन्नत होने से पहले उन्होंने उप न्यायाधीश और राजौरी और कारगिल में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के रूप में कार्य किया। ● शेष पृष्ठ 11 पर

राहुल गांधी ने ली झारखंड हाईकोर्ट से याचिका वापस

फ्रीडम फाइटर संवाददता

रांची : कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट से अपनी याचिका वापस ले ली है। मानहानि मामले में चाईबासा स्थित एमपी-एमएलए की विशेष अदालत की ओर से राहुल गांधी को सशरीर उपस्थित से छूट नहीं देने के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत में हुई। मामले में अदालत ने राहुल गांधी के आग्रह को देखते हुए याचिका वापस लेने की अनुमति प्रदान की। साथ ही, कोर्ट ने राहुल गांधी को अंतरिम राहत के तहत चाईबासा की निचली अदालत में उनके खिलाफ चल रही कार्यवाही पर लगी रोक समाप्त कर दी। ● शेष पृष्ठ 11 पर

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में 05-05 लाख रुपये के तीन इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

एजेंसी

गरियाबंद/रायपुर : छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में सक्रिय तीन नक्सलियों ने हथियार समेत आत्मसर्पण किया है। इन तीनों आत्मसमर्पित नक्सलियों पर 05-05 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इन नक्सलियों ने एडीजी विवेकानंद सिन्हा, आईजी अमरेश मिश्रा व सीआरपीएफ के अफसरों की मौजूदगी में आत्मसर्पण किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया है कि तीनों नक्सली हत्या, लूट, पुलिस पर हमले और जबरन वसूली जैसे गम्भीर अपराधों में लिप्त थे।

आईजी अमरेश मिश्रा ने सोमवार को बताया कि आत्मसमर्पित नक्सलियों में एसडीके एरिया कमेटी के डिप्टी कमांडर दिलीप उर्फ संतु ने ऑटोमैटिक हथियार के साथ आत्मसमर्पण किया। दिलीप उर्फ संतु, जो एसडीके एरिया कमेटी का ● शेष पृष्ठ 11 पर

मणिपुर में विभिन्न संगठनों के 10 उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल : मणिपुर पुलिस ने अलग-अलग अभियानों में विभिन्न उग्रवादी संगठनों के 10 सक्रिय कैडरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि पहली इंफाल ईस्ट जिले के पोरोंगपाट थाना क्षेत्र के गोलापट्टी मस्जिद अचौबा अवांग लेइराक से एनआरएफएम संगठन की एक सक्रिय कैडर लाईफ्राकपम सोनिया देवी उर्फ टोम्बी (24) को गिरफ्तार किया गया। वह आम जनता, निजी कंपनियों और सरकारी अधिकारियों से जबरन

वसूली में शामिल थी। उसके पास से एक मोबाइल फोन और 1,07,260 रुपये बरामद किये गये। दूसरी कार्रवाई में, इरिलबुंग थाना क्षेत्र के खोंगमैन नंदेइबम लैकाई से पीआरईपीएके (प्रो) के दो सक्रिय उग्रवादी चिरोम रोस्तम मैतेई उर्फ ● शेष पृष्ठ 11 पर

कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम करने के लिए सरकार ने उठाये कई महत्त्वपूर्ण कदम

एजेंसी

नयी दिल्ली : सरकार ने आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने एवं तेल और गैस के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई महत्त्वपूर्ण फैसले लिये हैं। सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने भी ईंधन मूल्य निर्धारण, वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों के प्रभाव और उपभोक्ताओं पर बोझ को कम करने से सम्बन्धित मुद्दों को हल करने के लिए विभिन्न कदम उठाये हैं।

राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने सोमवार को बताया कि केन्द्र

सरकार ने नवम्बर, 2021 और मई, 2022 में दो किश्तों में पेट्रोल और डीजल पर कुल मिला कर क्रमशः 13 रुपये प्रति लीटर और 16 रुपये प्रति लीटर की केन्द्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती की, जिसका पूरा लाभ उपभोक्ताओं को दिया गया। कुछ राज्य सरकारों ने भी नागरिकों को राहत देने के लिए वैट दरों में कमी की। मार्च, 2024 में ओएमसी ने देश भर में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में 02 रुपये प्रति लीटर की कमी की। कच्चे तेल के ● शेष पृष्ठ 11 पर

लोकसभा में 'बिल ऑफ लैडिंग' विधेयक ध्वनिमत से पारित

नयी दिल्ली : लोकसभा ने सोमवार को 'बिल ऑफ लैडिंग' विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसका उद्देश्य बिल ऑफ लैडिंग या लदान पत्र जारी करने के लिए कानूनी ढांचा प्रदान करना है। 'लैडिंग बिल' मालवाहक की ओर से शिपर (माल भेजने वाले) को जारी किया जाता है। इसमें ले जाये जा रहे माल के प्रकार, मात्रा, स्थिति और गंतव्य जैसे विवरण शामिल होते हैं। विधेयक कानून बनने पर ब्रिटिश काल में बने भारतीय लैंडिंग ● शेष पृष्ठ 11 पर

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने की वोटर लिस्ट पर चर्चा कराने की मांग

लोकसभा में नेता विपक्ष नेता राहुल गांधी ने सोमवार को सदन में मतदाता सूची में अनियमितता का मुद्दा उठाया और कहा कि देशभर से इसकी शिकायतें मिल रही हैं। गैर एनडीए शासित राज्यों से यह मुद्दा उठ रहा है। राहुल ने विशेष रूप से महाराष्ट्र का उदाहरण दिया। साथ ही, उन्होंने मांग की कि पूरा विपक्ष चाहता है कि सदन में वोटर लिस्ट पर चर्चा होनी चाहिए। ● शेष पृष्ठ 11 पर

डीएमके सरकार छात्रों का भविष्य बर्बाद कर रही : प्रधान

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) सरकार तमिलनाडु में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को लागू नहीं करके छात्रों का भविष्य बर्बाद कर रही है। धर्मेंद्र प्रधान ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पीएम श्री स्कूल को लेकर डीएमके सांसद टी सुमति के एक सवाल के जवाब में कहा कि एक समय पीएम श्री ● शेष पृष्ठ 11 पर

एक झलक

प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए 50 किसानों के बीच प्लास्टिक ड्रम का वितरण

अनगड़ा : प्रखंड के कुच्चू पंचायत में 50 किसानों के बीच सोमवार को प्लास्टिक ड्रम का वितरण किया गया। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद(आईसीएआर)के तत्वाधान में कार्यरत भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान नामकुम एवं दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र रामकृष्ण मिशन द्वारा आईसीएआर पटना के द्वारा ड्रम का वितरण किया गया। वितरण कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया ने किया। मुखिया सहदेव बेदिया ने बताया कि इसका उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक कृषि तकनीकों से जोड़ना है जिससे वे बीजामृत, जीवामृत, दशपर्णी अर्क, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र एवं अग्निअस्त्र जैसे जैविक घटक स्वयं तैयार कर सकें। इससे खेती को रसायन मुक्त एवं टिकाऊ बनाने में मदद मिलेगी। 50 चयनित किसानों के लिए 'काऊ यूरिन हार्वेस्टिंग सिस्टम' के तहत पक्के गड्ढे निर्माण का डेमोंस्ट्रेशन किया गया। 25 किसानों के बीच ढैंचा हरि खाद फसल की 50 किलोग्राम बीज का वितरण भी किया गया। संचालन वैज्ञानिक डॉ अजीत कुमार सिंह एवं प्रशिक्षण डॉ मनोज कुमार सिंह ने दिया।

खाद्य सुरक्षा के मानकों के शत प्रतिशत अनुपालन करने के निर्देश

खूंटी : होली के मद्देनजर अभिहित अधिकारी सह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी की ओर से जिले के सभी खाद्य कारोबारियों सुरक्षा के मानकों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। इनमें मिठाई दुकान संचालक, रेस्टोरेंट, ढाबा, होटल संचालक, थोक विक्रेता, खुदरा एवं फुटकर विक्रेता, वितरक, फल, सब्जी विक्रेता, दवा विक्रेता, मीट, मुर्गा, मछली विक्रेता एवं फास्ट फुड विक्रेता सहित अन्य शामिल हैं। खाद्य कारोबारियों को बताया गया है कि अमान्य एफएसएसएआई लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन नंबर के खाद्य कारोबार करने पर 10 लाख रुपये तक का जुमार्ना हो सकता है। पैकेट बंद खाद्य पदार्थ बिना एफएसएसएआई लाइसेंस नंबर, बनने की तिथि, एक्सपायरी तिथि, बैच नंबर, सूचना इत्यादि के क्रय-विक्रय करना एफएसएस एक्ट-2006 की धारा-52 के तहत दंडनीय अपराध है। मिठाई बनाने वाले खाद्य कारोबारियों को सख्त निर्देश दिया गया कि मिठाइयों को सुरक्षित एवं अत्याधिक आकर्षक बनाने एवं रखने के लिए अवांछित केमिकल एवं स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डालने वाले अखाद्य एवं औद्योगिक रंगों का उपयोग नहीं करेंगे। साथ ही एफएसएसएआई की ओर से अधिकृत प्राकृतिक एवं कृत्रिम रंगों का मिठाइयों में उपयोग तय मानक के अनुरूप ही करेंगे। निर्देश दिया गया है कि मिठाई आदि में मिलावट नहीं करेंगे।

रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन को सीने में दर्द की शिकायत, जेल से रिम्स भेजे गये

रांची : रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की तबीयत सोमवार को अचानक बिगड़ गयी। जेल में ही उनके सीने में दर्द उठ गया। जेल के डॉक्टरों ने उनकी जांच की, जिसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। पूर्व डीसी का इलाज रिम्स के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. हेमंत नारायण की देखरेख में चल रहा है। उनको रिम्स में भर्ती कर लिया गया है। उनके कई टेस्ट कराये गये है। उल्लेखनीय है कि रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन जमीन घोटला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद हैं। उन्हें ईडी ने गिरफ्तार किया था। छवि रंजन के खिलाफ जमीन से जुड़े दो मामले चल रहे हैं। रांची के बरियातू थाना क्षेत्र स्थित चेशायर होम रोड स्थित जमीन मामले में झारखंड हाई कोर्ट से छवि रंजन को जमानत मिल चुकी है। चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन में गड़बड़ी मामले में ईडी ने छवि रंजन, प्रेम प्रकाश, अमित अग्रवाल सहित 10 लोगों को आरोपित बनाया था। वहीं, दूसरा मामला सेना की जमीन से जुड़ा है। सेना की जमीन मामले में अभी तक छवि रंजन को जमानत नहीं मिली है।

थाना प्रभारी व एएसआई को एसपी ने किया निलम्बित

दोनों पर युवक को थाने में अपशब्द बोलने एवं पीटने का है आरोप

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रामगढ़ : जिले के बरलंगा थाना में युवक के साथ पिटाई एवं अभद्र व्यवहार मामले में एक्शन लिया गया है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर बरलंगा थाना प्रभारी पु.अ.नि. विकास आर्यन और स.अ.नि. को निलंबित कर दिया गया है।

क्या है मामला

वार्ड सदस्य के पति विनोद कुमार सिन्हा और युवक जितेंद्र कुमार महतो के बीच प्रधानमंत्री आवास को लेकर हुई कहासुनी के बाद विनोद कुमार सिन्हा ने युवक के खिलाफ बरलंगा थाने में एक शिकायती आवेदन दिया था। जिसके बाद थाना प्रभारी विकास आर्यन और एएसआई ने थाने में युवक के साथ मारपीट की तथा अपशब्द के

खिलाफ पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ से थाना प्रभारी और एएसआई के खिलाफ कार्रवाई के लिए आवेदन दिया था। मामले में पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बरलंगा थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर और एएसआई को निलंबित कर दिया है। दरसअल पुलिस अधीक्षक को सोनडीमरा निवासी और पीड़ित युवक जितेंद्र कुमार महतो ने आवेदन दिया था। जिसमें उन्होंने एसडीपीओ से जाँच कराकर थाना प्रभारी विकास आर्यन और एएसआई मंगल उरांव के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने की माँग की थी। जिसके बाद थाना प्रभारी विकास आर्यन को एसपी ने निलंबित कर दिया है।

इससे पहले थाना प्रभारी विकास आर्यन पर 19 सितंबर 2023 को एक जमीन पर निर्माण के दौरान संलिप्तता पाई गई थी। जिसमें रामगढ़ एसडीपीओ की जाँच रिपोर्ट आने के बाद उन्हें निलंबित किया गया था।

आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ विधायक ने की थी मांग

दरसअल रविवार देर रात रामगढ़ विधायक ममता देवी ने जितेंद्र कुमार महतो द्वारा दिए गए आवेदन के बाद बरलंगा थाना पहुँचकर थाना प्रभारी को जमकर फटकार लगाई थी। विधायक ममता देवी ने 2 घंटे थाने में रहकर एसडीपीओ को जितेंद्र कुमार महतो के साथ हुए अन्याय की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने थाना प्रभारी और उनके अधीनस्थ अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

पीड़ित युवक ने विधायक ममता देवी के साथ दिया था पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन

पीड़ित युवक जितेंद्र कुमार महतो विधायक ममता देवी के साथ पुलिस अधीक्षक ऑफिस पहुँचे और पुलिस अधीक्षक अजय कुमार को लिखित में शिकायत दी। विधायक ममता ने बरलंगा थाना प्रभारी विकास आर्यन एएसआई मंगल उरांव के खिलाफ मारपीट के मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की। जिसके बाद एसपी अजय कुमार ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच और दोषी होने पर कार्रवाई का आश्वासन विधायक को दिया. एसपी ने इस मामले में जांच के लिए पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार को नियुक्त किया।

पीवीयूएनएल पावर प्लांट चालू करने को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रामगढ़ : जिला अंतर्गत पतरातू प्रखंड में पीवीयूएनएल पावर प्लांट चालू करने को लेकर रसदा ग्राम के निवासियों की उपस्थिति में सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ श्री चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा पतरातू प्रखंड में पीवीवीएनएल पावर प्लांट चालू करने को लेकर आ रही समस्याओं से सभी को अवगत कराया गया। इस दौरान भूअर्जन, मुआवजा भुगतान, नौकरी सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर पीवीयूएनएल के अधिकारियों एवं रसदा ग्राम के निवासियों के साथ चर्चा की गई। मौके पर रसदा ग्राम के निवासियों द्वारा अपने पक्ष को सभी के समक्ष रखा गया। जिस पर उपायुक्त एवं पीवीयूएनएल के अधिकारियों द्वारा कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गयी। साथ ही प्लांट चालू करने को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर परिचर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

होली पर्व के मद्देनजर डीसी ने की जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

फ्रीडम फाइटर संवाददाताी

रामगढ़ : होली पर्व के मद्देनजर सोमवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा सभी को रमजान एवं आगामी होली पर्व की शुभकामनाएं दी गई। मौके पर उपायुक्त ने सभी से आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि होली पर्व के अवसर पर होलिका दहन पूर्व से चिन्हित जगह पर ही आयोजित की जाएगी किसी भी नई जगह पर होलिका दहन आयोजित करने की अनुमति नहीं होगी। उपायुक्त ने होलिका दहन के दौरान स्थानीय स्तर पर वॉलिंटियर्स प्रतिनियुक्त करने उन्हें पहचान पत्र उपलब्ध कराने एवं वॉलिंटियर्स की जानकारी प्रशासन के साथ साझा करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त शांति समिति के सदस्यों को पहचान पत्र उपलब्ध कराने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि अगर पर्व के दौरान किसी भी क्षेत्र में कोई भी अफवाह सामने आती है अथवा सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने संबंधित कोई मामला सामने आता है तो इसकी जानकारी त्वरित रूप से जिला नियंत्रण कक्ष की दूरभाष संख्या 06553 222005 पर दी जाए। वहीं उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन रामगढ़ शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर संयुक्त जिला आदेश के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में प्रतिनियुक्त किए गए दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल के जवानों को अपने क्षेत्र में हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने एवं शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर असामाजिक तत्वों द्वारा पर्व के दौरान माहौल खराब करने की कोशिश की जाएगी तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी वहीं उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्र में हर गतिविधि पर नजर रखने एवं कोई भी मामला सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी जिला प्रशासन को देने की अपील की।

श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

रामगढ़ : श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति ने सोमवार को रामगढ़ के गोला रोड स्थित साहू धर्मशाला में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। होली मिलन समारोह में मुख्य तौर पर महासमिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली, महासचिव विशाल जायसवाल और मुख्य संरक्षक राजेश ठाकुर उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ महासमिति के पदाधिकारियों और उपस्थित गणमान्य लोगों ने अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएँ दी।साथ ही उपस्थित लोगों ने मिलकर होली लोक गीत गाकर होली का खुब आनंद उठाया। होली गीतों पर सभी कोई झूमें।

होली पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर बुढ़मू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

प्रशासन से की पुलिस की गश्त सभी क्षेत्रों में कराने की मांग

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बुढ़मू : होली पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए सोमवार को बुढ़मू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए शांति समिति के सदस्यों ने बताया कि पूर्णिमा की रात में होलीका दहन किया जाता है। उसके अगले दिन फर्स्ट हाफ में गीली होली खेली जाती है और सेकेंड हाफ में एक दुसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी जाती है। इस दौरान गांव में डोल लगाया जाता है जहां गांव के बड़े बुजुर्ग सहित सभी लोग जाते है और गुलाल लगाकर आशिर्वाद लेते है। इस दौरान पुलिस की गस्ती सभी क्षेत्र में कराने की मांग प्रशासन से की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीओ सच्चिदानंद वर्मा ने कहा कि होली के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेंगे साथ ही आग्रह किया कि किसी को जबरन रंग न लगाए और किसी की धार्मिक भावना को आहत ना करें। साथ ही अश्लील गाना नहीं बजाने का निर्देश दिया। और कहा कि प्रयास करें कि डीजे ना बजाए। सोशल मीडिया में किसी प्रकार का भ्रामक प्रचार हो तो

तत्काल प्रशासन को सूचित करें। डीएसपी रामनारायण चौधरी ने बताया कि 13 को होलिका दहन और 15 को होली है। थाना प्रभारी रितेश कुमार द्वारा पुस्तकालय के लिए पुस्तक दिया गया। मौके पर बीडीओ धीरज कुमार, प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, उपप्रमुख हरदेव साहु, थाना प्रभारी रितेश कुमार, इंस्पेक्टर शशिभूषण चौधरी, पूर्व प्रमुख रामेश्वर पाहन, दशरथ यादव, सनोज यादव, सरफराज अहमद, विनोद मुंडा, रत्नप्रकाश सिंह, कुदूस अंसारी, गोवर्धन लोहरा, अनूपा उरांव, रामवृत मुंडा, तपेश्वर मिश्रा, अजीत प्रसाद, सहित अन्य मौजूद थे।

जंगली हाथी का उत्पात जारी, दो घरों को किया ध्वस्त

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेड़ो : प्रखंड के चिन्द्री टंगरा टोली गांव में रविवार की रात लगभग दो बजे एक विशालकाय जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान जंगली हाथी ने इसी गांव के उर्मिला कुमारी और वीरेंद्र उरांव के कच्चे मकान के दीवार को ध्वस्त कर दिया। जिससे घर में रखे अनाज व घरेलू समान दबकर बर्बाद हो गए। वहीं उर्मिला ने बताया की हाथी ने जिस दीवार को गिराया उसी के बगल में वह सोई हुई थी। दीवार के गिरने से मेरे पैर में चोट भी लगी। वह किसी तरह से घर से भागकर किसी प्रकार अपनी जान बचाई। वहीं ग्रामीणों ने किसी प्रकार हो हल्ला मचाकर हाथी को भगाया। इस घटना से आसपास के लोगों में दहशत व्याप्त है। इधर लोग शाम होते ही अपने घरों में दुबक जाने पर मजबूर हैं। वहीं उर्मिला व वीरेंद्र ने क्षतिपूर्ति को लेकर स्थानीय प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगाई है। इधर घटना की सूचना पाने के बाद पंचायत की मुखिया अनिता बाड़ा बड़ा व बुधराम बाड़ा ने गांव पहुंचकर लोगों के हुए नुकसान का जायजा लिया और वन विभाग को जानकारी दी। उन्होंने प्रभावित लोगों को हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया है।

कोलफील्ड मजदूर यूनियन केन्द्रीय कार्य समिति की हुई बैठक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

भुरकुंडा : कोलफील्ड मजदूर यूनियन के केंद्रीय कार्य समिति की बैठक सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस रांची परिसर के अंतर्गत कोल्फील्ड मजदूर यूनियन के कार्यालय में बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह एवं संचालन महामंत्री राघवन रघुनंदन के द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए राघवन रघुनंदन ने बताया आगामी 21 और 22 मार्च को 2025 को पूर्व निर्धारित केंद्रीय सम्मेलन को सफल बनाने के लिये तैयारी की जा रही है। जिसके तहत सभी क्षेत्रों मे सघन जनसंपर्क करके सम्मेलन का प्रचार प्रसार किया जा रहा है और सम्मेलन का पोस्टर सभी क्षेत्रों में दे दिया गया है सम्मेलन में एचएमएस के राष्ट्रीय महामंत्री हरभजन सिंह सिद्धू शिरकत करेंगे जिनके कर कमल द्वारा सम्मेलन का उद्घाटन संपन्न होगा इस बैठक में उपस्थित एसएमएस के वरिष्ठ नेता नागेश्वर सिंह, विनय सिंह मनकी, भीम सिंह यादव, चंदेश्वर सिंह, खुशी लाल महतो, शैलेंद्र, वाहिद अंसारी, जगन्नाथ साहू, अशोक कुमार गुप्ता, रमाकांत दूबे, संजय यादव, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह भूरकुंडा शाखा सचिव पप्पू सिंह, रतन कुमार अन्य लोग उपस्थित थे।

प्रीतम झा को सांसद प्रतिनिधि बनाये जाने पर भाजपाइयों में उत्साह का माहौल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गोला (रामगढ़) : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने अपने लोकसभा क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न मंडलों के सांसद प्रतिनिधियों का मनोनयन किया है। इसी मनोनयन के तहत गोला प्रखंड क्षेत्र के कुम्हरदगा निवासी प्रीतम झा को गोला मंडल का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। प्रीतम झा के सांसद प्रतिनिधि चुने जाने पर गोला मंडल भारतीय जनता पार्टी द्वारा उनका फूलमाला पहनाकर, मिठाई खिलाकर भव्य एवं गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में पूर्व सांसद प्रतिनिधि सह उपप्रमुख विजय कुमार ओझा, पूर्व बीस सुत्री अध्यक्ष मनोज कुमार महतो, गोला मंडल महामंत्री रवि हाजरा, भाजयुमो के प्रखंड अध्यक्ष विकास मणि पाठक, लखन अग्रवाल, प्रदीप ठाकुर, प्रमोद रजवार, एहसानुल हक, देवंती देवी, मनोज प्रसाद, सूरज वर्मा, सचिन कुमार, बानेश्वर महतो, चन्द्रमोहन सिंह सहित कई भाजपाई मौजूद थे।

बेड़ो के बारीडीह गांव में हुई पड़हा समाज की बैठक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेड़ो : प्रखंड के बारीडीह गांव के ऐतिहासिक पड़हा जतरा बगीचा में रविवार को पड़हा संचालन समिति की संरक्षक निलमनी भगत अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में पड़हा समाज की पारंपरिक व्यवस्था की एकरूपता को बनाए रखने के लिए व्यापक विचार विमर्श किया गया। मौके पर केंद्रीय पड़हा संचालन समिति की संरक्षक निलमनी भगत ने कहा कि पड़हा व्यवस्था यहां के आदिवासी एवं मूलवासी सभी पड़हा के अंदर है। जो समाज में रहने वाले सभी जाति-समुदाय के लोगों की समाजिक, प्रशासनिक व न्यायिक व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि पड़हा व्यवस्था हमारे समाज में कायम रहे, इसके लिए सभी समाज के लोगों को आगे आने की जरूरत है। पड़हा व्यवस्था की ही देन है कि हमारा समाज सशक्त है। इसकी एकजुटता को बचा कर रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा सरकार पंचायत की चुनाव प्रक्रिया न करें। वहीं सरकार की सभी विकास योजनाओं को सीधे पड़हा, मांझी,परगनइत और डोकलो सोहोर को सवैंधानिक तौर पर हाई कोर्ट के आदेश के अनुसार पड़हा व्यवस्था को सौंपे। वहीं 12 पड़हा राजा विशाल उरांव ने कहा आदिवासी समाज को अपने अधिकारों के लिए एकजुट होने की जरूरत है। बैठक में पड़हा अध्यक्ष बंधना उरांव केंद्रीय पड़हा संचालन समिति के अध्यक्ष जुगेश उरांव सचिव धनंजय कुमार राय, सतीश उरांव, विनोद भगत दीवान विरूवा उरांव, धिनु उरांव,एतवा उरांव, प्रभाकर कुजुर, प्रो सोमरा उरांव,रवि निरंजन टोप्पो ने संबोधित किया। बैठक का संचालन 24 पड़हा दिवान भौआ उरांव व धन्यवाद ज्ञापन संजु उरांव ने किया। वहीं बैठक में 12 व 21 पड़हा के संयुक्त सचिव चरवा उरांव,लोहरा उरांव,सुका महतो,दिवाकर गिरी,बिगू भगत सहित पड़हा समाज के दर्जनों लोग मौजूद थे।

पहाड़ी मंदिर में भव्य होली समारोह का आयोजन

रांची : श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर की ओर से सोमवार को भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन पहाड़ी मंदिर परिसर में किया गया। इसमें सैकड़ो शिव भक्त ढ़ोल नगाड़े के धुन पर झूमते रहे । इस दौरान महाकाल बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया और आरती के बाद सभी लोग महाकाल बाबा पर रंग अबीर अर्पण कर एक दूसरे को खूब रंग गुलाल लगाए । पूरा पहाड़ी मंदिर परिसर होली के रंगों में रंगा दिखा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महासमिति के अध्यक्ष राजेश साहू, प्रवक्ता बादल सिंह, राम सिंह, स्वपना चटर्जी, शुभाशीष चटर्जी, मिट्टू घटक, मीरा गुप्ता, गीता पपनेजा, रश्मि अरोड़ा, प्रिया सिन्हा, किरण घोष सहित अन्य मौजूद थे।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद माता के दर्शन को उमड़ी भक्तों की भीड़

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेड़ो : महादानी मंदिर परिसर में ग्रामीणों द्वारा नवनिर्मित दशभुजी मां देवी दुर्गा देवी के मंदिर का ग्यारह दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ महोत्सव के दसवें दिन सोमवार को पूणार्हुति व महाप्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ। नित्य पूजन कार्यक्रम के साथ-साथ पूणार्हुति का आयोजन किया गया। इस दौरान परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। वही धार्मिक अनुष्ठान यज्ञाचार्य अंचल पाठक, मृत्यंजय पाठक,विकास पाठक, नरोत्तम पांडेय, भारतेन्दु द्विवेदी, ध्रुव मिश्रा,आशुतोष पांडेय सोनू पांडेय की अगुवाई में बतौर मुख्य यजमान साधन कुमार राय सपत्नी लखी राय, राजेंद्र साहू अनिता देवी,सुदामा वर्मा संगीता देवी, जोगिंद्र महतो सुलेखा महतो, परना महतो सारिका देवी,उमेश महतो मीना देवी, संजीत साहू मनीता देवी, मोतीलाल गुप्ता भारती देवी, मोहन सोनी गायत्री देवी ने पूरा किया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच जगत जननी मां दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा हुई। प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंदिर का पट भक्तों के दर्शन के लिए खोला गया। पट खुलते ही मां दुर्गा के अलौकिक दर्शन को ले भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जहां भक्तों की लंबी कतार लग गई। जय माता दी,जय मां काली, हर हर महादेव,जय श्रीराम, जय हनुमान के गगनभेदी जयघोष से पूरा वातारण भक्तिमय हो गया। वहीं मंदिर के प्रांगण में 12 घंटे का अखंड हरीकृतन व शाम में भंडारा का वितरण किया गया। मौके पर जितेंद्र पाठक, अशोक पंडा, सोनू पंडा, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार राय,भवानी शरण सिंह,हरि साहू,सौमित्र शर्मा, मुकेश कुमार राय,महावीर गोप,दशरथ गोप, पंकज गुप्ता समेत कई लोग मौजूद थे।

आरटीसी बीएड महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

अनगड़ा : सोमवार को आरटीसी बीएड महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉक्टर रुद्र नारायण महतो ने फीता काटकर एवं मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। खेल- कूद प्रतियोगिता प्रारंभ होने से पूर्व रुद्र नारायण महतो ने मशाल प्रज्वलित किया एवं वॉलीबॉल के खिलाड़ियों से परिचय करते हुए प्रतियोगिता का शुरूआत किया। और उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष महाविद्यालय में वार्षिक खेल- कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिससे कि पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों का शारीरिक और मानसिक विकास हो सके। विद्यालय की प्राचार्य। डॉक्टर रिचा पदमा ने कहा कि हमें खेलों को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए इससे खिलाड़ी शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं ' प्रथम दिन खेलकूद प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, कबड्डी, नीडल रेस आदि खेल हुए। कबड्डी प्रतियोगिता में बीएड की बी-1 टीम विजय रही। डीएलएड की ओर से प्रथम वर्ष की टीम विजय रही। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बीएड की बी-2 टीम विजय रही। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में डीएलएड की द्वितीय वर्ष की टीम विजय रही। इस अवसर पर विद्यालय में समस्त व्याख्याता गण व छात्र उपस्थित थे।

अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष पर गोष्ठी

रांची : भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री और झारखंड राज्य के निर्माता श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी वर्ष (2024-25) के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी रांची ग्रामीण जिला द्वारा आयोजित कार्यक्रम का आयोजन आरटीसी कॉलेज सभागार दड़दाग में हुआ। गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी जी ने श्रद्धेय अटल जी के आदर्शों और विचारधारा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अटल जी का नेतृत्व और राष्ट्रवाद की भावना हमेशा हमें प्रेरित करती है।कार्यक्रम में पूर्व सांसद श्री रामटहल चौधरी जी ने अपने जीवन काल में अटल जी से जुड़ी घटनाओं के साथ अटल जी के जीवन दर्शन, उनके विकासात्मक दृष्टिकोण और झारखंड राज्य की स्थापना में उनकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने अटल जी की काव्यात्मक सोच, सशक्त नेतृत्व और देशभक्ति भावना का स्मरण करते हुए उनके सिद्धांतों को आत्मसात करने का आह्वान किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार,सुरेंद्र महतो, रंधीर चौधरी, प्रभुदयाल बड़ाईक, अमरनाथ चौधरी,सुधाकर चौबे, शैलेंद्र मिश्रा, दिलीप मेहता, शशि मेहता,महानंद महतो, जिस सदस्या अनुराधा मुंडा, रामसाय मुंडा, चतुर साहू, राजधाम साहू, नीलमोह पाहन, सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बेड़ो थाना में होली को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेड़ो : थाना परिसर में सोमवार को होली को लेकर शांति समिति की बैठक अंचलाधिकारी प्रताप मिंज की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रंगोत्सव मनाने के लिए विचार विमर्श किया गया। मौके पर सीओ प्रताप मिंज ने कहा कि होली का त्यौहार आपसी भाई चारे और उमंग के साथ मनाएं। किसी प्रकार के हुड़दंग से बच्चे और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस प्रशासन को जरूर दें। वहीं डीएसपी अशोक कुमार राम ने कहा कि होली के दौरान शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस सजग है। किसी भी प्रकार की परेशानी पर पुलिस से संपर्क करें होली में शांति व्यवस्था बनाए रखें। उन्होंने कहा वाहन चालक कागजात साथ में रखें और दुपहिया वाहन हेलमेट का उपयोग जरूर करें। जांच में पकड़े जाने पर उचित करवाई की जाएगी। वहीं थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने कहा कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार क्षेत्र में शांति कायम रखने के लिए प्रशासन की ओर से चाक चौबंद व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने ने कहा कि पुलिस आसामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उन पर सख्त कार्रवाई करेगी।

सीएम की एयर एम्बुलेंस सेवा असहाय मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही

झारखण्ड में अबतक 94 लोगों को मिल चुका है लाभ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का लोगों के जीवन सुरक्षा का सकारात्मक प्रयास रंग ला रहा है। आपात स्थिति में गंभीर बीमारियों से जूझ रहे असहाय मरीजों को बेहतरीन चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराने में एयर एम्बुलेंस सेवा वरदान साबित हो रही है। मुख्यमंत्री के इस प्रयास से अबतक 94 मरीजों को झारखण्ड से ससमय एयरलिफ्ट करा कर दूसरे राज्यों के प्रमुख अस्पतालों में शिफ्ट कराया गया। सिर्फ रांची से 78, जबकि अन्य जिलों से 11 मरीज ऐसे हैं, जिन्होंने एयर एम्बुलेंस सेवा का लाभ लिया है।

आम और खास लोगों ने लिया सेवा का लाभ

एयर एम्बुलेंस के जरिये त्वरित और सहजभाव से मरीजों को दूसरे राज्यों में इलाज का लाभ मिल रहा है। तभी तो बीते समय में आम लोगों के साथ-साथ गण्यमान्य लोगों को भी एयर एम्बुलेंस की सेवा प्रदान की गयी है। इसके अतिरिक्त विधानसभा चुनाव कार्य के दौरान गम्भीर रूप से घायल झारखण्ड पुलिस बल के कई जवानों को भी ससमय उच्चतर चिकित्सीय सेवा के लिए एयर एम्बुलेंस से एयरलिफ्ट करा कर उच्चस्तरीय मेडिकल सेंटर में शिफ्ट कराया जा चुका है। हर वर्ग को एयरलिफ्ट का लाभ, मोबाइल से करें बुक राज्य के आम और खास हर वर्ग के मरीजों के परिजन नगर विमान विभाग द्वारा संचालित +918210594073 मोबाइल नम्बर पर फोन कर एयर एंबुलेंस की सेवा सम्बन्धी जानकारियां 24 घंटे किसी भी समय ले सकते हैं। जानकारी के अनुसार, झारखण्ड के बाहर अन्य गंतव्य स्थानों पर मरीजों को ले जाने पर सम्बन्धित व्यक्ति को आवश्यकता पड़ने पर 55,000 प्रति उड़ान घंटे के दर पर एयर एम्बुलेंस की सुविधा दी जाती है।

फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट सी-90 की सुविधा उपलब्ध

तत्काल नागर विमान प्रभाग द्वारा एयर एम्बुलेंस सेवा के लिए फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट सी-90 की सुविधा उपलब्ध है। इसके माध्यम से एक मरीज तथा दो परिजनों को एक साथ एयर एम्बुलेंस से अन्य राज्य में चिकित्सा हेतु ले जाया जा सकता है।

यह है निर्धारित रूट और दर

रांची-दिल्ली	3.3 लाख
रांची-मुंबई	4.4 लाख
रांची-चेन्नई	3.85 लाख
रांची-कोलकाता	1.10 लाख
रांची-हैदराबाद	3.02 लाख
रांची-वाराणसी	1.37 लाख
रांची-लखनऊ	2.20 लाख
रांची-तिरुपति	3.85 लाख

एक झलक

संत जेवियर्स कॉलेज में झारखण्ड के महानायकों पर व्याख्यान आयोजित

रांची : सोमवार को संत जेवियर्स कॉलेज रांची के इतिहास विभाग द्वारा 'झारखण्ड के महानायक' विषयक एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन सोमवार को किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय (जेएनयू) के प्रोफेसर डॉ. जोसेफ बाड़ा ने बिरसा मुण्डा के आंदोलनों के स्वरुप पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शिक्षकों व छात्रों ने कई शोध पत्र प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के दौरान वाद-विवाद प्रतियोगिता, लेखन प्रतियोगिता एवं चित्रांकन प्रतियोगिता भी आयोजित किये गये। कार्यक्रम में कॉलेज के डॉ. फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर एसजे, डॉ. फादर एन. लकड़ा एसजे, डॉ. शिव कुमार, डॉ. संदीप चंद्रा, डॉ. सौम्या सिन्हा, डॉ. अंजू टोप्पो, प्रो. नाजमी अजमत, स्नेहा कच्छप, निशा सिंह, पायल सिंह एवं छात्र उपस्थित रहे विषय प्रवेश विभागाध्यक्ष डॉ संजय ने कराया तथा फादर डॉ. फादर एफ्रेम बा एसजे ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

श्री श्याम संघ का फाल्गुन महोत्सव सम्पन्न

रांची : श्री श्याम संघ,रांची द्वारा आज प्रात: 8 बजे स्थानीय श्री राधा वल्लभ मंदिर जी,अपर बाजार से भव्य निशान शोभा यात्रा निकाली गई । मुख्य यजमान संजीव विजयवर्गीय एवं उनके परिवार वालों ने गणेश पूजन की शुरूआत कर निशान पूजन किया। इसके बाद भजनों के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ा कर निशान यात्रा प्रारंभ किया गया। निशान यात्रा जे जे रोड़, शहीद चौक,कुंजलाल स्ट्रीट, मारवाड़ी टोला, ईस्ट मार्केट रोड़, कार्ट सराय रोड़ होते हुए श्याम मंदिर,अग्रसेन पथ पहुंची, जहाँ श्याम भक्तों ने बाबा श्याम को पावन निशान अर्पित किया। पूरे रास्ते में हजारीबाग से आए ताशा पार्टी के साज बाज पर भक्तगण थिरक रहे थे । सभी श्याम भक्त पारंपरिक पोशाक में रंग बिरंगी निशान लहराते दिखे।
बाबा के मुख्य रथ पर अध्यक्ष कमलेश संचेती हरेंद्र अग्रवाल,अनिल लोहिया और पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय बैठे थे।

वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार व उनकी सुरक्षा के लिए NUSRL में जागरूकता कार्यक्रम

रांची : नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ रांची ने वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, उनके लिए चलने वाली योजना और कानूनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक दिवसीय जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस आयोजन को राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान (सामाजिक न्याय और सशक्तीकरण मंत्रालय, भारत सरकार) ने प्रायोजित किया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के समक्ष आने वाली समस्याओं को पहचानना और सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली योजनाओं और कानूनी सहायता के बारे में जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की शुरूआत एनयूएसआरएल के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) अशोक आर. पटिल, डॉ जीसु केतन पटनायक (सहायक रजिस्ट्रार) और अरबिंद साहू (सहायक प्रोफेसर) और वरिष्ठ नागरिकों ने मिलकर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो डॉ अशोक आर पाटिल ने इस कार्यक्रम के महत्व की चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे विश्वविद्लाय इस तरह के आयोजन से समाज में अपनी भूमिका निभा रहा है। कुलपति ने विश्वविद्लाय के निशुल्क कानूनी शिक्षा के लिए चलाए जा रहे सेंटर का जिक्र किया और यहां मौजूद वरिष्ठ नागरिकों से अनुरोध किया कि आप यहां से जो भी सीख कर जाएं उसे अपने गांव में आसपास के लोगों से साझा करें।

झारखंड के सबसे बड़े श्री राधा-कृष्ण मंदिर में हुआ भव्य होली मिलन महोत्सव

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : पुंदाग स्थित मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में झारखंड के सबसे बड़े श्री राधा-कृष्ण मंदिर में वृंदावन की तर्ज पर होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। संत शिरोमणि स्वामी सदानंद जी महाराज के सानिध्य में आयोजित होली मिलन महोत्सव में भक्तजनों ने स्वामी जी के साथ अबीर-गुलाल एवं फूलों के साथ जम कर होली खेली तथा भजन गायको मनीष सोनी, सज्जन पाड़िया, निर्मल जालान द्वारा गाये सुमधुर होली के मनमोहक भजनों से पूरा माहौल कृष्णमय, भक्तिमय, होलीमय से सराबोर हो गया। बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाएं-पुरुष भक्तों ने आपस में अबीर गुलाल लगाकर खूब झूमे। ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल ने कहा कि होली न केवल रंगों और उल्लास का प्रतीक है बल्कि श्रद्धा, भक्ति और एकता का अद्वितीय उदाहरण भी प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि परमहंस स्वामी सदानंद महाराज जी ने इस महोत्सव मे आकर अलौकिक शोभा बढ़ाई, स्वामी सदानंद महाराज के शिष्यों द्वारा गुरु जी को चंदन- वंदन कर होली महोत्सव कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। होली मिलन कार्यक्रम में संत श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि हिंदुओं का महापर्व होली का पर्व अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व है।

90 डेज जागरूकता कार्यक्रम के तहत चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम

वृद्धा पेंशन व विधवा पेंशन लाभुकों को दिलाने में सहायक है डालसा : पीएलवी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में 90 डेज जागरूकता कार्यक्रम के तहत सोमवार को रातू प्रखंड के बानापीड़ी पंचायत भवन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीएलवी सुनीता देवी, अफरोज अंसारी, नेहा तिर्की, प्रीतम सक्सेना, पुनम देवी, समेत अन्य लोग उपस्थित थे। पीएलवी सुनिता देवी ने लोगों को बाल श्रम, बाल अधिकार, बाल विवाह, डायन बिसाही, नशा उन्मूलन, पीड़ित मुआवजा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बाल श्रम और बाल विवाह कानुनन अपराध है। अफरोज अंसारी ने कहा कि लोगों को डायन कहकर इंगित करना भी अपराध की श्रेणी में आता हैं। उन्होंने नशा उन्मूलन पर कहा कि युवाओं को नशा से दूर रहना चाहिए। पीएलवी नेहा तिर्की ने वृद्धा पेंशन व विधवा पेंशन के लिए फार्म भरने के बारे में जानकारी दी। प्रीतम सक्सेना ने प्रधानमंत्री आवास योजना तथा जॉब कार्ड के बारे में फोकस किये। अफरोज अंसारी ने लोक अदालत एवं मईंया सम्मान योजना के बारे में फोकस किये। इसके अलावा सभी पीएलवी ने संयुक्त रूप से मध्यस्थता, लोक अदालत, राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी लोगों को दिये। व्यवहार न्यायालय, रांची में मध्यस्थता के माध्यम से वादों का निस्तारण किया जाता है। सभी पीएलवी ने झालसा का प्रोजेक्ट आत्मनिर्भरता, मानवता तथा शक्ति पर भी चर्चा किये। अंत में पीएलवी के द्वारा उपस्थित लोगों के बीच पम्पलेट एवं लिफलेट का वितरण भी किया गया।

संस्कार भारती रांची महानगर ने मनाया होली मिलन समारोह

रांची : सोमवार को फाल्गुन शुक्ल पक्ष रंगभरी एकादशी की पूर्व संध्या पर रविवार को संस्कार भारती रांची और भारती कला केंद्र रातू के संयुक्त तत्वाधान में होली मिलन समारोह का आयोजन बैकुंठ पांडे के आवास (इंदु ज्योति विला, आनंदमई नगर, पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास, काठी टांड़,रातू) पर संध्या 4:00 बजे से हुआ। जिसमें संस्कार भारती के प्रांतीय अध्यक्ष सुशील अंकनजी, उपाध्यक्ष राकेश रमणजी, महानगर इकाई की महामंत्री शशिकला पौराणिक, सदस्य कुमकुम गौड़ उपस्थित थी।

केन्द्रीय पिछड़ी जातीय सूची में चन्द्रवंशी दर्ज किया जाये : ऑल इंडिया चंद्रवंशी युवा एसोसिएशन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : ऑल इंडिया चंद्रवंशी युवा एसोसिएशन द्वारा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष को पत्र देकर बताया है कि केंद्रीय पिछड़ी जाति में चंद्रवंशी (रवानी) जाती अंकित नहीं होने के कारण विभिन्न राज्यों में चंद्रवंशी रवानी समाज मजबूरन कहार, खरवार , कमकर व अन्य जाति का प्रमाण पत्र बना रहे हैं , जिस पर अपनी बात अध्यक्ष महोदय के पास रखी गई केंद्रीय पिछड़ी जाति सूची में कहार जाति क्रमांक संख्या 35 पर दर्ज है , कहार एक पेसा है , जिसमें कंधे से कार्य करने वाले को कहार कहा जाता था ।कहार एक जाति नहीं बल्कि एक पेसा /व्यवसाय है जो आजादी के बाद भी केंद्र एवं राज्य सरकार के नियुक्तियों में कहार पद के रूप में अंकित है। जिसे बिना जांच/शोध किये पेसा को जाति का दर्जा देते हुए सूचीबद्ध कर दिया गया, जिसे सुधारने की जरूरत है। भारतवर्ष की जनगणना रिपोर्ट 1891 में कहार जाति के अंतर्गत बाथम, वोट, धीवर, धुरिया, धारुक, गोडिया, जैसवार, खरवार , महार, मल्लाह, रैकवार, रवानी, सिंघानिया, तुरैहा जाती दर्ज किया गया । कहार के अंतर्गत जिन उपजातियों को रखा गया है वास्तव में वह उपजाति नहीं बलिक स्वतंत्र जाती है, लेकिन अंग्रेजी सरकार द्वारा आकलन के आधार पर एवं एक सम्मान पैसा में सम्मिलित जाति को उपजाति बताकर कर कहार समूह के रूप में अंकित कर दिया गया जिसे बाद में जनगणना का आधार बनाते हुए कहार समूह को जाती घोषित कर दिया गया , जो एक जांच/शोध का विषय है ।

हर मुहिम को अंजाम तक पहुंचाता है रोटरी क्लब : अखिलेश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : रोटरी क्लब रांची के तत्वावधान में आर एन शाहदेव हॉल परिसर में व्याख्यानमाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रसिद्ध सुपर 30 के पूर्व छात्र आईआईटीयन व वर्तमान में सीसीएल की योजना लाल एवं लाडली के मुख्य फैकल्टी अखिलेश उपाध्याय ने कहा कि रोटरी विश्व का सबसे बड़ा संगठन है। यह बड़े बदलाव लाने में सक्षम हैं। रोटरी ने किसी भी मुहिम को उसके अंजाम तक पहुंचा कर ही दम लिया है। पोलियो उन्मूलन भी रोटरी की ही देन है। श्री उपाध्याय ने सीसीएल के लाल एवं लाडली योजना की चर्चा करते हुए कहा कि इससे गरीब विद्यार्थियों के आईआईटीयन बनने का सपना पूरा हो रहा है। प्रत्येक वर्ष 40 छात्र-छात्रा को गांधीनगर डीएवी के प्रांगण में आईआईटीयन फैकल्टी द्वारा दो वर्ष तक कोचिंग कराई जाती है। प्लस टू की भी पढ़ाई जारी रहती है। कोचिंग के बाद इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करते हुए इन बच्चों का नामांकन अच्छे इंजीनियरिंग कॉलेज में स्कॉलरशिप के साथ होता रहा है।

रांची विमेंस कॉलेज में लगी स्वास्थ्य सम्बन्धी कार्यशाला

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : सोमवार को संची वीमेंस कॉलेज में महिला दिवस के अवसर पर अर्शी एसोसिएसन फोर सोशल वेनकेगर के द्वारा स्वास्थ्य एवं संतुलित आहार के विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डाइटिशियन सरोज श्रीवास्तव को बेस्ट डायटिशियन के अवार्ड से सम्मिलित किया गया। उन्होंने बताया कि जीवन सेली में सुधार लाने के लिए आहार के प्रति अच्छी आदत बनाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों एव महिलाओं को सुबह का नाश्ता घर से करके निकलना चाहिए एवं टिफिन घर से लेकर आना चाहिए अगर ये संभावना हो तो कुछ ड्राई फ्रूट्स सीड्स अपने पास रखने चाहिए। इसके साथ ही अपनी जीवन शैली में समय पर जगना, समय पर सोना, अच्छी मात्रा में तरल पदार्थ और पानी को शामिल करना। खाने के बाद कुछ कदम चलना (कम से कम 500 कदम) कम से कम एक फल प्रत्येक दिन भोजन में शामिल करना चाहिए। उन्होंने सुबह की धूप ए की विशेषता बताते हुए कहा कि हमें विशेष तौर पर सुबह की धूप में रोजाना बैठना चाहिए अपनी सही दिनचर्या के लिए शारिरिक गतिविधियों को सम्मिलित अवश्य से करना चाहिए।इस शिविर में अर्शी एसोसिएशन के डायरेक्टर आशुतोष कुमार, सुप्रिया, जूही पांडे, अंकिता, रिचा एवं संतोष, रांची विमेंस कॉलेज के प्रोफेसर इंचार्ज डॉक्टर कुमारी स्वर्णिम डॉक्टर सीएनडी कोऑर्डिनेटर डॉक्टर मीनाक्षी अखोरी, डॉ प्रीति, डॉक्टर हर्षिता सिन्हा डॉ रत्ना एवं डॉ अर्पिता भी उपस्थित थे। सभी मुख्य अतिथियों को मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस शिविर में कुल 150 छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की गई।

झारखंड समाचार पत्र विक्रेता संघ की ओर से हुआ भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड समाचार पत्र विक्रेता संघ की ओर से यूनियन क्लब हॉल में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। झारखंड समाचार पत्र विक्रेता संघ के अध्यक्ष गंगा प्रसाद राय, उपाध्यक्ष अहमद अंसारी, सूचना मंत्री कृष्णा यादव, संगठन मंत्री निलेश कुमार, कोषाध्यक्ष गोरख नाथ सिंह, मुख्य सदस्य रिसव अग्रवाल, महासचिव अनिल कु. साहु आदि ने अखबार के प्रतिनिधि को सम्मानित करते हुए होली मिलन की शुरुआत की। सभी विक्रेता समाचार पत्र विक्रेता साथी एक-दूसरे को गुलाल रंग लगा कर तथा स्वादिष्ठ व्यंजनों के साथ होली मिलन समारोह का अनन्द लिया। अखबार के प्रतिनिधि के रूप में राजेश सहाय, विनय वर्मा, स्वभिक विश्वास, नामधारी प्रसाद, आलोक सिन्हा, शशिकांत शर्मा, अनिल कुमार, मनीष कुमार आदि उपस्थित थे।

कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स में इन्द्रधनुष 'कलर्स ऑफ लाइफ' चित्रकला प्रदर्शनी आयोजित

रंगों से सराबोर कैनवास ने बिखेरी होली की खुशबू

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स एवं कलाकृति आर्ट फाउंडेशन के द्वारा आज होली माह के अवसर पर 'इन्द्रधनुष-'कलर्स ऑफ लाइफ' नामक तीन दिवसीय चित्रकला शिविर एवं प्रदर्शनी आज डोरंडा केंद्र में संपन्न हो गया` इस अवसर पर कलाकृति के 50 कलाकारों के द्वारा जीवन के बिभिन्न रंगों को चटक रंगों को अपने अपने कैनवास पे कलात्मक तरीके से प्रस्तुत किया रंगों का त्योहार होली की रंग बिरंगे माहौल में इस तरह का पहला अवसर है जहाँ प्रतिभागियों को रंगों का बेधड़क इस्तेमाल कर खूबसूरत कलाकृतियों को उकेरा गया। इस अवसर पर कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स के निदेशक और चित्रकार धनंजय कुमार मार्गदर्शन में चल रहे इस कार्यशाला में बच्चों को चित्रकला की विभिन्न शैली में कार्य करने का हुनर सिखाया जा रहा है` इस अवसर पर श्री कुमार कहा की इस तरह के कार्यशालों से उभरते यूवा चित्रकारों को रंगों के साथ एक्सिप्रमेंट करने का अवसर मिलता है` कलाकारों को अपने कला को नया आयाम देने और का एक दुसरे चित्रकारों के कार्यों से सिखने को मिलता है` विभिन्न चटक रंगों के इस्तेमाल से आकृतियों को नया रूप देना अपने कला को नए रूप में प्रस्तुत करना आपने आप में एक अनूठा अनुभव मिलना है। इस कार्यशाला में बने कृतियों को इस प्रदर्शनी मे छात्रों ने ह्यूमन पोट्रेट की विबिन्न मुद्राओं, जानवरों, पक्षियों पर आधारित अपनी पेंटिंग में शेर, बाघ, हांथी गोरिल्ला, हिरन , जेबरा, हंस का चित्रण किया है।

अटल विरासत सम्मेलन का भव्य आयोजन

ओरमांझी : भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री और झारखंड राज्य के निर्माता श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी वर्ष (2024-25) के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज फ्ळउ कॉलेज दड़दाग, ओरमांझी में 'अटल विरासत सम्मेलन' का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी जी ने श्रद्धेय अटल जी के आदर्शों और विचारधारा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अटल जी का नेतृत्व और राष्ट्रवाद की भावना हमेशा हमें प्रेरित करती है। कार्यक्रम में पूर्व सांसद श्री रामटहल चौधरी जी, स्थानीय सांसद एवं विधायकगण, प्रदेश एवं जिला पदाधिकारीगण सहित अटल जी के सानिध्य में कार्य कर चुके वरिष्ठ कार्यकर्ता और ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

विश्व पटल पर हिन्दी भाषा मजबूती से खड़ी है : डॉ. विपिन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : सोमवार को वाईबीएन यूनिवर्सिटी के टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के द्वारा राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर हिंदी की दशा एवं दिशा विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसके मुख्य अतिथि वाई बी एन यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ रामजी यादव रहे जिसकी अध्यक्षता रांची विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो जंग बहादुर पाण्डेय ने किया। मुख्य वक्ता विश्व हिंदी परिषद दिल्ली के अध्यक्ष डॉ विपिन कुमार रहे। विशिष्ट अतिथि डॉ वासुदेव, डॉ अंजनी चौहान, डॉ दीपक ठाकुर रहे। संगोष्ठी का उद्घाटन मंच ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ किया एवं संचालन सत्र 2024 26 की प्रशिक्षु शिक्षिका रिधिमा द्विवेदी ने किया। मनीषा, अमित, फुलमनी, सपना,संता, डॉसी, प्रिशिला, एरिका, रौशनी ने अतिथियों का सामूहिक स्वागत गान प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध किया। संगोष्ठी के विद्वान अतिथियों को सत्र 2024 26 के प्रशिक्षु शिक्षक सुरभि, अमित आर्या, संदीप, दिव्या, अभिजीत, रिधिमा ने पुस्तक एवं सॉल से सम्मानित किया। विषय प्रवेश राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय झारखंड सरकार के शिक्षक डॉ ओम प्रकाश ने कराया एवं धन्यवाद ज्ञापन जुवेल ने किया। मुख्य अतिथि डॉ राम जी यादव ने कहा कि वाई बी एन विश्वविद्याल हिन्दी भाषा ही नहीं बल्कि भाषा विज्ञान एवं साहित्य विभाग की स्थापना करेगा जिससे सभी भाषाओं की समृद्ध पृष्ठभूमि विद्यार्थियों तक पहुंच पाएगी ।संगोष्ठी को पूर्व प्राचार्य डॉ वासुदेव प्रसाद, पटना यूनिवर्सिटी के हिंदी विभाग के गोल्ड मेडलिस्ट डॉ संजय ठाकुर, शिक्षिका डॉ मांडवी, डॉ प्रियंका, डॉ सलमा, डॉ सुभाष, डॉ कैलाश, डॉ अंजनी सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश की जनसंख्या 140 करोड़ है जिसमें 46 करोड़ लोग हिंदी लिखना एवं बोलना जानते है जो बतलाता है कि हिंदी भाषा अपनी एक मजबूत पहचान रखती है।

एसबीयू में क्वांटम साइंस और तकनीक पर हुआ सम्मेलन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : एसबीयू के फैकल्टी ऑफ एप्लाइड साइंसेज द्वारा आईक्यूएसी और आईआईसी के सहयोग से आज क्वांटम साइंस और तकनीक पर विवि सभागार में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें अपने उदगार व्यक्त करते हुए परड्यू विश्वविद्यालय, अमेरिका के डॉ. आलोक आर. चतुवेर्दी ने क्वांटम डिसीजन थ्योरी पर अपनी बातें रखी। उन्होंने क्लासिकल थ्योरी की तुलना में क्वांटम थ्योरी को सर्वव्यापी बताया। इस संदर्भ में उन्होंने शेयर मार्केट का भी उदाहरण दिया। उन्होंने वृहत परिप्रेक्ष्य में क्वांटम कम्प्यूटिंग के इस्तेमाल पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बीआईटी लालपुर सेंटर के डॉ. कुंतल मुखर्जी ने क्वांटम वर्ल्ड की खूबियों और कार्यप्रणाली पर अपना विचार रखा। उन्होंने क्वांटम मशीन लर्निंग, सुपरपोजिशन और क्वांटम इनफॉर्मेशन सॉफ्टवेयर कीट के विषय में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में बोलते हुए सरला बिरला विश्वविद्यालय के माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने क्वांटम मूवमेंट और दूसरे अणुओं से इसकी भिन्नता पर चर्चा की। उन्होंने आज के दौर में इसके इस्तेमाल पर जानकारी देते हुए भौतिक विज्ञान समेत अन्यान्य क्षेत्रों में इसके उपयोग पर भी अपनी बात कही। टेलीपैथी और एमआरआई का उदाहरण देते हुए उन्होंने इसके दूरगामी इस्तेमाल की बात की। विवि के कुलपति प्रो सी जगनाथन ने क्वांटम विज्ञान के विभिन्न आयामों के बारे में बताया। उन्होंने इसकी आवश्यकता पर अपना विचार प्रस्तुत किया। उपस्थित श्रोताओं के समक्ष सेमी कंडक्टर फिजिक्स की उत्पत्ति पर भी उन्होंने बात की। कार्यक्रम के समापन सत्र में डॉ. पिंटू दास ने सम्मेलन से संबंधित अपना रिपोर्ट प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। स्वागत भाषण डीन डॉ. पंकज गोस्वामी एवं धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. नित्या गर्ग ने दिया। इस अवसर पर एसबीयू के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के आयोजन पर विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान एवं माननीय राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की ।

अद्भुत छवि, मनमोहक शृंगार व दिव्य दर्शन देख भाव-विभोर हुए भक्त

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में रंग रंगीलो फागुन महोत्सव की धूम। फागण की बड़ी एकादशी के शुभ अवसर पर आज प्रातः 5:00 बजे से ही श्री श्याम मंदिर में भक्तों का रेला लगा रहा। भक्त बाबा के दिव्य दर्शन पाकर भाव विभोर हो रहे थे। हारे के सहारे की जय खाटूनरेश की जय जयकारों से पूरा हरमू रोड गूंज रहा था ।आज प्रातः सैकड़ो की संख्या में भक्त निशान लेकर श्याम मंदिर पहुंचे । फागुन माह में भक्तों में एक अलग उमंग उत्साह छा जाता है। बाबा की बड़ी एकादशी की अखंड ज्योति मंडल के उपमंत्री आदित्य लोहिया स्वीटी लोहिया कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया ने अपने परिवार के साथ प्रज्जवलित की। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर को बड़े ही भव्य रूप से सजाया गया है। आज बाबा की बड़ी एकादशी के अवसर पर बाबा श्याम के दो श्रृंगार किए गए। प्रातः एवं संध्या में किए गए ।प्रातः कालीन श्रृंगार में इंपोर्टेड फूलों का श्रृंगार एवं रात्रि कालीन श्रृंगार में मेवा श्रृंगार किया गया। प्रातः कालीन ज्योत सुबह 10:00 बजे प्रज्वलित की गई। अखंड ज्योति के साथ ही भक्तों ने अपने आराध्य के आगे हाजिरी लगाई। बाबा श्याम को मेवा सवामणि भोग 56 भोग पूर्ण सवामणि भोग महाभोग फल सवामणि भोग निरंतर बाबा को चढ़ाये गये।

एक झलक

ग्रामीणों ने पकड़ा लकड़ी से भरा 407 वाहन, वन विभाग ने शुरू की जांच

पदमा : पदमा प्रखंड स्थित पदमा पुल के पास सोमवार को ग्रामीणों ने लकड़ी से लदे एक 407 वाहन को पकड़ा। पूछताछ के दौरान लकड़ी के अवैध होने की आशंका जताई गई, जिसके बाद ग्रामीणों ने तुरंत बरही वन विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और वाहन को जब्त कर जांच प्रक्रिया शुरू कर दी। हैरानी की बात यह रही कि जब्त किए गए वाहन पर नंबर प्लेट नहीं थी, जिससे इसके अवैध गतिविधियों में शामिल होने की संभावना और बढ़ गयी। स्थानीय लोगों के अनुसार इस क्षेत्र से प्रतिदिन इसी तरह अवैध रूप से लकड़ी की तस्करी की जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मामले में सख्त कदम उठाने और तस्करी पर पूरी तरह अंकुश लगाने की मांग की है।

रक्तदान शिविर का आयोजन, 38 यूनिट हुआ रक्त संग्रह

कोडरमा : जिले के करमा स्थित निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज परिसर में सोमवार को रेड क्रॉस सोसाइटी कोडरमा की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अजीत बरनवाल ने फीता काटकर किया। शिविर में कुल 38 यूनिट रक्त संग्रह किया गया जिसे सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में रखा जाएगा। कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष अजीत बरनवाल ने कहा कि रक्तदान जीवनदान है, हर व्यक्ति को अपने जीवन में रक्तदान जरुर करना चाहिए। मौके पर डॉक्टर ब्यूटी कुमारी के अलावा जेएसबीसीसीएल के कार्यपालक अभियंता अमित कुमार, वेस्कॉन इंजीनियर्स लिमिटेड के पीयूष कुमार, प्रिय रंजन नायक, जयेश पटेल, गौतम कुमार, विजय पांडे, तपन, अजमल, गोविंद, सचिन कुमार, अभिषेक कुमार, किन्नू, सुनील कुमार, काजल समेत अन्य लोग मौजूद थे। इस दौरान वहां कार्यरत कर्मियों के स्वास्थ्य की भी जांच की गई और निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को टेटनेस का सूई दिया गया।

सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में उत्साह पूर्वक मनायें होली व अन्य त्योहार: एसडीओ

खूंटी : होली, सरहुल और रमजान को लेकर सोमवार को खूंटी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी ने की। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी ने लोगों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली सहित अन्य पर्वों को उत्साह पूर्वक मनाने की अपील की। इससे पूर्व बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों ने होली के दौरान होने वाले आयोजनों की जानकारी देते हुए त्यौहार के दौरान पानी, बिजली की निर्बाध आपूर्ति के साथ ही समुचित साफ सफाई और होलिका दहन के लिए समुचित मात्रा में लकड़ी की व्यवस्था करने की मांग की। सदस्यों के इस मांग पर अनुमंडल पदाधिकारी ने समुचित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए लोगों से अपील की कि त्यौहार मनाते समय किसी की धार्मिक भावना आहत ना हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये।

सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत

दुमका : जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत हो गई। पहली सड़क दुर्घटना में मामा-भांजा की मौत हो गई है। वहीं दूसरी ओर मौसेरे भाई की शादी से लौट रहे बाइक सवार को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। पहली घटना जिला के रामगढ़ थाना क्षेत्र के फुलजोरी गांव के पास घटी। जहां ऑटो रिक्शा और बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ। मृतकों की पहचान सचिन मोसाद और ढालू संतरा के रूप में हुई है। जबकि घायल अरविंद संतरा को इलाज के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीनों युवक रामगढ़ थाना क्षेत्र के ही कणहारा गांव के रहने वाले हैं। सुरजाहु पर्व का प्रसाद खाने अपने रिश्तेदार के घर हंसडीहा जा रहे थे। दोनों मृतक ढालू संतरा और सचिन मोसाद आपस में मामा भांजा हैं। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

हजारीबाग प्रेस क्लब का 'झकझोर होली मिलन समारोह' भव्य रूप से सम्पन्न

व्यंजनों के स्वाद व गुलाल के रंगों संग मनी होली

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : हजारीबाग प्रेस क्लब द्वारा आयोजित 'झकझोर होली मिलन समारोह' रंगों, उमंग और उत्साह के रंग में सराबोर होकर भव्य रूप से संपन्न हुआ। हजारीबाग प्रेस क्लब सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पत्रकारों ने हिस्सा लिया। समारोह का आगाज परंपरागत वाद्य यंत्रों जैसे ढोल, मंजीरा, शहनाई की मधुर धुन के साथ हुआ। इन पारंपरिक धुनों ने समारोह में उत्साह का रंग घोल दिया। उपस्थित लोगों ने रंग बरसे, बलम पिचकारी और होली के दिन दिल खिल जाते हैं जैसे लोकप्रिय गीतों पर थिरकते हुए खूब आनंद

लिया। होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। पारंपरिक होली गीतों पर आधारित शानदार प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। विशेष रूप से प्रस्तुत कविताएं, हास्य-व्यंग्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर झारखंडी व्यंजनों का विशेष प्रबंध किया गया था, जिसमें बर्रा, धुस्का, मालपुआ सहित अनेक पारंपरिक पकवानों ने लोगों का दिल जीत लिया। व्यंजनों की सुगंध और स्वाद ने आयोजन में उपस्थित हर व्यक्ति को आनंदित कर दिया।

समारोह में प्राकृतिक रंगों और गुलाल के साथ होली खेली गई, जहां सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर शुभकामनाएं दीं। पूरे आयोजन में हंसी-ठिठोली और आपसी सौहार्द का अद्भुत माहौल देखने को मिला। समारोह को सफल बनाने में होली मिलन कमेटी के अध्यक्ष भास्कर उपाध्याय के नेतृत्व में पूरी टीम ने विशेष योगदान दिया। भास्कर उपाध्याय ने कहा की यह आयोजन केवल रंगों का पर्व नहीं है, बल्कि यह दिलों को जोड़ने का एक अनूठा माध्यम भी है। हमारी पूरी टीम ने इस समारोह को यादगार बनाने के लिए कड़ी मेहनत की, ताकि हर व्यक्ति इस अवसर को जीवनभर याद रखे। हजारीबाग प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुरारी सिंह और सचिव विस्मय अलंकार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हजारीबाग प्रेस क्लब भविष्य में भी इसी प्रकार के आयोजन करता रहेगा, ताकि समाज में प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का वातावरण बना रहे। झकझोर होली मिलन समारोह न केवल रंगों का उत्सव रहा, बल्कि इसमें प्रेम, एकता और सौहार्द के रंग भी नजर आए, जिसने हजारीबाग की इस होली को यादगार बना दिया।

विधायक ने युवाओं के रोजगार के मुद्दे पर उठायी जोरदार आवाज

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : भाजपा से सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड सरकार पर बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ छलावा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार की निष्क्रियता और लचर नीतियों के कारण राज्य के लाखों युवा रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे हैं। श्री प्रसाद ने बताया कि झारखंड में अब तक 7,88,522 युवाओं ने रोजगार के लिए पंजीकरण कराया है, लेकिन इनमें से केवल 3,51,953 युवाओं का ही नियोजनालय के जीवित डाटा में नाम दर्ज किया गया है। इसका अर्थ है की आधे से अधिक पंजीकृत युवा अब भी रोजगार के लिए इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि वर्ष 2022-2025 के बीच राज्य सरकार द्वारा आयोजित रोजगार मेलों और भर्ती कैंपों के माध्यम से केवल 37,219 उम्मीदवारों को ही रोजगार दिया गया है। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि सरकार की रोजगार नीति पूरी तरह विफल साबित हुई है। श्री प्रसाद ने कहा कि कई विभागों में वर्षों से रिक्त पद खाली पड़े हैं, लेकिन सरकार इन पदों को भरने के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रही है। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि शेष पंजीकृत युवाओं के भविष्य का क्या होगा? क्या सरकार के पास इसका कोई जवाब है? भाजपा विधायक ने सरकार से मांग की है कि वह युवाओं के साथ किए जा रहे इस अन्याय को तुरंत समाप्त करे और रोजगार के लिए ठोस नीति बनाकर योग्य युवाओं को जल्द से जल्द नौकरी दे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भाजपा युवाओं के हक की लड़ाई को मजबूती से लड़ती रहेगी और उनके अधिकार दिलाकर ही दम लेगी।

एनटीपीसी पदाधिकारी ने कुमार गौरव को दी श्रद्धांजलि

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : हजारीबाग के कटकमदाग थाना क्षेत्र के फतहा चौक पर हुए एनटीपीसी के पदाधिकारी कुमार गौरव के हत्या के बाद दहशत का माहौल है. एनटीपीसी के पदाधिकारी ने अपने सहकर्मी कुमार गौरव को सोमवार को श्रद्धांजलि अर्पित की है और उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया है। इस दौरान पदाधिकारी ने कहा कि हजारीबाग में काम करने लायक स्थिति नहीं है। कानून व्यवस्था ध्वस्त हो रहा है। उन्होंने झारखंड सरकार से मांग की है इस पूरे घटना का सीबीआई जांच हो ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। कुमार गौरव के हत्या के 48 घंटा बीत जाने के बाद भी पुलिस के पास कुछ ठोस सबूत हाथ में नहीं लगे हैं। तो दूसरी ओर एनटीपीसी के पदाधिकारी में घटना के बाद दहशत का माहौल है। पदाधिकारी कार्यक्षेत्र में नहीं जा रहे हैं, जिसके कारण कोयला डिस्पैच भी 48 घंटे से बंद पड़ा है। डिस्पैच बंद होने के कारण कोयला परिचालन में भारी समस्या भी झेलना पड़ रहा है। जुलु पार्क स्थित एनटीपीसी के दफ्तर में पदाधिकारी ने कुमार गौरव की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया है। साथ ही उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया है। पदाधिकारी ने कहा कि घटना के बाद आज तक कोई भी पदाधिकारी कार्य क्षेत्र में नहीं है। क्योंकि उनके मन में भय का वातावरण है। पदाधिकारियों ने बताया कि घर के लोग भी काम करने के लिए कार्य क्षेत्र नहीं भेज रहे हैं। बच्चों में खासकर काफी अधिक भय का वातावरण है। यही कारण है कि सभी पदाधिकारी अपने घर या फिर जुलू पार्क स्थित कार्यालय में है. उन्होंने राज्य सरकार से मांग किया है कि इस पूरे घटना का सीबीआई जांच हो. साथ ही यह आरोप लगाया है कि उन्हें पुलिस पर भरोसा नहीं है। उन्होंने यह भी कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से कि पूरे मामले पर संज्ञान लेने और सीबीआई जांच करने का मांग किया है। एनटीपीसी के पदाधिकारी ने कहा अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ गया है की दिनदहाड़े घटना को अंजाम दे रहे हैं और फरार हो जा रहे हैं। फतहा चौक के पास से सुबह शाम एनटीपीसी के पदाधिकारी की गाड़ी गुजरती है। लेकिन वहां आज तक सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम नहीं किया गया। एनटीपीसी के पदाधिकारी ने यह मांग किया है कि कुमार गौरव की पत्नी को एनटीपीसी में ही नौकरी दिया जाये। साथ ही साथ 50 करोड़ रूपया राशि होनी चाहिए. सभी कर्मियों का सुरक्षा का इंतजाम सुनिश्चित होना चाहिए। इस घटना के बाद हजारीबाग पुलिस भी जेल में बंद अपराधी और गैंगस्टरों से पूछताछ की है. साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि जिस गाड़ी से कुमार गौरव हजारीबाग से अपने दफ्तर जा रहे थे वह गाड़ी का उपयोग पिछले दिनों कौन कर रहा थे। कहीं कोई दूसरा पदाधिकारी तो निशाने पर नहीं था।

भाव की शुद्धि से ही परमात्मा प्रसन्न होते हैं : शिवांगी गोस्वामी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

चौपारण : बिगहा स्थित श्री हनुमंत सेवा संस्थान द्वारा आयोजित छठे वार्षिकोत्सव सह यज्ञ समारोह में भक्तों की भीड़ उमड रहीहै। आयोजन में प्रवक्ता के रुप में अयोध्या धाम से युवा कथाकार शिवांगी गोस्वामी का आगमन हुआ। वहीं मंदिर परिसर के समीप ही मेले का भी आयोजन हुआ। रविवार रात मेले का उद्घाटन थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने किया। पूजन कार्य आचार्य बालमुकुंद पांडेय की देखरेख में आयोजित हुआ। इधर प्रवचन मंच पर आयोजकों ने विहिप के प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, मंत्री मुनेश्वर गुप्ता, जिला मंत्री गुरुदेव गुप्ता, रामचंद्र सिंह, आशीष सिंह, लखन सिंह समेत कई को सम्मानित किया। सभी ने संयुक्त रूप से दीप

प्रज्ज्वलित कर प्रवचन मंच का उदघाटन किया। वहीं समिति की ओर से प्रवचन कर्ता का भव्य स्वागत किया गया। अपने भक्ति मय प्रवचन में गीत संगीत का साथ लेकर युवा कथाकार ने हनुमान भगवान के साथ भक्त और भक्ति, गुरु की महता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रभु की भक्ति साफ और निर्मल भाव से ही प्राप्त होता है। भाव की शुद्धि से ही परमात्मा प्रसन्न होते हैं। ईश्वर की प्राप्ति गुरु की कृपा से ही होती है। गुरु कैसे हों इसका भी मापदंड है। गुरु के ज्ञान और साधना से ही आध्यात्मिक उन्नति होती है। जीवन में हनुमान की राम भक्ति का अनुसरण करना चाहिए। हनुमान तब तक प्रसन्न नहीं होते जब तक प्रभु राम की आराधना नहीं हो। वास्तव में राम ही जीवन है, राम ही दर्शन है, राम ही सर्वस्व है। उन्होंने राम आयेंगे, आयेंगे गीत की भक्ति मय प्रस्तुति कर सभी का मन मोह लिया। मौके पर हनुमंत सेवा संस्थान के आनंद चंद्रवंशी, कुमार राहुल, बिजय साहु, कामदेव प्रजापति, मुनेश्वर गुप्ता, मनीष सिन्हा, प्रकाश साव, मनीष कुमार, प्रेम चंद्रवंशी, नीरज कुमार, काजु गुप्ता सहित दर्जनों भक्त दिन रात सेवा दे रहे हैं। इसके पहले मेले के विधिवत उदघाटन में थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश मौजूद रहे। उन्होंने मेला परिसर में घुमकर निरीक्षण किया। साथ ही प्रबुद्ध जनों के साथ झुले का भी आनंद लिया। मेला परिसर के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की भी तैनाती की गई है। बिगहा का माहौल काफी भक्ति मय हो गया है।

लम्बित मामलों को लेकर विस्तारपूर्वक की चर्चा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत खरकी पंचायत के पंचायत भवन में सोमवार को पंचायत के कार्यकारिणी की बैठक आहूत की गई। कार्यकारिणी की बैठक खरकी पंचायत की मुखिया मुनिया देवी एवं पंसस विनोद सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक मुख्य रूप से आगामी 25-26 वित्तीय वर्ष में योजनाओं के चयन को लेकर बैठक की गई। जिसमें पंचायत के वार्ड सदस्यगण भी उपस्थित रहे। बैठक में 24-25 वित्तीय वर्ष की योजनाओं की समीक्षा की गई, इसके साथ ही लंबित मामलों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इसके साथ ही 25-26 वित्तीय वर्ष को लेकर योजनाओं के चयन के संबंध में गंभीरतापूर्वक विचार-विमर्श किया गया। सभी योजनाएं जरूरतमंद लाभुकों तक पहुंच सके इसपर विशेष तौर पर ध्यान देते हुए चर्चा की गई। खरकी पंचायत में कुल 13 वार्ड हैं, सभी 13 वार्डों में योजनाओं के अंतर्गत कार्य सुनिश्चित करने को लेकर भी चर्चा की गयी एवं लंबित योजनाओं को विशेष तौर पर प्राथमिकता देने की बात कही गई। मौके पर मुख्य रूप से खरकी पंचायत के वार्ड सदस्य निरंजन महतो, प्रयाग महतो, जीबलाल हंसदा, सुनीता देवी, दमोदरी देवी, बसंती देवी, रजनी हंसदा, मंजू देवी इत्यादि उपस्थित रहे।

सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ ने दी श्रद्धांजलि

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम मे जिला कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सावित्रीबाई फुले की 128वीं पुण्यतिथि उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ज्ञानी प्रसाद मेहता ने की। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र यादव व विशिष्ट अतिथि दिगंबर मेहता थे। साथ ही संचालन जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान तथा धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ कांग्रेसी मिथिलेश दुबे ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि इनका जन्म 03 जनवरी 1831 को हुआ था। इनका बाल विवाह 1841 को महान समाज सुधारक ज्योतिराव फुले से हुआ था। सावित्रीबाई फुले भारत के प्रथम बालिका विद्यालय की पहली प्रधानाध्यापिक और किसान स्कूल की संस्थापक थी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक दिगम्बर प्रसाद मेहता ने कहा कि सावित्रीबाई फुले द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए दिखाए गए मार्ग का अनुसरण सभी को अपने सच्चे मन, आत्मा और भावना से करनी चाहिए। उन्होंने महिलाओं के लिए समानता की लड़ाई लड़ी। सामाजिक सुधारों की उनकी सोच शिक्षा और महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण से जुड़ी हुई है। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी राजू चौरसिया महिला कांग्रेस अध्यक्ष बेबी देवी, सेवादल अध्यक्ष गुड्डु सिंह अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान, रिंकू कुमार, सुनिल अग्रवाल सलीम रजा, दिलीप कुमार रवि, ऐके सुल्तान, परवेज अहमद, विजय कुमार सिंह, सदरूल होदा, अनिल भुईयां, मनोज मेहता, सतीश प्रसाद मोहता, नागेश्वर मेहता, दिनेश मेहता, राजेश कुमार मेहता, सैयद अशरफ अली, नरेश प्रसाद मेहता, बंसत प्रसाद मेहता, मो. रब्बनी के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

यातायात नियमों का पालन कर वाहन चलायें: सुनील कुमार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : हजारीबाग जिले में चल रहे पंचायत स्तरीय सड़क सुरक्षा अभियान 2025 के तहत आज चौपारण प्रखंड के झापा पंचायत में सड़क सुरक्षा हिट एंड रन के सदस्य सुनील कुमार ने चल रहे पंचायत भवन सड़क सुरक्षा अभियान का औचक निरीक्षण किया साथ ही ग्रामीणों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाते हुए लोगों से आग्रह किया कि सड़क सुरक्षा मानकों का ध्यान में रखते हुए वाहन चलाएं आप एक जिम्मेदार व्यक्ति हैं परिवार को आपकी जरूरत है आप अपनी सुरक्षा स्वयं करें। चल रहे सड़क सुरक्षा अभियान के तहत आज झापा पंचायत का पहला दिन में 54 लोगों ने ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने हेतु अपने इच्छानुसार पंजीकरण करवाये। झापा पंचायत में कल दिनांक 11 मार्च 2025 शिविर का अंतिम दिन होगा फिर सभी पंचायतों में तिथि वार शिविर चालू रहेगा। मौके पर चौपारण थाना से एस.आई रामू महतो, जि.ग्रा.वि.स.रांची के अध्यक्ष धनेश्वर राणा, कोषाध्यक्ष रंजय कुमार भारती ने भी सड़क सुरक्षा के ऊपर प्रकाश डालते हुए बताये की अगर मोटरसाइकिल चलाते हैं तो बिना हेल्मेट का ना चलायें। उक्त अभियान में सड़क सुरक्षा से जुड़े कर्मी एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

सेना भर्ती रैली के लिए किये जायेंगे सभी आवश्यक प्रबंध

रांची : रांची में सेना भर्ती रैली के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे। इस संबंध में आज दिनांक 10.03.2025 को जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री ने सेना एवं पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ की बैठक की। समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, सदर उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक (नगर) राजकुमार मेहता, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, उप समाहर्ता नजारत श्री सुदेश कुमार, जिला खेल पदाधिकारी श्री शिवेंद्र कुमार एवं कर्नल विकास भोला उपस्थित थे। बैठक में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री ने खेलगांव में सेना भर्ती रैली के लिए फिजिकल टेस्ट, मेडिकल परीक्षण और दस्तावेजों की जांच के लिए जिला प्रशासन की ओर से भी सभी आवश्यक प्रबंध किए जाने के संबंध में पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने भर्ती रैली स्थल पर पेयजल, शौचालय, बिजली, जलपान, चिकित्सा सुविधा, परिवहन सुविधा, पार्किंग, टेंट और अन्य आवश्यक प्रबंध के लिए संबंधित पदाधिकारी को ससमय पूरी तैयारी सुनिश्चित करने को कहा। रैली स्थल पर पात्र उम्मीदवारों की मैदान में एंट्री सुबह 3-4 बजे शुरू हो जाएगी। जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि सभी विभाग इसके अनुसार तैयारी करें। बैठक में रैली से संबंधित अन्य मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की गई, जिस पर अन्य अधिकारियों ने भी विभिन्न प्रबंधों पर महत्वपूर्ण सुझाव रखे।

संदिग्ध लोगों पर रहेगी कड़ी नजर

जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि भर्ती रैली के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा अपनी शारीरिक क्षमता एवं प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाइयों के प्रयोग और रैली स्थल के आस-पास संदिग्ध लोगों पर भी कड़ी नजर रखी जायेगी। उन्होंने बताया कि शारीरिक क्षमता एवं प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाइयों के दुरुपयोग की जांच के लिए अभ्यर्थियों का डोप टेस्ट होगा। इसलिए, सभी अभ्यर्थी इन दवाइयों के प्रयोग से बचें।

बिना मूल्य अमूल्य जीवन में मुफ्त डिलिवरी व इलाज होगा: डॉ. प्रवीण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : हजारीबाग मिशन रोड रविन्द्र पथ अवस्थित श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में दिन सोमवार को जननी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना मां एवं बच्चे की मुफ्त स्वास्थ्य देखभाल एवं मुफ्त डिलिवरी हेतु अनूठी पहल पर प्रेसवार्ता का आयोजित की गई। बिना मूल्य अमूल्य जीवन योजना के तहत सामान्य डिलीवरी मुफ्त, सीजेरियन ऑपरेशन मुफ्त, बेड चार्ज, दवाई, नर्सिंग चार्ज एवं पैथोलॉजी बिल्कुल मुफ्त होगा। इसके साथ गर्भावस्था में हर महीने मुफ्त चिकित्सा परामर्श बिलकुल मुफ्त प्रदान किया जायेगा। इस

योजना से लाभ लेने के लिए पूर्व एक हजार का पंजीकरण करना होगा। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष सह मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि नारी शक्ति का सम्मान एवं देखभाल प्रदान करना हम सभी का कर्तव्य है। मिशन होस्पिटल परिवार जन सरोकार से जुडकर जननी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत बिना मूल्य अमूल्य जीवन योजना की शुरूआत की गई है। जिसमें निशुल्क मां एवं बच्चे की उत्तम स्वास्थ्य देखभाल प्रदान किया जाएगा। मात्र 01 हजार के न्युनतम रेजिस्ट्रेशन पर मुफ्त डिलिवरी एवं स्वास्थ्य देखभाल प्रदान होगा। इसके साथ ही सुकन्या योजना के तहत लडकियों को 18 वर्ष तक एवं बालक योजना के तहत लडका का 05 वर्ष तक मुफ्त इलाज किया जाएगा। उन्होंने प्रेसवार्ता को संबोधित कर कहा कि उत्तम स्वास्थ्य की देखभाल एवं सेवा प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। मौके पर संत कोलम्बस छोटानागपुर ट्राइबल ट्रस्ट के सचिव डॉ अमित सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि हजारीबाग की जनता को यह स्कीम मिशन होस्पिटल द्वारा समर्पित है। बिना मूल्य अमूल्य जीवन योजना के तहत माँ एवं बच्चे को निशुल्क उत्तम स्वास्थ्य देखभाल एवं सामान्य डिलीवरी मुफ्त व सीजेरियन ऑपरेशन मुफ्त होगा। इस योजना से हर परिवार लाभान्वित होंगे। मौके पर प्रेसवार्ता में श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष सह मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास, संत कोलम्बस छोटानागपुर ट्राइबल ट्रस्ट के सचिव डॉ अमित सोरेन, डॉ रंजीत एवं असिस्टेंट एडमिनिस्ट्रेटर पूजा उपाध्याय सहित मिशन होस्पिटल के डॉक्टर्स, ऑफिस कर्मी एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

खुशहाली से होली मनायें, पशुओं तथा गो माता का रखें ख्याल : चंद्र प्रकाश जैन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने होली महापर्व के अवसर पर आम जनमानस से एक विशेष अपील करते हुए कहा कि यह त्योहार हमारे समाज में प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। इस दिन लोग आपसी भेदभाव भूलकर रंग-गुलाल के माध्यम से खुशियां बांटते हैं। हालांकि, त्योहार की उमंग में हमें अपनी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारियों को भी नहीं भूलना चाहिए। श्री जैन ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि होली खेलते समय पशुओं, विशेषकर गौ माता, स्ट्रीट डॉग्स और अन्य

बेजुबान जानवरों को रंग-गुलाल से बचाने का प्रयास करें। रंगों में मौजूद रसायन पशुओं के लिए बेहद हानिकारक होते हैं, जिससे उनकी त्वचा में जलन, एलर्जी, आंखों में संक्रमण और सांस संबंधी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। कई बार रंग चाटने या शरीर पर लगने के कारण ये जानवर बीमार पड़ जाते हैं, जिससे उनकी जान को भी खतरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि होली के दौरान पशुओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए हमें उनकी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति अनजाने में किसी पशु पर रंग डालते हुए दिखे तो उसे प्रेमपूर्वक ऐसा न करने की समझाइश दी जानी चाहिए। चंद्र प्रकाश जैन ने अंत में सभी नागरिकों से अपील की वे इस होली को सुरक्षित, पर्यावरण के अनुकूल और प्रेमपूर्वक मनायें। पर्व की खुशियों को बनाए रखते हुए हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी भी व्यक्ति या पशु को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

काली मंदिर पूजा समिति ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत रामुआ पेठियाटाड़ स्थित काली मंदिर पूजा समिति द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई दी गई। लोगो ने होली के गीतों पर जमकर ठुमके लगाए। उपस्थित लोगो ने लजीज व्यंजन का लुत्फ भी उठाया गया। इस मौके पर उपस्थित पूजा समिति के अध्यक्ष विपिन कुमार सिन्हा ने लोगो से शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने की अपील की। आगे कहा कि होली त्योहार भाईचारा का प्रतीक है इसे हम सभी मिलजुल कर मनाए और खुशियों को बांटे। इस मौके पर रोहितानंद मिश्र,चन्द्रशेखर सिन्हा, राजेंद्र पांडेय, सुनील मिश्र, अनिल कुमार मिश्र, आनंद मिश्र, सतीश वैद्य, बंटी मिश्र, अनंत वैद्य, ओमप्रकाश वैद्य,गौतम भारती, लालधन महतो, सोबरन भगत, नवीन मिश्रा, लखन प्रसाद,राजू रवानी, रोहित सोनी,शंकर वर्मन,अनूप कसेरा, पवन राय, वरुण शर्मा,पीयूष सिन्हा, मनोज शीतल, अनिल सोनी, मुकेश विश्वकर्मा, रामजतन सोनी, ज्ञानी कुमार, महेंद्र कुमार, भीम पासवान, गौरव कुमार सिन्हा, गणेश पासवान, किशोर पासवान, कृष्णा सोनी, कुंदन शर्मा, सोनू कुमार, प्रमोद पांडेय, संजीत मिश्र समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

एक झलक

बेटे व बहू ने मारपीट कर अपनी मां को किया घायल, इलाजरत

धनबाद : सदर थाना क्षेत्र के धैया में एक शर्मसार करने का मामला प्रकाश में आया है। जहां बेटे व बहु ने सोमवार को मारपीट कर अपनी मां को लहूलुहान कर दिया। जिसके बाद गम्भीर स्थिति में घायल मरीज को इलाज के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां घायल मरीज की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि धैया के कुम्हार टोला निवासी शकुंतला देवी ने पुत्र आदेश मंडल व पुत्र वधु सरिता मंडल पर मारपीट कर लहूलुहान करने का आरोप लगाया है। घायल महिला के बेटे ने मीडिया को बताया कि पिछले दो-तीन सालों से उनके बेटे और उनकी बहू उन्हें जान से मारने का प्रयास कर रही है। जिसको लेकर थाने में मामले की लिखित शिकायत भी दर्ज कर दी गई है। इसी क्रम में सोमवार की सुबह भी मारपीट की घटना घटी है। पीड़ित परिवार मामले की लिखित शिकायत धनबाद थाना में कर दिया है।

नरेश सिंह की सड़क दुर्घटना में हुई मौत

बाघमारा/कतरास (धनबाद): कतरास थाना क्षेत्र के एन एच 32 बोकारो राजगंज मुख्य मार्ग भटमुरना मोड के समीप ट्रेलर के चपेट में आ जाने से टुण्डू निवासी नरेश प्रसाद सिंह उम्र 75 सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई है। बताया जाता है कि मृतक नरेंद्र सिंह धनबाद सांसद ढुल्लू महतो तथा बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो के नजदीकी माने जाते थे। वह धनबाद सांसद ढुल्लू महतो के कार्यालय चिटाही से किसी काम के लिये मोटरसाइकिल से आपने एक सहयोगी के साथ धनबाद जा रहा थे, इसी दौरान टेलर गाड़ी सख्या जे एच 02 बी क्यू 5076 जो राजगंज की ओर जा रही थी उसी के चपेट में आ जाने से घटनास्थल पर भी ही मौत हो गई। पुलिस ने गाड़ी को जब्त कर लिया है। कुछ देर के लिए एन एच 32 सड़क का आवागमन बंद हो गया था। धनबाद सांसद और बाघमारा विधायक के आश्वासन के बाद शव को कतरास पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है पूरे टुंडू में मातम छा गया है।

सीआईएसएफ ने करीब 12 टन अवैध कोयला जब्त कर लोदना प्रबंधन को सौंपा

अलकडीहा (धनबाद): लोदना क्षेत्र के बागड़ीगी कोल डंप के समीप रविवार की रात्रि सीआईएसएफ के कियू आर टी टीम ने छापा मारी कर लगभग 12 टन अवैध कोयला जप्त कर लोदना प्रबंधन को सौंपा, जो बागड़ीगी कोल डंप में गिराया गया। बताया जाता है कि कई दिनों से डिपो से कोयला चोरी कर बोरियो में इकट्ठा किया गया था एवं रविवार की रात्रि में ट्रक द्वारा उसे भेजने की तैयारी में कोयला चोर लगे थे तब तक सीआईएसएफ की कियूआरटी टिम को सूचना मिली। उसी वक्त छापा मारी कर कोयला जब्त कर लिया। मौके से कोयला चोर भाग निकले। लोदना क्षेत्र में कोयला चोरी का मामला अनेकों बार पकड़ाया किंतु इस पर लगाम नहीं लग पा रहा है। सीआईएसएफ की छापामारी से कोयला चोरों में हड़कंप मचा हुआ है।

श्री श्री महावीर मंदिर निर्माण के लिए ढलाई कार्य शुरू

कतरास (धनबाद): भव्य महावीर मंदिर निर्माण हेतु ढलाई का शुभारंभ सोमवार को हुआ। कतरास थाना के थाना प्रभारी आशीत कुमार सिंह सहित बच्चे, महिला एवं बुजुर्ग मंदिर निर्माण कार्य में भाग लिये। श्रद्धालुओं के द्वारा श्रमदान एवं नगद दान, भवन सामग्री देकर सहयोग किया गया। इस पावन मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र गोस्वामी, सचिव प्रभाकर साहू, चंदू, कोषाध्यक्ष अजय गुप्ता, मनोज विश्वकर्मा, पंकज गुप्ता, सुरेंद्र चौधरी, सुधीर सिंह, गणेश पासवान, आनंद विश्वकर्मा, राजकुमार गुप्ता, प्रीतम गोस्वामी, वीरेंद्र गोस्वामी, प्रवीण गुप्ता, राजु विश्वकर्मा, विशाल गुप्ता के अलावे सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

मिलजुल कर मनायें होली, पवित्रता से मनायें रमजान : उपायुक्त

- डीजे बजाने पर पूर्ण पाबंदी
- लाउडस्पीकर पर अश्लील गाना बजाने पर की जायेगी कड़ी कार्रवाई

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में होली एवं रमजान त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए सोमवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक न्यू टाउन हॉल में आयोजित की गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि होली मिल जुलकर मनाने का त्योहार है। वहीं रमजान का महिना पवित्र माह है। सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं। त्योहारों के दौरान जिले में शांति व्यवस्था बनी रहे इसलिए संवेदनशील स्थानों में स्टेटिक फोर्स तैनात रहेगी। इसके अलावा विभिन्न इलाकों में मोबाइल पेट्रोलिंग जारी रहेगी। उपायुक्त ने कहा कि होली के अवसर पर डीजे बजाने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। वहीं लाउडस्पीकर पर अश्लील गाना बजाने वालों पर प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त ने कहा कि बैठक के दौरान पानी, बिजली, साफ सफाई, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य जो भी समस्याएं सामने आई है उसका समाधान करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है। पानी की समस्या होने पर टोल फ्री नंबर 1800-8904-160 पर फोन कर सूचना दे। सूचना देने वाले को अपना होल्डिंग नंबर एवं वॉटर कनेक्शन नंबर दर्ज कराना होगा। बैठक में सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि त्योहारों के दौरान विधि व्यवस्था बिगाड़ने वाले हुड़दंगियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। किसी भी तरह की समस्या आने पर तुरंत प्रशासन और थाना को सूचित करें। स्वयं फैसला नहीं लें। युवकों पर नजर रखें। समाज का अहित चाहने वालों की सूचना पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों को प्रशासन ने चिन्हित कर लिया है। ऐसे तत्वों को हिरासत में लिया जाएगा। सिटी एसपी ने लहरीया कट और खतरनाक तरीके से बाइक चलाने वालों की सूचना पुलिस को देने का आग्रह किया। सिटी एसपी ने कहा कि त्योहारों के दौरान पुलिस का सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल एक्टिव रहेगा। सोशल मीडिया पर किसी तरह की अफवाह फैलाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अफवाहों का समर्थन नहीं करने की अपील की। बैठक में राम गोपाल भुवानिया, महादेव हांसदा, रवींद्रनाथ धीवर, अजय नारायण लाल, अतह नवाज खान, शिवांशु श्रीवास्तव, एजाज अहमद, मोहम्मद सोहराब, सावित्री पांडेय, बैजनाथ यादव, मो एजाज अली, अशोक महतो, मो असाफक हुसैन, अजीत कुमार मिश्रा, अमनदीप सिंह सहित जिले के विभिन्न शांति समिति के सदस्यों ने अपने सुझाव रखे। शांति समिति की बैठक समाप्त होने के बाद प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ अलग से बैठक कर विभिन्न पहलुओं पर दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, सिटी एसपी अजीत कुमार, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, डीएसपी शंकर कामती, नौशाद आलम, एसडीपीओ निरसा रजत माणिक बाखला के अलावा विभिन्न अंचल के अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी व शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

सुदामडीह थाना में शांति समिति की हुई बैठक

पाथरडीह (धनबाद) : होली और रमजान त्यौहार मनाने को लेकर सुदामडीह थाना परिसर मे रविवार की शाम शांति समिति की एक बैठक सह होली मिलन सामरोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह तथा संचालन मौसम महंती ने किया। बैठक में त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई फैसले लिये गये। हुड़दंगियों द्वारा नशे में लहरिया कट वाहन चलाने वाले पर शख्त करवाई की जाएगी, त्योहार के दिन पुलिस पेट्रोलिंग टीम क्षेत्र में सक्रिय रहेगा ताकि किसी तरह की वारदात न हो। त्योहार के दौरान सोशल मीडिया पर फेक न्यूज न चलाये किसी भी तरह से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले पर सख्त करवाई की जायेगी। बैठक के दौरान थाना प्रभारी ने सभी को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनायें दी। शांति समिति के सदस्यो ने भी एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा एक दूसरे को बाधाई दी। थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह ने बताया की विधि व्यवस्था में प्रशासन का सहयोग करें, होली भाईचारा के त्योहार है दुश्मनी भुला कर एक दूसरे को गुलाल लगा कर मधुर सम्बन्ध बनाये। मौके पर पुलिस पदाधिकारी के अलावे, शांति समिति के अभिषेक पाण्डे, विशाल श्रीवास्तव, उमेश प्रसाद यादव, गौरव मिश्रा, अजय दास, शिवांश श्रीवास्तव, केशर सिंह, रामनाथ सिंह, मौषम महंथी, बी के साव, भोजू रवानी, प्रेम तिवारी आदि उपस्थित थे।

एके राय स्मृति ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

पाथरडीह (धनबाद) : नुनुडीह स्थित कॉ एके राय स्मृति भवन में सोमवार को एके राय स्मृति समिति के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें माले नेता समर्थक सहित सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं एवं अग्रिम बधाई दी। माले नेता सबुर गोराई ने कहा कि होली के त्यौहार खुशी का त्यौहार है। हमें हमेशा कोशिश रहती है कि हम कॉ एके राय के बताए रास्ते पर चले। राय दा की सोच के अनुसार पर्व में गरीबो घर भी धूमधाम से पर्व मने और उन्हें वस्त्र उपलब्ध हो जिसे लेकर प्रत्येक वर्ष जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल व साड़ी धोती आदि वितरण किया जाता है। होली के अवसर पर इस वर्ष भी किया जाएगा। मौके पर सबूर गोराई, पूर्व पार्षद बिरेन गोराई, आरएन घोष, तुलसी नोनिया, मोहन ठाकुर, नेपाल कर्मकार, मोहन रवानी, मनोज राम, काली मंडल, बमबम, किशोर गोराई, रेखा देवी, चंदा देवी, रानी देवी, सविता देवी आदि थे।

होली मिलन समारोह का आयोजन

जोड़ापोखर (धनबाद) : झारखण्ड मुक्ति मौर्चा के बैनर तले जेलगोड़ा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्यकताओं ने अबीर गुलाल लगकर होली खेली और एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अशेष सिन्हा, योगेंद्र हाड़ी, मो इम्तियाज ने सभी को लड्डू खिलाये। होली के गीत पर सभी झूम उठे। इस मौके पर महादेव हांसदा, किशोर मुर्मू, प्रमोद महतो, दिलीप साव, मधु सिंह, पार्वती देवी, सपन बनजी, काली चरण महतो आदि थे।

चिरकुंडा ब्रांच का होली मिलन समारोह आयोजित

धनबाद/निरसा : चिरकुंडा ब्रांच द्वारा भव्य पारिवारिक सह होली मिलन समारोह आज धुमधाम से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मंच के अध्यक्ष लखी शर्मा ने किया। उन्होंने अपने वक्तव में कहा कि बहुत जल्द धनबाद लोहार विकास मंच द्वारा महाअधिवेशन होने जा रहा जिसमें समाज के लोगों की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि समाज एकजुट रहे यह बहुत जरूरी है। समाज में शिक्षा और रोजगार की कमी है, हम सबको मिलकर इसे दूर करना है। उन्होंने आगे कहा कि मंच के बैनर तले कन्या विवाह का भी आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में आए गोपाल शर्मा और कुंदन विश्वकर्मा ने कहा कि समाज एकजुट हो रहा है यह बहुत बड़ी बात है। आसनसोल से आये डॉ प्रदीप कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि होली मिलन समारोह में आये समाज के लोगों का मैं धन्यवाद करता हूं जिन्होंने इस कार्यक्रम के लिए समय निकाला। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अजय शर्मा, राजेश शर्मा, मुकेश विश्वकर्मा, मनोज शर्मा, संजय शर्मा, ववेक विश्वकर्मा, दयामय कर्मकार, वजय वश्वकर्मा, सुरेंद्र वश्वकर्मा आदि ने अपना योगदान दिया।

केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट की आम सभा सम्पन्न, ललित अग्रवाल अग्रवाल बने अध्यक्ष

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : धनबाद के केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की आम सभा पोद्दार रेसीडेंसी बैंक मोड़ धनबाद में संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। सभी अतिथियों को शॉल एवं पौधा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि झारखंड केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के महासचिव सुभाष मंडल पर्यवेक्षक के रूप में पंकज छाबड़ा, आशीष चटर्जी, संजय कसेरा जमशेदपुर, धनबाद जिला चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष चेतन गोयनका, महासचिव अजय नारायणलाल, बैंक मोड़ चैंबर के अध्यक्ष प्रमोद गोयल, सचिव लोकेश अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित थे। सचिव धीरज दास द्वारा सचिव प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिस पर उपस्थित सदस्यों ने सचिव प्रतिवेदन का स्वागत किया। कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल द्वारा आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। जिस पर आम सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि से पास किया। कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात चुनाव पदाधिकारी सुनील पोद्दार के द्वारा चुनावी प्रक्रिया एवं सह चुनाव पदाधिकारी राजेश सिंह एवं हितेश जे ठक्कर द्वारा चुनावी प्रक्रिया की जानकारी आम सभा के सदस्यों के बीच प्रस्तुत की गई। जिसमें मुख्य चुनाव अधिकारी सुनील पोद्दार ने बताया कि सिर्फ 6 सदस्यों द्वारा नॉमिनेशन पेपर लिया गया और किसी भी पद के लिए किसी भी सदस्य ने नॉमिनेशन पेपर नहीं लिया। इसलिए सत्र 2025 से 2028 तक के लिए अध्यक्ष ललित अग्रवाल, सचिव धीरज दास, उपाध्यक्ष देवेन तिवारी, कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल,संगठन सचिव नीलेंद्र सिंह नीलू, संयुक्त सचिव संजय श्रीवास्तव को नियुक्त किया गया। जिसपर सभा में शामिल सदस्यों ने नई कमिटी को शुभकामनाएं दी। महिला दिवस के अवसर पर महिला सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से धनबाद जिला चेंबर कॉमर्स के अध्यक्ष चेतन प्रकाश गोयनका, महासचिव अजय नारायण लाल बैंक मोड़, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, महासचिव लोकेश अग्रवाल उपस्थित थे।सभी अतिथियों ने निर्वाचित कमेटी को बहुत-बहुत बधाई दी। झारखंड केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्णा प्रधान, वरीय उपाध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव, महासचिव सुभाष मंडल ने नई निर्वाचित कमेटी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी। होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। जिसपर उपस्थित सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर लगाकर बधाई दी। इस अवसर पर संगठन के देवेन तिवारी, मनोज अग्रवाल, अनंत कृष्णा, चंद्रशेखर गुप्ता, नीलू सिंह, प्रकाश गोयल, अनुराग अग्रवाल, सुकांतो दत्ता, अभिषेक अग्रवाल, सतीश सिंह, मनोज अग्रवाल, रमेश डोकानिया, प्रमोद अग्रवाल, विकास सरकार, संतोष जालान, तरुण अग्रवाल, तपन अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, अजय सिंहा, राकेश कुमार, दीपक कुमार, अजय तुलस्यान और धनबाद जिले के विभिन्न क्षेत्रों से सदस्य उपस्थित थे।

उपायुक्त ने किया बाईपास रोड गुमला का औचक निरीक्षण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बाईपास रोड का औचक निरीक्षण किया और सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्य में तेजी लाने और निर्धारित समय-सीमा के भीतर इसे पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जहां-जहां सड़क की स्थिति खराब है, वहां शीघ्र सुधार कार्य सुनिश्चित किया जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। यह बाईपास सड़क कुल 12.842 किलोमीटर लंबी है, जो एनएच 78 (न्यू एनएच 43) सिलम से शुरू होकर ऊर्मि में एनएच 23 (गुमला-पालकोट रोड) को पार करते हुए एनएच 43 (रांची-गुमला 4 लेन पथ) के एरोड्रम के पास जाकर मिलती है। इस सड़क के निर्माण से यातायात सुगम होगा और क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि सड़क लंबे समय तक टिकाऊ बनी रहे।

पहला कदम में पेरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन

धनबाद : नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम में सोमवार को पैरेंट्स-टीचर मीटिंग आयोजित की गई। जिसका एजेंडा दिव्यांग बच्चों कि फाइनल एग्जाम के रिजल्ट घोषित करना था। ऐसे समय में अभिभावकों और शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। फाइनल परीक्षा का परिणाम बच्चों के लिए महत्वपूर्ण होता है। सफलता से आत्म विश्वास बढ़ता है और असफलता से सीख मिलती है। बच्चों को यह महसूस कराये की ये परिणाम उनके साल भर कि गई मेहनत का परिणाम है जो की बच्चों में सकारात्मक प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है। मीटिंग में शिक्षको ने अभिभावकों को उनके बच्चों का प्रोग्रेस रिपोर्ट दिया और बच्चों कि शिक्षण प्रशिक्षण को और कैसे बेहतर किया जाए इस पर चर्चा की गई। सचिव अनिता अग्रवाल ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सर्वांगीण विकास की कामना की।

प्रमंडलीय आयुक्त ने किया गोविंदपुर व धनबाद अंचल कार्यालय का निरीक्षण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग पवन कुमार ने सोमवार को गोविंदपुर एवं धनबाद अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दोनों अंचल कार्यालय में सेवा पुस्तिका, कैश बुक, म्यूटेशन के मामले, विभिन्न पंजी का संधारण सहित अन्य का निरीक्षण किया। दोनों अंचल कार्यालयों का निरीक्षण करने के बाद आयुक्त ने बताया कि सोमवार को सर्वर डाउन होने के कारण कई बिंदुओं का निरीक्षण नहीं कर सके। साथ ही कहा कि उन्होंने अंचल अधिकारियों को नियत समय पर कार्यालय में उपस्थित रहने, दाखिल खारिज सहित अन्य

मामलों का समय पर निष्पादन करने, त्रुटि रहित काम करने का निर्देश दिया है। लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे बीचौलियों से दूर रहें। व्यक्तिगत रूप से अंचल कार्यालय जायें और अंचल अधिकारी से मिल कर अपना काम कराएं। आयुक्त ने कहा कि बीचौलियों को रोकने के लिए लोगों को जागरूक होना होगा और सहयोग करना होगा। गोविंदपुर और धनबाद अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान आयुक्त के साथ अपर समाहर्ता विनोद कुमार मौजूद थे। जबकि गोविंदपुर अंचल कार्यालय में सीओ गोविंदपुर धर्मेन्द्र कुमार दुबे तथा धनबाद अंचल कार्यालय में सीओ धनबाद शशिकांत सिंकर मौजूद थे।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम के सौजन्य से सिन्दरी में ई-केमिस्ट व ई- डायग्नोस्टिक सेंटर की सेवा उपलब्ध

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

सिन्दरी (धनबाद) : सिन्दरी और इसके आसपास कार्यरत कंपनियों में काम कर रहे कर्मचारियों और ठेकाकर्मियों को निशुल्क चिकित्सक, दवा और डायग्नोस्टिक की सुविधा उपलब्ध होगी। सिंदरी स्थित गायत्री मेडिकल में इएसआईसी की ई-केमिस्ट और कांडरा के ब्लू वर्ड डायग्नोस्टिक सेंटर में कर्मचारी राज्य वीमा निगम के धनबाद शाखा प्रबंधक कालाचंद गुप्ता ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होने बताया कि विभिन्न कंपनियों में कार्यरत कर्मियों को निशुल्क चिकित्सा उपलब्ध होगी। वीमा निगम में निर्बंधित कर्मियों के परिजनों को भी चिकित्सा दवा और डायग्नोस्टिक की सुविधा मिलेगी। अति गंभीर स्थिति में हायर सेंटर में चिकित्सा की सुविधा प्राप्त होगी। इस अवसर पर एचयूआरएल के वाइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक ने बताया कि एचयूआरएल, एसीसी, बीआईटी, सेल में कार्यरत कर्मचारियों को यह सुविधा मिलेगी। मौके पर डॉ जयेश प्रसाद, एचआर आशुतोष टंडन, मंशुल जैन मौजूद थे।

सेल जीतपुर कोलयरी के जनता मजदूर संघ में विकास कुमार सिंह बने सचिव

जोड़ापोखर (धनबाद) : जनता मजदूर संघ(बच्चा गुट) के महामंत्री अभिषेक सिंह ने दो अलग अलग कोलयरियो में शाखा संगठित मजदूर का पुनर्गठन किया। क्षेत्रीय सचिव मृणालकान्त सिंह की अध्यक्षता में लोदना क्षेत्रीय कार्यालय में बैठक हुई, जिसमें संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी समिति सदस्यों का चयन किया गया। अध्यक्ष संजय तिवारी, कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, सचिव प्रमोद कुमार गोराई, उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, पूनम देवी, संगीता देवी सह सचिव सुनील झा, अमित बाउरी, संयुक्त सचिव बृजेश यादव, संगठन सचिव धर्मेंद्र कुमार, विनीता झा, कोषाध्यक्ष में प्रकाश मिश्रा, सह कोषाध्यक्ष वसीम, नजर आलम सहित अठारह कार्यकारिणी सदस्य का चयन किया गया।

मां वैष्णवी दरबार के वार्षिकोत्सव पर झरिया में निकाली भव्य शोभायात्रा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झरिया (धनबाद) : मां शेरा वालिये तेरा शेर आ गया .. चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है ..राम जी की निकली सवारी .. जैसे भजनों पर नाचते-गाते भक्तों ने शुक्रवार को झरिया बाटा मोड़ स्थित मां वैष्णो दरबार से सोमवार को भव्य निसान शोभा यात्रा निकाली। मंदिर के वार्षिकोत्सव के मौके पर निकली शोभा यात्रा में हजारों लोग शामिल हुए। वार्षिकोत्सव समारोह के प्रथम दिन मां वैष्णो की मंगला आरती की गई। इसके बाद निसान शोभा यात्रा निकली। हाथों में निसान लिए महिलाएं व पुरुष भक्त शामिल हुए। भगवान शंकर व मां दुर्गा की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। वाहनों पर गणेश जी, मां वैष्णो दरबार, राधा-कृष्ण, राम व शिव दरबार आदि की झांकियां निकाली गई। आगे-आगे दो सजे अश्व चल रहे थे। जगह-जगह भक्तों का शर्बत, पानी से स्वागत किया गया। झरिया बाटा मोड़, मेन रोड, चार नंबर मोड़, चिल्ड्रेन पार्क मोड़, लक्ष्मीनिया मोड़ आदि क्षेत्रों से होते हुए नगर भ्रमण कर निसान शोभा यात्रा पुनः वैष्णो दरबार पहुंची। विधि-व्यवस्था के लिए झरिया पुलिस शोभा यात्रा के साथ चल रही थी। मंदिर में पुजारी विजय बाबा ने पूजा के बाद निसान स्थापित किया। लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। शोभा यात्रा में विहिप के लोग भी शामिल हुए।

गायत्री यज्ञ के लिए बस्तकोला गायत्री शक्तिपीठ में हुआ भूमि पूजन

झरिया (धनबाद) : 24 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महा यज्ञ हेतु सोमवार को भूमि पूजन गायत्री शक्ति पिठ, बस्ताकोला में संपन्न हुआ। यज्ञ 17 मार्च से शुरू होकर 20 मार्च को संपन्न होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभूति शरण सिंह (मुख्य ट्रस्टी), ए के गौतम, कुमार भृगु, नरेश भट्ट, विमल चन्द्र दास, प्रो. विनीत राय और हरिश्चंद्र मिश्रा अरविंद कुमार सिंह, उमा शर्मा, ममता सिंह, दुलारी पाठक, नमिता देवी, जयश्री विश्वकर्मा, महिला समिति (देवालय प्रबंधन), विनोद कुमार इत्यादि का सहयोग प्राय हो रहा है। उपयुक्त जानकारी जिला गायत्री परिवार के मिडीया प्रभारी भूपेंद्र शर्मा ने दी।

जल, जंगल व जमीन बचाने को जीएम कार्यालय पर नागरिक मंच ने किया प्रदर्शन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

अलकडीहा (धनबाद) : बीसीसीएल के लोदना क्षेत्र में आउटसोर्सिंग परियोजना के विस्तारीकरण के चलते प्रभावित हो रही जल जंगल जमीन की रक्षा व बढ़ते प्रदूषण के खिलाफ नागरिक एकता मंच के तत्वाधान में सोमवार को लोगो ने लोदना जीएम कार्यालय पर विक्षोभ प्रदर्शन किया। नागरिकों ने लोदना अंबेडकर चौक से 15 सूत्री मांगपत्र को ले एक विशाल जुलूस निकाला जो लोदना क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष पहुंचकर प्रबंधन विरोधी नारे लगाते हुए प्रदर्शन कर एक दिवसीय धरना में तब्दील हो गया। जिसका अध्यक्षता आनन्द महतो एवं संचालन बिहारीलाल चौहान ने किया। इस दौरान मंच में शामिल भिन्न भिन दलों के नेताओं ने कहा कि लोदना क्षेत्र में संचालित आउटसोर्सिंग परियोजना के संचालक परियोजना में खनन करने की आड़ में दबंगई कर रहा है। लोगों को जबरन विस्थापन कराने को परियोजना की मलबा को रैयतों की जमीन पर तथा मुहल्ले के समीप डंपिंग कर लोगो को आतंकित किया जा रहा है। यहां तक कि मोहल्लों को जोड़नेवाली सड़कों को काटकर लोगों को परेशान किया जा रहा है। परियोजना से बड़े पैमाने पर उड़ रही धूलकण से लोग सांस की बीमारी से परेशान है। नागरिकों द्वारा विरोध करने पर आउटसोर्सिंग के गुंडों द्वारा लोगो के साथ मारपीट की जाती है। वक्ताओं ने

सुरंगा के रैयतों के साथ घटित घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि प्रशासन अविलंब आउटसोर्सिंग प्रबंधन के आतंक पर अंकुश लगाये, नहीं तो क्षेत्र में लोग अपनी अस्तित्व बचाने को जोरदार संघर्ष करेगी जिससे औद्योगिक बिगड़ सकती है। सभा को सुरेश गुप्ता, शिवबालक पासवान, बिहारीलाल चौहान, सतेंद्र चौहान, मुनिलाल राम, नागेश्वर पासवान, आनंद महतो, रुपेश पासवान, नौशाद अंसारी, अखिलेश सिंह, सोहन महतो आदि ने संबोधित किया।

विस्थापन के विरोध में सीटू का धरना कार्यक्रम आज

पाथरडीह/सिन्दरी (धनबाद) : ठेका मजदूर यूनियन (सीटू) सिंदरी की एक महत्वपूर्ण बैठक यूनियन के नेता प्रमोद कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में रंगामाटी सिंदरी में संपन्न हुई। बैठक में यह फैसला लिया गया आगामी 11 मार्च को सीटू धनबाद जिला कमेटी के आह्वान पर जल जंगल जमीन और अपने घरों की रक्षा के लिए विस्थापन और प्रदूषण के खिलाफ होने वाले विशाल एकदिवसीय धरना में सिंदरी ठेका मजदूरी यूनियन से जुड़े मजदूर भी भाग लेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए ठेका मजदूर यूनियन सिंदरी के महामंत्री गौतम प्रसाद ने कहा विस्थापन से सिंदरी भी अछूता नहीं है। एफसीआई के सिंदरी उजाड़ों नीति के खिलाफ सिंदरी में भी संघर्ष चल रहा है। सिंदरी के विस्थापन एवं रोजगार के सवाल को इस धरना के मंच पर उठाया जाएगा। विस्थापन एवं प्रदूषण की समस्या से पुरा झारखंड ग्रसित है। झारखंड सरकार को जल्द से जल्द विस्थापन आयोग का गठन कर विस्थापन की समस्या का समाधान के लिए कारगर विस्थापन एवं पुनर्वास नीति बनाना चाहिए। बैठक में देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले को उनके स्मरण दिवस पर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में ठेका मजदूर यूनियन के संयुक्त सचिव सूर्यकुमार सिंह, कार्यकारी सदस्य प्रमोद कुमार सिन्हा, रामलाल महतो, नरेंद्र नाथ दास, शिबू राय मुख्य रूप से उपस्थित थे।

सम्पादकीय.....

व्यापार समझौतों की चुनौतियां

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प के टैरिफ पर कठोर रुख को देखते हुए भारत के लिए व्यापार समझौतों की चुनौतियां बढ़ती दिख रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान हुई बातचीत और अमेरिकी संसद में भारत का नाम दोबारा लेने से स्थिति स्पष्ट होती जा रही है। टैरिफ के सवाल पर ट्रम्प जिस तरह का अड़ियल रुख दिखा रहे हैं, उसे देखते हुए अब यह उम्मीद करने का कोई अर्थ नहीं रह जाता कि वह अंततः अपनी राह बदलेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की पिछली अमेरिका यात्रा के दौरान ट्रम्प ने उनके सामने टैरिफ पर जैसे को तैसा की नीति अपनाने की बात कह कर सबको चौंका दिया था। अब अमेरिकी संसद में उन्होंने दोबारा भारत का नाम लेते हुए 02 अप्रैल से इस नीति पर अमल की घोषणा कर रही-सही कसर भी समाप्त कर दी है। यद्यपि, केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में एक टीम ने अमेरिका में ही व्यापार समझौते के लिए बातचीत की थी। अब इसका फलाफल क्या निकलता है, यह देखना होगा। जब तक तस्वीर स्पष्ट नहीं हो जाती, तब तक कोई निष्कर्ष निकालने की जल्दबाजी दिखाना उचित नहीं होगा। कुछ जानकारों का मानना है कि वर्तमान स्थिति में सम्भावित समझौते को अधिक महत्त्व देना तर्कसंगत नहीं होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प न केवल पिछली सरकारों के दौरान किये गये समझौतों और दी गयीं प्रतिबद्धताओं से पीछे हटते रहे हैं, बल्कि कनाडा और मेक्सिको पर ऊंचा टैरिफ लगा कर अपने पिछले कार्यकाल के दौरान 2019 में इन देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते का भी अनादर करते दिख रहे हैं। ऐसे में यह सवाल पूछा जा रहा है कि उनके साथ कोई समझौता हो भी जाता है, तो उसके टिके रहने की क्या गारंटी होगी। ऐसे में बातचीत और सुलह-समझौते की सम्भावना को खारिज भले न किया जाये, लेकिन टैरिफ बढ़ने के खतरे को वास्तविक मान कर इससे उपजीं चुनौतियों के लिए स्वयं को तैयार करना अधिक जरूरी है। यह कोई आसान राह नहीं साबित होनेवाली, लेकिन दो स्तरों पर एक साथ प्रयास करते हुए आगे बढ़ा जा सकता है। जहां भी सम्भव हो, अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क में कटौती कर बदले में अमेरिकी सरकार से रियायत ली जाये। इसके साथ ही ट्रम्प की पॉलिसी से प्रभावित हो रहे अन्य देशों के साथ समझौता करने पर ध्यान केन्द्रित किया जाये। उदाहरण के तौर पर कनाडा है। वह अमेरिकी बाजार में मुश्किलें झेल रहा है और अभी हमारे काम आ सकता है। पुराने मतभेदों को फिलहाल एक तरफ करके आपदा की इस स्थिति में बन रहे अवसरों को तत्काल और बिना किसी संकोच अपने पक्ष में करने की जरूरत है। बहरहाल, डॉनल्ड ट्रम्प का टैरिफ पर कठोर रुख क्या रंग दिखलाता है और उसके जवाब में भारत क्या करता है...किस तरह के कदम उठाता है, यह देखना दिलचस्प होगा।

काशी की परम्परागत मणिकर्णिका महाश्मशान होली

विशेष | अशोक 'प्रवृद्ध'

प्रतिवर्ष फाल्गुन शुक्ल एकादशी रंगभरी एकादशी के अगले दिन फाल्गुन शुक्ल द्वादशी को महाश्मशान मणिकर्णिका पर चिता भस्म की होली के अवसर पर ऐसा परिदृश्य उत्पन्न होता है, मानो स्वयं भूतभावन महादेव वहां अपने गणों के साथ प्रकट हो गये हों। रंगभरी एकादशी के दिन भी हरिश्चंद्र घाट के श्मशान पर चिता की राख से होली खेल कर काशी में चिता-भस्म की होली की शुरुआत हो जाती है। इसी दिन से बनारस में रंग-गुलाल खेलने का सिलसिला प्रारम्भ हो जाता है, जो लगातार छह दिनों तक चलता है। इस वर्ष 2025 में 11 मार्च दिन मंगलवार को फाल्गुन शुक्ल द्वादशी होने के कारण इस दिन मणिकर्णिका घाट काशी में मशान होली खेली जायेगी। मान्यतानुसार बाबा विश्वनाथ के साथ होली खेलने और उत्सव मनाने के लिए भूत-प्रेत, पिशाच, चुड़ैल, डाकिनी-शाकिनी, औघड़, संन्यासी, अघोरी, कपालिक, शैव-शाक्त सब आते हैं।

भगवान शिव और मोक्ष की नगरी के रूप में प्रसिद्ध विश्व के प्राचीनतम शहरों में से एक काशी को मंदिरों का शहर भी कहा जाता है। शिव और काशी का संयोग सृष्टि के प्रारंभ से ही है। इसीलिए कहा जाता है- काशी के कंकर- कंकर में शंकर। यहां के गली से लेकर घर तक में शिवालय मिलते हैं, और प्रत्येक व्यक्तित्व में शिवत्व। शिव का औघड़पन यहां की मस्ती में सहज प्राप्य है। सम्पूर्ण भारत में विद्यमान बारहज्योतिर्लिंगों में से एक श्रीकाशी विश्वनाथमंदिर भी काशी में ही विद्यमान है। काशी विश्वनाथ में स्वयं भगवान शिव शक्ति की देवी माता भगवती के साथ विराजमान हैं। काशी में स्थित काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग के दो भाग हैं- दाहिने भाग में शक्ति के रूप में माता भगवती विराजमान हैं, तथा दूसरी तरफ स्वयं भगवान शिव वाम रूप (सुंदर रूप) में विराजमान है। इस कारण इसे काशी का अविमुक्त क्षेत्र भी कहा जाता है। माता भगवती के दाहिनी ओर विराजमान होने से मुक्ति का मार्ग केवल काशी में खुलता है। यहां मनुष्य को संपूर्ण मोक्ष की प्राप्ति होती है। गंगा के पावन तट पर स्थित त्रिशूलाधिपति का यह स्थल सम्पूर्ण विश्व मेंशिवभक्तों के लिए आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र है।यह मंदिर भगवान शिव और माता पार्वती का आदि स्थान है।इस पवित्र मंदिर के प्रमुख देवता श्रीविश्वनाथ हैं। विश्वनाथ का अर्थ है- विश्व के नाथ अर्थात ब्रह्मांड के भगवान। ऐसी मान्यता है कि एक बार इस मंदिर के दर्शन और पवित्र गंगा में स्नारन कर लेने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि प्रलयकाल में भी इसका लोप नहीं होता। प्रलयकाल में भगवान शंकर इसे अपने त्रिशूल पर धारण कर लेते हैं, और सृष्टि काल आने पर इसे नीचे उतार देते हैं।इसे आदि सृष्टि स्थली की भूमि भी कहा जाता है। इसी स्थान पर भगवान विष्णु ने सृष्टि उत्पन्न करने की कामना से तपस्या करके आशुतोष को प्रसन्न किया था और फिर उनके शयन करने पर उनके नाभिकमल से ब्रह्मा उत्पन्न हुए, जिन्होंने सम्पूर्ण संसार की रचना की। अगस्त्य मुनि, महर्षि वशिष्ठ और राजर्षि से ब्रह्मर्षि बने विश्वामित्र भी काशी विश्वेश्वर की आराधना -उपासना से मनोवांछित वर प्राप्त कर लोकप्रिय हो गए।
बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी के सभी तत्व, सभी पर्व, सब त्योहार शिव के रंग में रंगे हैं। यहां की होली भी अनूठी है। फाल्गुन में काशी का कण- कण फाग गाता है। श्मशान अर्थात मशान में होली खेलने दिगम्बर आते हैं। यहां शिव के साथ- साथ हर जीव संसार के इस महाश्मशान में होली ही खेल रहा है। यह खेल तबतक जारी रहेगा, जब तक उस मणिकर्णिका की ज्योति में समाहित नहीं हो जाता। संसार श्मशान ही तो है।मृत्यु से सर्वाधिक भयभीत रहने वाले मनुष्य के प्रत्येक भय का अंतिम कारण अपनी अथवा अपनों की मृत्यु ही होती है। श्मशान में होली खेलने का अर्थ है-मृत्यु की उस भय से मुक्ति पा लेना। शिव किसी शरीर मात्र का नाम नहीं है।शिव वैराग्य की उस चरम अवस्था का नाम है, जब व्यक्ति मृत्यु की पीड़ा,भय अथवा अवसाद से मुक्त हो जाता है। शिव होने का अर्थ है, वैराग्य की उस ऊंचाई पर पहुंच जाना, जब किसी की मृत्यु कष्ट न दे, बल्कि मृत्यु को भी जीवन का एक आवश्यक हिस्सा मान कर उसे पर्व की तरह खुशी-खुशी मनाया जाय। शिव के शरीर में भभूत लपेट कर नाच उठने पर वे समस्त भौतिक गुणों-अवगुणों से मुक्त दिखते हैं। यही शिवत्व है।
मान्यता है कि काशी की मणिकर्णिका घाट पर भगवान शिव ने देवी सती के शव की दाहक्रिया की थी। तबसे वह महाश्मशान है, जहां चिता की अग्नि कभी नहीं बुझती। एक चिता के बुझने से पूर्व ही दूसरी चिता में आग लगा दी जाती है।वह मृत्यु की लौ है, जो कभी नहीं बुझती।जीवन की हर ज्योति अंततः उसी लौ में, उसी परम ज्योति में समाहित हो जाती है।शिव के अपने पत्नी देवी सती के शव को अपने कंधे पर लेकर नाचते समय वे मोह के चरम पर थे। वे शिव थे, फिर भी शव के मोह में बंध गए थे। मोह बड़ा प्रबल होता है, यह किसी को नहीं छोड़ता। सामान्य जन भी विपरीत परिस्थितियों में, या अपनों की मृत्यु के समय ऐसे ही शव के मोह में तड़पते हैं। शिव शिव थे, वे रुके तो उसी प्रिय पत्नी की चिता भष्म से होली खेल कर युगों- युगों के लिए वैरागी हो गए। मोह के चरम पर ही वैराग्य उभरता है, लेकिन मनुष्य इस मोह से नहीं निकल पाता।वह एक मोह से छूटता है, तो दूसरे के फंदे में फंस जाता है। यह मोह मनुष्य को शिवत्व प्राप्त नहीं होने देता।काशी शिव के त्रिशूल पर टिकी है। शिव की अपनी नगरी है काशी।कैलाश के बाद उन्हें सबसे अधिक काशी ही प्रिय है। यही कारण है कि काशी एक अलग प्रकार की वैरागी ठसक के साथ जीती है। युगों -युगों से गंगा के इस पावन तट पर स्थित मणिकर्णिकाघाट, हरिश्चंदघाटमें मुक्ति की आशा ले कर देश- विदेश से आने वाले लोग वस्तुतः शिव की अखण्ड ज्योति में समाहित होने ही आते हैं। काशीमें देवस्थान और महाश्मसान का महत्व एक समान है,जहां जन्म और मृत्यु दोनों मंगल है। ऐसी अलबेली अविनाशी काशी में जलती चिता की राख और भस्म से संसार की सबसे अनूठी व निराली होली खेली जाती है। महाश्मशान मणिकर्णिका पर बाबा मसान नाथ के चरणों में चिता की राख समर्पित कर फाग और राग-विराग दोनों का ही उत्सव आरम्भ हो जाता है।

बाल संरक्षण में हमारी जिम्मेदारी

गौरतलब | हेमेन्द्र क्षीरसागर

सुरक्षा वह सब कुछ है, जो लोग खुद को या दूसरों को हानिकारक दुर्घटनाओं से बचाने के लिए करते हैं। लोग सुरक्षा उपायों का पालन कर दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं। सुरक्षा उपायों में यह जानना शामिल है कि कोई दुर्घटना कब हो सकती है और फिर उसे होने से रोकने के लिए कदम उठाना शामिल है।

बच्चे मन के सच्चे होते हैं, वह सबको प्यारे होते हैं बावजूद बचपन दुर्भाग्यवश खोता जा रहा है। भारत के बच्चों को हिंसा, दुर्व्यवहार और शोषण से बचाना। परिणाम स्वरूप लाखों बच्चे हिंसा, दुर्व्यवहार और शोषण का शिकार होते हैं। बच्चों के खिलाफ हिंसा व्यापक है और यह भारत के सभी सामाजिक-आर्थिक वर्गों के लाखों बच्चों के लिए कठोर वास्तविकता है। बेशक, बाल सुरक्षा वास्तव में महत्वपूर्ण है क्योंकि वयस्कों के रूप में यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी देखभाल में बच्चों को नुकसान से बचाएं। जब तक वे इतने बड़े नहीं हो जाते कि वे स्वयं निवारक उपाय कर सकें। सुरक्षित न रहने के परिणामों को समझ सकें। वयस्कों को सभी रूपों में बाल सुरक्षा पर अच्छी समझ होनी चाहि। अपने बच्चे से कहें कि जब आप आसपास न हों तो उन लोगों से बात करने से बचें जिन्हें वे नहीं जानते। सुनिश्चित करें कि आपका बच्चा जानता है कि उसे कभी भी अजनबियों के साथ नहीं जाना चाहिए। सुनिश्चित करें कि आपका बच्चा यह समझता है कि यदि कोई अजनबी उसके पास आता है तो उसे हमेशा आपको बताना चाहिए और इस बात को कभी भी गुप्त नहीं रखना चाहिए। सुनिश्चित करें कि आपके बच्चे जानें कि आप उनसे प्यार करते हैं, भले ही वे कुछ गलत करें। अपने बच्चों को प्रोत्साहित करें. उनकी उपलब्धियों और प्रतिभा की प्रशंसा करें। अपने बच्चों के साथ समय बिताएं।
यूएनओ द्वारा बच्चों को क्या अधिकार दिए गए हैं। जीने एवं देखभाल प्राप्त करने का अधिकार। परिवार के साथ रहने का अधिकार। अच्छे स्वास्थ्य एवं बेहतर शिक्षा का अधिकार। आराम करने, खेलने एवं मनोरंजन का अधिकार। आर्थिक एवं शारीरिक शोषण से सुरक्षा का अधिकार। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि इन अधिकारों का पालन बेहद कम दृष्टिगोचर होता है। अधिकांशतः इनका हनन ही देखने को मिलता है। यद्यपि इस हनन के खिलाफ शिकायत अवश्य की जा सकती है। यदि आपके सामने भी बाल अधिकारों का हनन हो रहा हो तो हो तो हम जिले की बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड और राष्ट्रीय राज्य बाल आयोग को लिखित में शिकायत कर सकते हैं। बाल सुरक्षा नीति बाल के संरक्षण के प्रति हमारी जिम्मेदारी को प्रदर्शित करती है। जिसमें सहयोग में कार्यरत कर्मचारियों के साथ-साथ जो भी सहयोग के साथ जुड़ाव करता है।

आज का इतिहास

- दिल्ली सहित उत्तर भारत में मार-काट मचाने के बाद तैमूर लंग ने 1399 में सिन्धु नदी पार की।
- सन 1881 में रामनाथ टैगोर की प्रतिमा कोलकाता के टाउन हॉल में स्थापित की गयी।
- बगदाद पर ब्रिटिश फौजो ने 1917 में कब्जा किया।
- सन 1918 में मास्को रूस की राजधानी बनी।
- बैंक कनाडा का 1935 में गठन किया गया।
- सोमालिया ने 1963 में ब्रिटेन के साथ राजनयिक सम्बन्ध तोड़े।
- चिली में 1981 में संविधान लागू हुआ।
- लिथुआनिया ने 1990 में स्वतंत्रता की घोषणा की।
- इंफोसिस कंपनी पहली भारतीय कम्पनी है, जो 1999 में नशदाक अंतरराष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज की सूची में आयी।
- पुलेला गोपीचंद 2001 में बैडमिंटल में विश्व चैंपियन बने।
- सन 2004 में स्पेन में तीन रेलवे स्टेशनों पर हुए बम विस्फोटों में 190 मरे, 1200 घायल।
- यूनानी संसद ने 2006 में दाह-संस्कार को अनुमति देनेवाले कानून को बहुमत से पारित किया।
- सुनिता ने 2007 में कोलकाता से वाघा तक के 2,012 किमी के सफर को रिवर्स गियर में गाड़ी चला कर पूरा किया।
- पाकिस्तान के लाहौर में 2008 में हुए दो आत्मघाती विस्फोटों में 26 लोग मारे गये।
- अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के यान एंडेवर ने 2008 में अंतरिक्ष स्टेशन की ओर उड़ान भरी।
- सन 2011 में तोहोकू के नजदीक भूकंप से जापान में सुनामी और फुकुशिमा परमाणु संयंत्र हादसा हुआ।
- 1915 में क्रिकेट खिलाड़ी विजय हजारे का जन्म हुआ।
- 1925 में हैदराबाद रियासत के साथ संघर्ष करने वाले प्रमुख व्यक्तियों में से एक मदनसिंह मतवाले का जन्म हुआ।

सुविचार

फल की अभिलाषा छोड़ कर कर्म करनेवाला मनुष्य ही मोक्ष प्राप्त करता है।

गीता

धर्म करते हुए मर जाना अच्छा है, परन्तु पाप करते हुए विजय प्राप्त करना अच्छा नहीं।

महाभारत

● किसने क्या कहा

रोजगार पाने के बजाय रोजगार उत्पन्न करनेवाले बनें

द्रौपदी मुर्मू
राष्ट्रपति

डीएमके सरकार तमिलनाडु में एनईपी 2020 को लागू नहीं करके छात्रों का भविष्य बर्बाद कर रही है

धर्मेन्द्र प्रधान
केन्द्रीय शिक्षा मंत्री

अंकजाल - 7844

	18	11	37	37			14	17	
22		4		8		7		5	14
14	7		5				2		14
		5		7		6		5	44
			2		5		6		30
32		8		3		6			
34	7		2		1		6		
16		8				2		4	17
18	5		7		8		1		20
	25	25			30	52	10	9	

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

अंकजाल 7843 का हल

	25	19	23		31	19	16	11	
14	7	2	5		7	8	5	4	24
18	9	2	7		5	8	7	5	25
13	3	8	2		7	3	4	2	16
32	6	7	9	3	7				
				2	5	9	2	3	21
26	8	5	6	7		3	6	4	13
18	5	2	5	6		3	4	7	14
29	8	8	5	8		6	4	4	14
	21	15	16	26		21	16	18	

Jagrutidaur.com, Bangalore

इसलिए रह जाती है पूर्व जन्म की स्मृतियां

माना जाता है कि संसार में हम जो भी काम करते अथवा बोलते हैं वह एक उर्जा के रूप में प्रकृति में वर्तमान रहती है। उर्जा के विषय में विज्ञान कहता है कि उर्जा कभी नष्ट नहीं होती है। इसका स्वरूप बदलता रहता है। हमारी आत्मा भी उर्जा का ही स्रोत है इसलिए कभी मनुष्य शरीर में रहती है तो कभी पशु, कीट की योनी में जाकर रहती है। लेकिन अपनी आत्मा को हम किस रूप में स्थान देना चाहते हैं यह हमारे अपने हाथ में है। जिस प्रकार उर्जा को कर्म के अनुसार रूपांतरित किया जा सकता है ठीक उसी प्रकार कर्म के अनुसार आत्मा को भी रूप दिया जा सकता है। पुराणों में बताया गया है कि आत्मा का वही रूप होता है जैसे शरीर में वह विराजमान होता है। वर्तमान जन्म में हम जो अच्छे या बुरे कर्म करते हैं उसके अनुरूप आत्मा दूसरा शरीर ग्रहण करती है। आत्मा अपने साथ पूर्व जन्म की स्मृति और आकांक्षाओं को भी साथ में लेकर दूसरे शरीर में प्रवेश करती है। शरीर बदलने के बाद भी आत्मा पुराने शरीर की स्मृतियों को नहीं भूलती है। इस तथ्य को परामनोवैज्ञानिक भी स्वीकार करते हैं। मरने के समय जिनकी आत्मा अतृप्त रहती है और पूर्व जन्म कार्यों को पूरा करने के लिए छटपटाती रहती है। ऐसे लोगों को अपने पूर्व जन्म की कई बातों की स्मृति रहती है।

औरंगजेब के बाद अब तुगलक की बारी

राकेश अचल

कहते हैं कि जब- सूप तो सूप, छलनी भी बोल उठे तो समझिये कि संकेत अच्छे नहीं हैं। सत्तारूढ़ दल में मुस्लिम शासकों के खिलाफ छाया युद्ध में अब औरंगजेब के बाद मोहम्मद बिन तुगलक की एन्ट्री हो गयी है।भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने अपने तुगलक लेन आवास की नेमप्लेट बदलकर स्वामी विवेकानंद मार्ग कर ली है। उनके इस कदम पर राजनीति शुरू हो गई है। यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि ऐसे नामों को बदलने का दिल्ली में भी सही समय आ गया है।
मोहम्मद बिन तुगलक के बारे में जानने से पहले दिनेश शर्मा के बारे में जान लीजिये। पंडित जी उसी लखनऊ के हैं और उत्तर प्रदेश से ही राजयसभा के लिए चुने गए हैं। लखनऊ से कभी भाजपा के संस्थापक अटल बिहारी वाजपेयी सांसद हुआ करते थे। पंडित जी राजनीति में आने से पहले प्रोफेसर थे,फिर महापौर बने ,विधायक बने, उप्र के उप मुख्यमंत्री बने और अब सांसद हैं। एक जमाने में पंडित अटल बिहारी वाजपेयी ने दिनेश शर्मा को महापौर बनाने के लिए जनता से वोट मांगे थे। यही दिनेश शर्मा जी अब उस रास्ते पर निकल पड़े हैं जिस पर अटल जी कभी नहीं चले।
आइये अब मोहम्मद बिन तुगलक के बारे में जान लेते हैं। तुगलक क्रूर औरंगजेब से भी पुराना मुगल शासक था। गयासुद्दीन तुगलक के इस पढ़े लिखे बेटे ने 1325 से 1351 तक दिल्ली के तख्त पर राज किया और अपने जमाने में क्रूरता की, सनक की अनेक इबारतें लिखीं। तुगलक को पढ़ने बैठिये तो आपको एक उपन्यास जैसा मजा आ जायेगा। 20 मार्च 1351 में कालकवलित हुए तुगलक के नाम पर दिल्ली में युगों से एक सड़क है। अब इसी सड़क के विरोध के बहाने तुगलक 674 साल बाद एक बार फिर जेरे बहस है। तुगलक के सनकी फैसलों की वजह से एक मुहावरा ही बन गया ,जिसे तुगलकी फरमान कहा जाता है। तुगलक के बारे में यदि आपको ज्यादा जानना है तो इतिहास की कोई किताब खरीद लीजिये।
मै वापस आता हूँ भाजपा की बिना मुद्दों की राजनीति की और। भाजपा में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी से लेकर दिनेश शर्मा तक बिना मुद्दों की राजनीति करते है। वो इसलिए करते हैं क्योंकि मुद्दों पर राजनीति करना आसान नहीं होता है ,लेकिन बिना मुद्दों के सुर्खियां बटोरना और असल मुद्दों को इन सुर्खियों के नीचे दफन कर देना होता आसान होता है। भाजपा नेता आसान काम पहले करते हैं। भाजपा मुस्लिम शासकों को न मरने देती है और न जनता को चैन से बैठने देती है। बेचारा औरंगजेब कब्र से बाहर निकालकर पीटा जा रहा है। अभी वो अध्याय समाप्त भी नहीं हुआ था कि पंडित दिनेश शर्मा जी तुगलक को कब्र से बाहर निकाल लाये। मतलब भाजपा मुर्दों को भी चैन से सोने नहीं दे रही। कल पता नहीं कौन सा मुर्दा कब्र से बाहर निकाल लाये भाजपा।
मुसलमान शासकों को हौवा बनाकर सियासत करने वाली भाजपा को मेरा एक ही मश्विरा है की उसे रोज-रोज का मुस्लिम विरोध करने की बजाय एक बार में किस्सा समाप्त कर देना चाहिए। देश में मुस्लिम शासकों की नाम से जितने गांव,शहर ,गली-मुहल्ले हैं उन सबके नाम एक झटके में एक विधान बनाकर बदल देना चाहिए /कम से कम जहाँ डबल इंजिन की सरकारें हैं ,वहां तो ये काम आसानी से हो सकता है।

राशिफल

मेष आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिन्ता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

वृष सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। समय ठीक है।

मिथुन नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा।

कर्क ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

सिंह आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा।

कन्या 'आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

तुला जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किये जा रहे काम में लाभ मिल जायेगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जायेंगे।

वृश्चिक लाभ में आशातीत वृद्धि तय है, मगर नकारात्मक रुख न अपनायें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

धनु अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

मकर कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य सम्पन्न हो जायेंगे।

कुंभ होश में रह कर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पायेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

मीन राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

सार्वजनिक मांगों को भीख कह कर खारिज करना उचित नहीं

गौरतलब | चैतन्य भट्ट

ट्रांसफर पोस्टिंग ने बाकायदा उद्योग का रूप ले लिया है और मंत्रियों की सबसे बड़ी शिकायत यही रहती है कि अफसर इन मामलों में उनकी नहीं सुनते। हालात हमेशा ऐसे नहीं थे। 50-60 के पार के लोगों को वह जमाना याद होगा। ट्रांसफर पोस्टिंग में राजनीतिक दखलंदाजी नहीं के बराबर होती थी। इन्हें सरकारी नौकरी का स्वाभाविक हिस्सा माना जाता था और एक जगह सेवा के 03 साल खत्म होते ही सरकारी आदमी मानसिक रूप से इस बात के लिए तैयार हो जाता था कि अब उसे तबादले पर नयी जगह पर जाना होगा।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री मंत्री प्रहलाद पटेल के भीख वाले बयान ने प्रदेश की राजनीति में हंगामा मचा दिया है। मंत्री महोदय ने कहा था कि लोगों को सरकार से भीख मांगने की आदत पड़ गई है। नेता आते हैं, उन्हें एक टोकरा (टोकरी) भरकर मांग पत्र पकड़ाए जाते हैं जो अच्छी आदत नहीं है। लेने के बजाय देने का मानस बनाएं। आप सुखी होंगे और एक संस्कारवान समाज को खड़ा करेंगे। भिखारियों को प्रोत्साहित करना समाज को मजबूत करना नहीं, बल्कि उसे कमजोर करना है। कांग्रेस इसे जनता का अपमान बता कर पटेल के इस्तीफे की मांग कर रही है। वहीं मंत्री महोदय भी अपनी बात पर अड़े हुए हैं । उनका कहना है कि ऐसा में पहले भी करता रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा। समाज को स्वाभिमान के साथ जीने की प्रेरणा देना कोई अपराध नहीं है।
व्यर्थ के राजनीतिक विवाद में वह मूल कारण नैपथ्य में चला गया है जिसके कारण ऐसी परिस्थितियों बनती हैं। येन केन प्रकारेण चुनावी वैतरणी पार करने के चक्कर में नेता प्रचार के दौरान सारी मांगों पर सिर हिलाता है बिना यह सोचे कि वादा निभाना संभव होगा भी या नहीं। सत्ता के सीमित संसाधनों से दो-चार होने पर ही समझ आता है कि सारे वादे निभाना संभव नहीं है। लाड़ली बहना जैसी मुफ्त रेवड़ियों के लिए धन की कमी पड़ती है और अपात्र होने के पिछले दरवाजे से लाभार्थियों के नाम कटने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। नेताओं को यह सोचना चाहिए कि वे चुनावी मौसम में बिना सोचे-समझे वादों की बरसात करते ही क्यों है ? नेताओं को दिए जाने वाले सारे मांग पत्र व्यक्तिगत हितों से ही नहीं बिजली सड़क पानी जैसी सार्वजनिक बुनियादी सुविधाओं से भी जुड़े होते हैं। इनको भीख कह कर खारिज किया जाना उचित नहीं कहा जा सकता।मंत्री बनकर तो नेता का दायित्व अपने क्षेत्र और मतदाता तक ही सीमित नहीं रह जाता, पूरे प्रदेश की जनता के प्रति हो जाता है। ऐसी समस्याओं के लिए आखिर आदमी जाए तो जाए कहां ? ताकत के नशे में मगरूर अफसरशाही यह कहने तक से नहीं हिचकती कि जिन्होंने वादा किया था उन्हें ही याद दिलाएं। हताश लोगों के पास अपने जन प्रतिनिधि से गुहार का विकल्प ही शेष रहता है।
ट्रांसफर पोस्टिंग जैसे व्यक्तिगत हितों से जुड़े हुए मामले यकीनन भीख की संज्ञा में ही आते हैं। ऐसे मामले प्रशासनिक मुश्किलें पैदा करते हैं और व्यापक सार्वजनिक हितों को भी नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसी शालाएं हैं जहां एक भी शिक्षक कार्यरत नहीं है और ऐसी भी शाला जहां स्वीकृत पदों के दो से तीन गुने तक शिक्षक कार्यरत हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सुविधाओं में सरकारी कारिंदों की कमी से कौन वाकिफ नहीं है। ट्रांसफर होते ही लोग राजनीतिक आका के पास गुहार लगाते हैं और और उनका ट्रांसफर रद्द होता है या रुक जाता है। नेता एक क्षण को भी नहीं सोचता कि दूरदराज इलाकों में रहने वाले उन लोगों के सार्वजनिक हित कितने प्रभावित होंगे जहां इन्हें सेवाएं देनी थीं।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक**: नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)**: विष्णु शंकर उपाध्याय*। दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

एक झलक

तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से दो की मौत

लोहरदगा : लोहरदगा-रांची नेशनल हाईवे स्थित सेरेंगहातू चर्च मोड़ के पास रविवार रात सड़क हादसा हो गया। एक तेजरफ्तार कार ने शादी समारोह में शामिल होने जा रहे बारातियों को रौंद दिया, जिससे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि छह लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सेरेंगहातू तोडार गांव निवासी अर्जुन उरांव के पुत्र की शादी के लिए बाराती चर्च टोला जा रहा था। इसी दौरान, लोहरदगा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में नियंत्रण खो दिया और बारात में जा घुसी। हादसे में राजेश उरांव (35) और लक्ष्मी उरांव (40) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।घटना के बाद मौके पर स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने कार चालक को पकड़ लिया। कार चला रहे आशीष उरांव, जो किस्को प्रखंड के बगडू थाना क्षेत्र के आर्या ग्राम का निवासी है, को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही लोहरदगा सदर अस्पताल में भारी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और घायलों का इलाज जारी है। इस हादसे से शादी की खुशियां मातम में बदल गयी। पुलिस मामले की जांच पडताल कर रही है।

38 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

चैनपुर : चैनपुर थाना क्षेत्र के लोरंबा गांव में जहां 38 वर्षीय मनोज मिंज ने आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार, मनोज ने अपने घर के कोरो में गमछे के सहारे फासी लगाई। घटना का पता सुबह 5 बजे मनोज की बेटी ने गांव वालों को बताया। मनोज मिंज, जो स्व. अंतोनिस मिंज के पुत्र थे, के चार छोटे बच्चे हैं। उनकी पत्नी इस वक्त बाहर काम करने गई हुई थीं, जिसके कारण बच्चों को अकेला छोड़ना पड़ा। इस दुखदाई स्थिति में बच्चों के पास कोई सहारा नहीं है। घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना के एसआई दिनेश कुमार ने तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर पंचनामा किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। गांव के मुखिया, पोलिदोर एक्का, घटना की जानकारी लेने पहुंचे और उन्होंने परिवार को थोड़ी आर्थिक सहायता भी प्रदान की। उन्होंने हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इसी बीच, जिप सदस्य मेरी लकड़ा भी घटना स्थल पर पहुंची। उन्होंने मृतक के बच्चों से बात की और उनके प्रति शोक व्यक्त किया। मेरी लकड़ा ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई को लेकर वह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से बात करेंगी ताकि उनकी शैक्षणिक जरूरतों का ध्यान रखा जा सके। यह घटना समाज में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की आवश्यकता को एक बार फिर से उजागर करती है। परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने और बच्चों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए सभी से आगे आने की अपील की गयी है।

सड़क दुर्घटना 01 की मौत, 02 गम्भीर

चैनपुर : चैनपुर थाना क्षेत्र के बेंदोरा अनुमंडल के समीप एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। यह घटना उस समय घटित हुई जब बजाज एनएस वाहन डिवाइडर से टकरा गया वही राहगीरों ने 108 एंबुलेंस में फोन कर सूचना दी। जिसे चैनपुर सामुदायिक स्वस्थ केंद्र लाया गया जहा घायलों का प्रथमिक उपचार कर सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया। घायलों की पहचान पूलुनग बंझर निवासी सुभम कुजूर (20 वर्ष), लौरेंस कुजूर (20 वर्ष) और अश्विनी बरवा (25 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना के पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को गुमला सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए भेजा। डॉ. धर्मनाथ ठाकुर ने सुभम कुजूर को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने इस घटना के बाद ग्रामीणों से अपील की है कि वे शराब पीकर वाहन न चलाएं और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें।

दुकानदार को पटाखा जला कर दिखाना पड़ा भारी

पटाखे की दुकान में लगी आग, दुकानदार समेत 05 की मौत

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गढ़वा : गढ़वा के रंका के गोदरमाना ग्रामीण बैंक के सामने पटाखा व्यवसायी कुश कुमार गुप्ता को पटाखा जलाकर दिखाना भारी पड़ गया। पड़ोस के दो बच्चे नमन कुमार केसरी और भोला केसरी को पटाखा जलाकर दिखा रहा था। इसी क्रम में पटाखे की दुकान में आग लग गई। चारों तरफ पटाखे फूटने लगे। दुकानदार अपने साथ दो बच्चे, एक कर्मी एवं एक ग्राहक अजीत कुमार केसरी को लेकर अपने पास के बगल वाले गोदाम की दुकान में चला गया और शटर बंद कर दिया, ताकि आग की लपटें दुकान के अंदर तक ना जा सके,

लेकिन दुर्भाग्यवश शटर का कुछ भाग खुला रह गया। धुंआ भरने लगा। लोग जान बचाने के लिए भागने लगे। इसी बीच कुछ उत्साही युवक मोटरसाइकिल मिस्त्री असलम रजा,पंकज सोनोग्राफी, संजय गुप्ता, बिट्टू केसरी , गिरधारी राम, दिनेश गुप्ता, मेंडेस गुप्ता , अनील गुप्ता, सुनील राम ,विजय गुप्ता ,विक्की गुप्ता ,सोनू गुप्ता और यहां के मुखिया प्रतिनिधि शंभू प्रसाद गुप्ता, पूर्व मुखिया मिथिलेश कुमार यादव अशोक गुप्ता आदि ने आग पर काबू पाने के लिए आसपास के लोगों को मोटिवेट किया तथा बुझाने के लिए भरपूर प्रयास किया। लोगों को यह पता नहीं था कि जिस दुकान में आग लगी है उसके अंदर में कुछ लोग छुपे हुए हैं । जब जानकारी हुई तो जेसीबी के सहयोग से दीवार तोड़कर सभी पांचो को बाहर निकाला। लेकिन उम्मीद लगाए लोगों ने पास के छत्तीसगढ़ राज्य के अस्पताल में सभी को भर्ती कराया, जहां पर प्राथमिक उपचार के क्रम में चिकित्सकों ने पांचो को दम घुटने से मौत हो जाने की जानकारी दी।

इनकी हुई मौत

मृतकों में कुश कुमार गुप्ता दुकानदार, भंडरिया थाना क्षेत्र के मर्दा ग्राम निवासी ग्राहक अजीत कुमार केसरी, रंका थाना क्षेत्र के बुढ़ापलास ग्राम निवासी दुकान में काम करने वाली सुशीला करकेटा तथा पड़ोस के नमन केसरी (9) और भोला केशरी (8) बताए गए हैं, जबकि दुकान के सामने लगी हुई एक मोटरसाइकिल सीजी 15 डीजे 5467 आग में जलकर पूरी तरह से स्वाहा हो गया है। बाइक रंका थाना क्षेत्र के बेलवादामर ग्राम निवासी अनिल कुमार ठाकुर की थी।

जांच के लिए पहुंचे एसपी

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, रंका के अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह, पुलिस निरीक्षक सुभाष पासवान मौके पर पहुंचे। एसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि पांचो की पटाखे में आग लगने के कारण दम घुटने से मौत हुई है। ग्रॉसरी की दुकान में पटाखे बेचे जा रहे थे। पटाखे खरीदने के लिए बच्चे वहां पहुंचे थे। अचानक पटाखे में आग लगने के बाद बच्चे और लोग दुकान का शटर बंद कर अंदर छुप गए थे। दुकान में वेंटिलेटर नहीं था। आग जब लगी तो धुंआ दुकान के अंदर घुसा और दम घुटने से सारे लोग बेहोश हो गए। काफी देर बाद आसपास के लोगों को दुकान के अंदर बच्चे और लोगों के रहने की जानकारी हुई।

मुख्यमंत्री ने मौत पर जताया गहरा दु:ख

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गढ़वा जिले के रंका प्रखंड में पटाखा दुकान में आग लगने से 05 लोगों की मौत पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने मरांग बुरु से दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान करने एवं शोकाकुल परिवार को दु:ख की इस विकट घड़ी में सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। साथ ही, जिला प्रशासन को मामले की जांच के निर्देश भी दिये हैं।

होली पर्व को लेकर शहर थाना प्रभारी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : होली त्योहार को लेकर पलामू एसपी रिष्मा रमेशन के निर्देश पर शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार और टिओपी 3 प्रभारी भूपेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व

में सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा चौक के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सासाराम से मेदिनीनगर आ रही महाराणा बस को सिंगरा चौक पर रोककर बस की विधिवत तलाशी ली गयी। तलाशी के क्रम में बस में एक यात्री के पास से नकली शराब बरामद किया गया। उस शराब को पुलिस ने जप्त कर लिया है। इसके बाद थाना प्रभारी के द्वारा हुसैनाबाद से डालटेनगंज आ रही धर्मवीर बस का भी गहनता पूर्वक जांच किया गया। पुलिस कर्मियों के द्वारा बस पर बैठे सभी यात्रियों के बैग को खोल कर उनके बैग में रखें सामान की तलाशी ली गई। परंतु किसी के पास से संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुआ। मौके पर शहर थाना के एसआई ऋषिकेश दुबे, सदर थाना के एएसआई अरविंद कुमार गुप्ता टाइगर मोबाइल के जवान कौतुक पांडे,दिनेश तिवारी, सतेंद्र यादव, पंचम कुमार, नंदलाल पटेल सहित अन्य पुलिस के जवान मौजूद थे।

भारत की ऐतिहासिक जीत पर जम कर हुई आतिशबाजी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : चैम्पियन ट्रॉफी 2025 के फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। भारत की जीत के बाद रविवार की रात 10:30 बजे शहर के टावर चौक व अन्य स्थानों में खेल प्रेमियों ने जमकर आतिशबाजी की वही तिरंगा के साथ बाइक में सवार होकर पूरे गुमला शहर का भ्रमण किया इस दौरान भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे भी लगाए जा रहे थे। टावर चौक में आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। इस बीच खेल प्रेमी नाचते गाते झूमते नजर आए। जश्न में में महिलाएं भी शामिल थी बता दे की भारत में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया दुबई में

रविवार को खेले गये फाइनल मैच में न्यूजीलैंड ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग चुनी कठिन विकेट पर भारत के सामने 252 रनों का लक्ष्य रखा भारत ने 06 गेंद रहते यह मैच जीत लिया। इस मैच में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को स्पिन के जाल में फंसा कर रखा।

फरार अपराधी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तहार आत्मसमर्पण नहीं करने पर कुर्की की चेतावनी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र में फरार चल रहे अपराधियों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। अदालत से आदेश प्राप्त होने के बाद पुलिस ने अभियुक्तों के घरों पर इश्तेहार चिपकाकर आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी है। पुलिस अवर निरीक्षक होसेन डांग के नेतृत्व में एक टीम ने फरार आरोपी सुदेश गंझू उर्फ प्रभात जी, पिता जगदेव गंझू, निवासी लक्षीपुर डोकर, थाना बालूमाथ के घर नोटिस चिपकाया। सुदेश गंझू के खिलाफ बालूमाथ थाना में कई मामला दर्ज है। पुलिस ने आरोपी के परिवार को बताया कि यदि वह एक महीने के भीतर आत्मसमर्पण नहीं करता है, तो उसके खिलाफ कुर्की-जब्ती की कार्रवाई शुरू की जाएगी। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों का मानना है

कि प्रशासन का यह कदम अपराध पर अंकुश लगाने में मदद करेगा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फरार अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और अगर वे तय समय में आत्मसमर्पण नहीं करते, तो उनके खिलाफ कानूनी प्रक्रिया तेज कर दी जाएगी।

होली पर्व को लेकर रेहला थाना में हुई शांति समिति की बैठक

असामाजिक तत्वों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर : डीएसपी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू) : होली व रमजान को लेकर सोमवार को रेहला थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार व संचालन फिरोज खान ने किया। बैठक में होली पर्व सौहार्द पूर्वक मनाने रमजान के पाक महीने में शांति व्यवस्था बनाए रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में होली पर्व सहित पवित्र माह रमजान को आपसी भाईचारे के बीच परंपरागत तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान लोगो ने छोटी-मोटी समस्यायों की ओर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया। रेहला थाना क्षेत्र में अमन-शांति

> ■ आपसी सोहार्द व भाईचारे के साथ मिल-जुल कर मनाने में मिलता है पर्व का असली आनन्द : सीओ

कायम रखने हेतु कई सुझाव भी लोगो ने दिए। विश्रामपुर एसडीपीओ आलोक टुटी ने कहा कि त्योहार आपसी प्रेम व भाईचारे का प्रतीक है। इसमें बाधक बनने वाले, व्यवधान डालने वाले, अफवाह फैलाने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। वहीं बैठक में शामिल लोगों से अपील करते हुए कहा कि अफवाह पर ध्यान न देते हुए तत्काल पुलिस को सूचना दे। समय रहते शिकायतों को दूर कर लिया जाएगा। विश्रामपुर सीओ राकेश कुमार तिवारी ने कहा कि आपसी सोहार्द व भाईचारे के साथ मिलकर त्योहार मनाने में हीं आनंद मिलता है। पर्व के दौरान असमाजिक तत्वों पर पुलिस के द्वारा कड़ी नजर रखते हुए गस्ती बढ़ाई जाए। शांति भंग करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अंचल निरीक्षक रामाशीष पासवान ने सुझावों पर अमल करने का भरोसा लोगो को दिलाया। वहीं थाना प्रभारी संतोष कुमार ने लोगो से अफवाहो पर ध्यान नही देने का आग्रह किया। साथ हीं कहा कि बैठक में मिले सुझावों पर ध्यान देते हुए उसे दूर कर लिया जाएगा। जिला परिषद सदस्य विजय रविदास, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, डां बीपी शुक्ला, डांस डीपी शुक्ला, नंदलाल शुक्ला, आदि ने कहा कि कोई भी सूचना पुलिस के साथ साझा करें। किसी भी अफवाह मे नही पड़ें,अफवाह फैलाना भी कानून जुर्म है। मौके पर पूर्व वार्ड पार्षद नरेंद्र राम गुड्डू, मजमुद्दीन अंसारी,ज्वाला गुप्ता, गुलाम नवी अंसारी, वीरेंद्र चौबे उर्फ बिल्लू चौबे, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, शशिनाथ चौबे, सहित दोनो समुदाय के लोग काफी संख्या में मौजूद थे।

लातेहार पुलिस ने पीएलएफआई का कुख्यात उग्रवादी विनोद परहिया को किया गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : लातेहार पुलिस ने उग्रवादी संगठन पीएलएफआई (पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया) का प्रमुख सदस्य विनोद परहिया उर्फ अर्जुन परहिया को मनिका थाना क्षेत्र के बरवैया गांव से गिरफ्तार कर लिया है। वह कई वर्षों से फरार था और लातेहार समेत कई जिलों में आतंक और भय का माहौल बना रखा था। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने एक प्रेसवार्ता कर दी उन्होंने बताया कि लगातार सूचना मिल रही थी कि विनोद परहिया मनिका क्षेत्र में सक्रिय है। सूचना मिलने पर मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार के नेतृत्व में

एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। टीम ने बरवैया गांव में गुप्त रूप से रेकी कर उसे चारों तरफ से घेर लिया और उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार उग्रवादी विनोद परहिया पर हत्या के प्रयास, रंगदारी, हथियार कानून और उग्रवादी गतिविधियों से जुड़े कई मामले दर्ज हैं। वह व्यापारियों और कंपनियों से लेवी वसूलने, धमकी देने और गोलीबारी करने में माहिर था।एसपी ने बताया कि विनोद परहिया पर लातेहार व पलामू जिले के विभिन्नि थानों में आठ मामले दर्ज हैं। इनमें लातेहार के मनिका थाना में तीन, बालुमाथ में दो, चंदवा में एक, बरवाडीह में एक व पांकी थाना में एक मामले दर्ज हैं।

पर्यटन प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे प्रशिक्षार्थियों को किया गया सम्मानित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : पर्यटन विभाग, रांची द्वारा संचालित पांच दिवसीय निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम से लौटे प्रशिक्षार्थियों को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि पर्यटन मंत्रालय, झारखंड सरकार द्वारा यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 3 फरवरी से 7 फरवरी तक आयोजित किया गया था। इसमें राज्य में कार्यरत ट्रैवल एजेंसी और टूर ऑपरेटरों को पर्यटन क्षेत्र में बेहतर सेवा प्रदान करने हेतु प्रशिक्षित किया गया। लातेहार जिले से चार प्रशिक्षार्थी शुभम कुमार, महबूब आलम, बंदेओ उरांव, हेमराज कुमार कुशवाहा ने इस प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने प्रशिक्षार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें पर्यटन क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि यह प्रशिक्षण न केवल प्रशिक्षार्थियों के अनुभव को समृद्ध करेगा, बल्कि लातेहार आने वाले पर्यटकों को भी बेहतर और पेशेवर सेवाएं उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगा।

धूमधाम से मनायी गयी रंगभरी एकादशी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : शहर के जुबली रोड स्थित नवल किशोर प्रसाद के आवास में सोमवार को रंगभरी एकादशी का धूमधाम और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर शिव शिष्य परिवार की ओर से विशेष शिव चर्चा का भी आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वहीं महिलाओं ने भगवान भोलेनाथ को समर्पित भजन और कीर्तन प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। भजन-कीर्तन के दौरान श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से पूरे क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। इस आयोजन में भक्तों ने भगवान शिव की स्तुति करते हुए होली से पूर्व रंगों के इस पर्व को पूर्ण श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया। कार्यक्रम के अंत में शिव आरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया। अंत में श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। धन्यवाद ज्ञापन नवल किशोर प्रसाद ने किया।

उपायुक्त ने किया बैंक ऑफ इंडिया, डीसी ऑफिस गुमला शाखा का विधिवत उद्घाटन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बैंक ऑफ इंडिया, डीसी ऑफिस, गुमला शाखा का उद्घाटन विधिवत रूप से किया। उद्घाटन के पश्चात उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गुमला जिले में बैंक ऑफ इंडिया के कई ब्रांच हैं। जिसकी बैंकिंग सेवा का लाभ सभी लोग परस्पर लेते हैं। अब यहां डीसी ऑफिस के प्रांगण में बैंक ऑफ इंडिया की नई शाखा खुलने से इस क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा। अब लोगों को बैंक के काम हेतु दूर नहीं जाना पड़ेगा। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित ग्रामीण महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बैंक ऑफ इंडिया आप सभी दीदियों जो कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं उनके लिए सदैव तत्पर है। महिलाओं को रोजगार हेतु बैंक में कई प्रकार के लोन उपलब्ध हैं

जिसका लाभ लेकर आप अपना व्यवसाय शुरू कर खुद को आत्मनिर्भर बना सकती हैं। इस दौरान बैंक ऑफ इंडिया के जोनल महाप्रबंधक मनोज कुमार ने उपायुक्त को धन्यवाद देते हुए कहा कि उपायुक्त महोदय के सहयोग से हीं ऑफिस के प्रांगण में बहुत ही कम समय में इस नई शाखा का निर्माण हो पाया है।

नवनियुक्त शिक्षक व प्रयोगशाला सहायकों का स्वागत समारोह सम्पन्न

शिक्षकों की मेहनत से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में सकारात्मक बदलाव दिखायी दे रहे हैं : अमृता सिंह

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : राजकीयकृत गिरिवर +2 उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर, पलामू के प्रांगण में मुख्यअतिथि सुश्री अमृता सिंह, प्राचार्य डायट, मेदिनीनगर की उपस्थिति तथा झारखण्ड +2 शिक्षक संघ, पलामू इकाई के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता में झारखण्ड +2 शिक्षक संघ के बैनर तले नवनियुक्त पीजीटी शिक्षक व प्रयोगशाला सहायकों का स्वागत सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिला के विभिन्न प्रखण्डों से आये शिक्षकों एवं प्रयोगशाला सहायकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य-अतिथि डायट प्राचार्य सुश्री अमृता सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर के किया गया। इसके बाद अतिथियों को पुष्पगुच्छ, पौधा और अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत किया गया। राजकीयकृत गिरिवर +2 उच्च विद्यालय के प्राचार्य डॉ नीरज द्विवेदी ने अपने स्वागत भाषण से दूरदराज से आये शिक्षकों, प्रयोगशाला सहायकों और अतिथियों का स्वागत किया। इसी क्रम में संघ के मंडलीय अध्यक्ष श्री राम प्रकाश शर्मा ने कहा कि पिछले दस-बारह वर्षों में शिक्षक

की स्थिति और संघ की भूमिका पर विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि जब हम लोगों ने पलामू में नवनियुक्त हुए थे तो विद्यालय सहित +2 शिक्षकों की बहुत ही दयनीय दशा थी। लेकिन शिक्षक और संघ ने अपने अथक परिश्रम से उसमें सुधार लाने का प्रयास किया है। हालांकि उसमें बहुत सफलता नहीं मिली है लेकिन 2017, 2018 और अभी 2024 में नवनियुक्त शिक्षकों और प्रयोगशाला सहायकों ने उसके सुधार में अद्वितीय योगदान दिया है। हमारे लिए बच्चे ही निधि हैं उनके उनके अभाव में हम कुछ भी नहीं है। उपकोषाध्यक्ष सुषमा कुमारी ने संघ की मजबूती प्रदान करने पर बल दिया। गिरिवर +2 उच्च विद्यालय के भौतिकी के पूर्व शिक्षक श्री विजय कुमार ने स्फीति सिद्धान्त का हवाला देते हुए कहा कि सम्पूर्ण ब्रह्मांड फैल रहा है। उस विस्तार का प्रभाव ब्रह्मांड सहित व्यक्तियों की सोच और व्यवहार पर भी पड रहा है। यदि किसी पुराने व्यक्ति को कोई नया व्यक्ति कहता है कि आप समझते नहीं है तो वह सही कह रहा है। हमें उसे स्वीकार करना चाहिए। उंटारी रोड स्थित +2 विद्यालय के नवनियुक्त वाणिज्य शिक्षक रंजीत कुमार गुप्ता ने कहा कि संघे शक्ति कलियुगे ही नही, संघे शक्ति सर्वदा रही है। हर काल खण्ड में संघ की शक्ति का महत्व रहा है। इसलिए हम सभी को संघ को शक्ति प्रदान करने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। संघ के सोशल मीडिया प्रभारी मो. अजीम अंसारी ने शेर-ए-शायरी व गजल से सभा को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि अमृता सिंह ने कि गरीब, ग्रामीण व दूर-दराज के बच्चे भी अपने गांव में ही अब बेहतर प्रदर्शन करने लगे हैं यह तभी संभव हो पाया है कि आप सभी शिक्षकों ने इनपर कार्य किया है।

आपसी प्रेम व सद्भावना के साथ मनायें होली : एसडीओ

- किसी भी व्यक्ति पर जबरन रंग नहीं लगायें : सीओ
- होली के दौरान हुड़दंगियों पर रहेगी कड़ी नजर : थाना प्रभारी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

चतरा : होली को लेकर सदर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें एसडीओ जहुर आलम, सीओ अनिल कुमार, थाना प्रभारी विपिन कुमार सहित शांति समिति के सदस्य व दोनो समुदाय के कई लोग उपस्थित हुए। इस दौरान होली शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर एसडीओ ने कहा कि कोई भी पर्व आपसी सद्भाव भाईचारे का प्रतीक होता है। परस्पर प्रेम व सद्भावना के साथ मनाने की अपील की। सीओ ने किसी भी व्यक्ति पर जबरन रंग नहीं लगाने को कहा। उन्होंने आफवाहो से दूर रहने व किसी तरह की सूचना मिलने पर प्रशासन को देने की बात कही, ताकि समय रहते उस पर त्वरित कार्रवाई किया जा सके। थाना प्रभारी ने कहा कि होली के दौरान असामाजिक तत्वो व सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जा रही है। त्योहार के दौरान सौहार्द बिगाड़ने वालो को बख्शा नहीं जायेगा। बैठक के समापन में उपस्थित पदाधिकारी व लोगो ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर होली की बधाई दी। मौके पर सीताराम यादव, एसआई राहुल कुमार, वार्ड पार्षद आबिद हुसैन, फजल रहमान, अजय यादव समेत कई उपस्थित थे।

होली को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर बैठक आयोजित

साहिबगंज : आगामी होली पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारी समेत संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने बैठक में सभी प्रखंडों के संवेदनशील क्षेत्रों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश जारी किया। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना न हो, इसके लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए और शरारती तत्वों पर विशेष नजर रखी जाए। इसके अलावा बैठक में शराब के अवैध व्यापार और बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने, ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के उपाय सुनिश्चित करने और शांति समिति की बैठकें आयोजित करने पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने आम जनता से अपील की कि वे प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें एवं सोशल मीडिया पर अभद्र फोटो, वीडियो पोस्ट से बचें।

चंदवारा थाना परिसर में होली को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

चंदवारा : होली एवं ईद पर्व को लेकर सोमवार शाम 3:00 बजे चंदवारा थाना परिसर में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सुमित कुमार मिश्रा प्रखण्ड प्रमुख मंजू देवी थाना प्रभारी धनेश्वर कुमार ने प्रखंड के तमाम जनप्रतिनिधि, गणमानय, सभी पार्टी के नेतागण, मीडिया बंधु से बैठक में उपस्थित होकर अपना अपना बहुमुल्य विचार रखने की अपील की है। ताकि होली एवं ईद को शांति पूर्ण तरीके से मनाया जा सके । मौके पर सभी लोगों ने कहा कि चंदवारा प्रखण्ड में होली का त्यौहार बहुत ही धूम धाम ओर शांति ढंग से बनाया जाता है। मौके पर थाना प्रभारी धनेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि त्यौहार के दिन किसी प्रकार के अश्लील गाने को नहीं बजाए ओर न ही शराब का सेवन कर हुड़दंग मचाए। वरना प्रशासन बाध्य हो कर कार्यवाही करने के लिए मजबूर हो जाएगी। मौके पर एस आई दिलीप मंडल, नीरज कुमार, ब्रह्मदेव प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण प्रसाद यादव, मुखिया प्रतिनिधि संजय दास, मुखिया असगर अंसारी मनोज पासवान, अनिल दास, बालगोविंद स्वर्णकार, अशोक सिंह, विनोद यादव, वरुण यादव, राजू यादव, सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

होली-रमजान को शांतिपूर्ण तरीके से मनाये जाने को लेकर बैठक

साहिबगंज : साहिबगंज मुफस्सिल थाना परिसर में पुलिस निरीक्षक राजीव रंजन की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी मदन कुमार सहित कई गणमान्य लोग, शांति समिति के सदस्य और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। बैठक होली और रमजान को शांति और सौहार्दपूर्ण के साथ मनाने को लेकर की गई। किसी भी अफवाह, भड़काऊ गतिविधि या अप्रिय घटना से बचने के लिए सभी को सतर्क रहने की सलाह दी गई।

एक झलक

महिला डॉक्टर का शव मिला, जांच में जुटी पुलिस

बोकारो : बीजीएच के डीएनबी गर्ल्स हॉस्टल में महिला डॉक्टर आर्या झा (29) का शव मिलने से सनसनी फैल गई। बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएम) के डीएनबी गर्ल्स हॉस्टल में डॉक्टर का फंदे से झूलता शव बरामद हुआ। घटना रविवार देर रात की है। सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने घटना की पुष्टि की है। घटना की सूचना मिलते ही सेक्टर 4 थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार मृतका ने कुछ दिन पहले ही बीजीएच में डीएनबी फर्स्ट ईयर में दाखिला लिया था। और वह गाइनेकोलॉजी में डीएनबी कर रही थी। मृतका की रूम पार्टनर ड्यूटी खत्म कर वापस लौटी तो पाया कि दरवाजा अंदर से बंद है। काफी खटखटाने के बाद दरवाजा न खुलने पर उसने हॉस्टल के अन्य डॉक्टरों को सूचना दी। दरवाजा धक्का देकर खोला गया तो महिला डॉक्टर का शव फंदे से लटका पाया। मौजूद डॉक्टर ने बताया कि महिला सुबह की कैजुअल्टी में ड्यूटी कर चुकी थी। मौत के कारणों का पुलिस पता लगा रही है।

डुमरी पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

डुमरी : डुमरी पुलिस ने नाबालिक लड़की से रेप करने और उनके सहयोग करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में सोमवार को गुमला जेल भेज दिया गया इस संबंध में थाना प्रभारी अनुज कुमार ने बताया कि डुमरी थाना कांड संख्या 05/2025, दिनांक 18 फरवरी 25, धारा-64(1)BNS - 2023 एवं 04/06 पोक्सो एक्ट 2012 के प्राथमिकी अभियुक्त तबरेज अंसारी एवं उसकी बहन रेशमी खातून, सकीम फुलवार बगीचा महुआडंड, पोस्ट थाना महुआडांड़, जिला लातेहार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

महिला के खाते से 10,000 रुपये की निकासी

गुमला : टोटो के खरका के एक महिला के खाते से 10,000 रुपए की अवैध रूप से निकासी कर ली गई है। जिसकी शिकायत टोटो पुलिस से की गई है। वहीं इस मामले से पुलिस रविवार को टोटो के एक युवक से पूछताछ कर रही है। टोटो पुलिस इंस्पेक्टर गफ्फार अंसारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। खाते का मिलान कराया जायेगा। पुष्टि होने पर कार्रवाई की जाएगी।

45 किसानों का दल अंतर-राज्यीय परिभ्रमण के लिए रवाना

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

साहिबगंज : आत्मा समेति सहाय अनुदान योजना के तहत साहिबगंज जिले के 45 किसानों का एक दल तीन दिवसीय अंतर-राज्यीय परिभ्रमण के लिए बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर (बिहार) रवाना हुआ। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा प्रमोद एक्का, जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन, सहायक मिट्टी रसायनज्ञ अभिजीत शर्मा, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण कुमार भोक्ता तथा उप परियोजना निदेशक, आत्मा मंटू कुमार ने संयुक्त रूप से बस को हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया। विदित हो कि दिनांक 10 से 12 मार्च तक बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर में कृषि मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस परिभ्रमण का उद्देश्य किसानों को आधुनिकतम कृषि तकनीकों से अवगत कराना, पड़ोसी राज्य के किसानों से विचारों का आदान-प्रदान करना और नवीन कृषि नवाचारों को समझकर अपने जिले में उन्हें अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इस दल का नेतृत्व आत्मा कार्यालय, साहेबगंज के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक कंचन कुमार सुमन कर रहे हैं। इस मौके पर जिला कृषि कार्यालय एवं आत्मा कार्यालय के पदाधिकारी, कर्मी एवं परिभ्रमण में भाग लेने वाले किसान उपस्थित रहे।

हर्बल गुलाल स्टॉल का उद्घाटन

साहिबगंज : समाहरणालय परिसर में पलास JSLPS के हर्बल गुलाल स्टॉल का उद्घाटन जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे। उपायुक्त ने पहल की सराहना करते हुए इसे स्थानीय उद्यमिता और पारंपरिक उत्पादों को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण कदम बताया। उपस्थित पदाधिकारी और नागरिकों ने भी हर्बल गुलाल की गुणवत्ता की प्रशंसा की।

डीसी-एसपी ने किया पलाश मार्ट में पलाश हर्बल गुलाल बिक्री सह प्रदर्शनी का शुभारम्भ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गढ़वा : समाहरणालय परिसर में जेएसएलपीएस,गढ़वा द्वारा संचालित पलाश मार्ट में पलाश हर्बल गुलाल बिक्री-सह-प्रदर्शनी केंद्र का उद्घाटन जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पाण्डेय के द्वारा किया गया। यह प्रदर्शनी-सह-बिक्री होली के शुभ अवसर पे 10 मार्च से 13 मार्च 2025 तक संचालित रहेगी। इस प्रदर्शनी में समूह के दीदी के द्वारा निर्मित पलाश हर्बल गुलाल एवं झारखंडी मिष्ठान को प्रस्तुत किया गया, जिसमे अरारोट, गेंदा फूल, हल्दी एवं पलाश फूल आदि का प्रयोग किया जा रहा है, जो इस होली के त्योहार को और भी रंगीन और सुरक्षित बनाता है, पलाश हर्बल गुलाल विभिन्न रंगों में उपलब्ध है। इस अवसर पर उपायुक्त ने झारखंडी व्यंजन जैसे रागी का लड्डू, गुड का लड्डू, खजूर इत्यादि का स्वाद लेते हुए तथा पलाश हर्बल गुलाल की सराहना की। जेएसएलपीएस,गढ़वा द्वारा आयोजित पलाश हर्बल गुलाल बिक्री सह प्रदर्शनी केंद्र के उद्घाटन कार्यक्रम के मौके पर उपरोक्त के अलावे जनसम्पर्क पदाधिकारी नीरज कुमार, डीपीएम जेएसएलपीएस विमलेश कुमार शुक्ला, सदर बीपीएम शिव उपाध्याय, नन फॉर्म से शेखर सत्य केतु, प्रखंड के स्टाफ एवं दीदी कैफे की दीदी सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

रामगोविंद ग्रुप ऑफ कॉलेज में ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड का सफल प्लेसमेंट ड्राइव

सिविल इंजीनियरिंग के छात्रों को मिला सुनहरा अवसर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कोडरमा : रामगोविंद ग्रुप ऑफ कॉलेज, कोडरमा में ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड द्वारा एक सफल प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें सिविल इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रक्रिया में चंदन चटर्जी, लव कुमार और मंजीत कुमार का चयन 'ट्रेनी इंजीनियर-कंस्ट्रक्शन' पद के लिए किया गया। चयनित छात्रों को 3.00 लाख वार्षिक वेतन पैकेज की पेशकश की गयी है। संस्थान के उपनिदेशक प्रो. सरबाजित रॉय ने चयनित छात्रों को हार्दिक बधाई दी और अन्य विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि संस्थान की उत्कृष्ट शिक्षा प्रणाली और उद्योग-अनुकूलता प्रशिक्षण का प्रमाण है, जो छात्रों को न केवल तकनीकी रूप से दक्ष बना रही है बल्कि उन्हें करियर की नयी ऊंचाइयों तक पहुंचाने में भी सहायक सिद्ध हो रही है। 'इस अवसर पर सिविल इंजीनियरिंग विभाग की विभागाध्यक्ष, प्रो. नेहा लकड़ा ने चयनित छात्रों को ऑफर लेटर प्रदान किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

कारा व जिला सुरक्षा को लेकर बैठक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

साहिबगंज : उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में कारा सुरक्षा एवं जिला सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त ने पिछले बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की और सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम भगत, अनुमंडल पदाधिकारी सहित कई जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने जेल सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम उठाने पर जोर दिया। बैठक में जिले में अपराध नियंत्रण, जेल प्रबंधन, संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गयी। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता करने के लिए अतिरिक्त उपायों की जानकारी दी।

झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर आरडीडीई से की मुलाकात

साहिबगंज : क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक दुमका (संताल परगना) के कार्यालय में झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई - साहिबगंज जिला सचिव, लॉउस हांसदा (सचिव) एवं मुरलीधर रजक (राज्य कार्यकारिणी सदस्य) के नेतृत्व में फूल माला, बुके, अंग वस्त्र एवं डायरी -पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी साहिबगंज सह क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक से जिले के कर्मियों ने कई मुद्दे पर वार्ता की, जिसपर सकारात्मक पहल करते हुए यथाशीघ्र निदान की बात कही गयी। मौके पर जिले के कई शिक्षक, एवं शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद थे।

विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, बोरियो विधानसभा क्षेत्र ने की बैठक

साहिबगंज : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी- सह-सचिव मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखंड, रांची के निदेशानुसार निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 02- बोरियो(अनुसूचित जनजाति) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र -सह- अनुमंडल पदाधिकारी, साहिबगंज, अंगार नाथ स्वर्णकार की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम विगत चुनाव के सफल समापन पर आभार व्यक्त किया गया। तत्पश्चात अलग-अलग अहर्ता तिथियां एवं वर्तमान में चल रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी गई।

उपायुक्त की अध्यक्षता में समन्वय समिति की महत्त्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

प्रशासनिक निर्देशों व योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

सुजीत कुमार, ब्यूरो, साहिबगंज

साहिबगंज : समाहरणालय सभागार में उपायुक्त, हेमंत सती की अध्यक्षता में समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों की समीक्षा की गयी और पिछले बैठक में दिए गए निदेशों के अनुपालन की स्थिति पर चर्चा की गयी। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों से विभागीय कार्यों की विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के सभी थानों में वर्षों से पड़ी जब्त बाइकों और अन्य वाहनों के शीघ्र नीलामी (ऑक्शन) की प्रक्रिया को पूरा करने के निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि जब्त वाहनों के सही इस्तेमाल और राजस्व बढ़ाने के उद्देश्य से जल्द से जल्द यह कार्य पूरा किया जाना चाहिए। उपायुक्त ने जिला स्तरीय हाईकोर्ट से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी लंबित फाइलों को शीघ्र निष्पादित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से संवेदनशील मामलों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया ताकि जिले की प्रशासनिक प्रक्रियाएं सुचारू रूप से संचालित हो सकें। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य से जुड़े 33 विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। उन्होंने अठट और उल्ड कर्मियों को समय पर प्रोत्साहन राशि भुगतान करने के निर्देश भी दिए ताकि स्वास्थ्य सेवाएं निर्बाध रूप से चलती रहें। उत्पाद विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने जिले में अवैध शराब के खिलाफ सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए।

रोटरी क्लब कोडरमा में होली मिलन समारोह आयोजित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झुमरी तिलैया : रोटरी क्लब कोडरमा के द्वारा शिव वाटिका में होली मिलन समारोह ढोल नगाड़े नृत्य संगीत के साथ आनंदपूर्वक मनाया। अध्यक्ष अमित कुमार एवं क्लब की प्रथम महिला रोटेरियन शिल्पी गुप्ता ने सभी सदस्यों अतिथियों को दुपट्टा बनाकर अबीर लगाकर सम्मानित किया। रोटेरियन संतोष सिन्हा सुरेश जैन महेश दारूका ने भारतीय संस्कृति में होली पर्व के महत्व को बताया और भाईचारा से मनाने की अपील की। क्लब के सभी सदस्यों परिवार के बच्चों ने होली की मस्ती का आनंद लिया, सभी लोगों को चंदन का लेप रंग बिरंगे अबीर लगाया गया। आए हुए सभी लोगों ने लजीज व्यंजन चाट पकोड़े पुआ और ठंडाई का भी भरपूर स्वाद लिया। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर सिमरनजीत सिंह एवं मनीष पेड़ीवाल के द्वारा रंगोत्सव के इस पर्व में शानदार ढंग से रंगारंग कार्यक्रम म्यूजिक डांस प्रतियोगिता कराए गए ढोल नगाड़े की धुन पर लोगों ने होली का नृत्य किया आनंद उठाया। कोलकाता से विशेष रूप से आमंत्रित होली संगीत कलाकार रूपा कुमारी ने अपने सतरंगी होली के गीतों से लोगों को झुमा दिया। सचिव प्रवीण बरनवाल रितु सेठ मोहक सुल्तानिया ने मंच संचालन करते हुए महिला पुरुष सदस्यों के बीच आकर्षक गेम के द्वारा लोगों को आनंदित किया। रोटरी क्लब के युवा साथी गौरांग पुजारा शैलेश दारूका आकाश खेतान विपुल बगड़िया सनी कुमार ईशान सेठी आशीष कुमार राहुल मोदी मनीष गंगवाल आदि सदस्यों ने अपने परिवार के साथ नृत्य संगीत आदि कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में लकी ड्रा का पुरस्कार रोटेरियन संदीप सिन्हा धर्मेंद्र प्रसाद विपुल बगड़िया शिल्पी गुप्ता प्रवीण मोदी को मिला। मौके पर रोटेरियन सुरेश जैन कैलाश चौधरी महेश दारूका धर्मेंद्र प्रसाद सुभाष मोदी चार्टर्ड अकाउंटेंट सुधीर कुमार प्रदीप हिसारिया संजीव अग्रवाल अभय कुमार माला दारूका विकास सेठ डॉ संतोष कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी
(जिला शस्त्र शाखा)

प्रेस विज्ञप्ति

इस कार्यालय के प्रेस विज्ञप्ति सं0 90(ii)/श0 दिनांक–05.11.2024 के द्वारा निम्नांकित अनुज्ञप्तिधारी को दो दिनों के अन्दर अपना लिखित पक्ष समाहरणालय (सामान्य शाख), खूँटी में प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया था। परन्तु निर्धारित अवधि में किसी के द्वारा अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया है। थाना प्रभारी कर्रा, रनियाँ एवं पुलिस अधीक्षक, खूँटी के द्वारा इनके अनुज्ञप्ति को रदद करने का अनुशंसा किया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् है :–

क्र	अनुज्ञप्तिधारियों का नाम एवं पता	अनुज्ञप्ति सं0	अनुज्ञप्ति के प्रकार
1	पाल बेंजामिन पंकज, पिता–मनसाव पंकज, सा0–चंदापारा, थाना–कर्रा जिला–खूँटी	XX/52	DBBL Gun no 24870
2	धिरेन्द्र प्रसाद, पे0–मोगेन्द्र प्रसाद वर्मा, सा0–कंकडबाग, थाना–कंकडबाग, पटना बिहार	CDML-19/90	ONE NP BORE RIFLE

अतः थाना प्रभारी कर्रा, रनियाँ एवं पुलिस अधीक्षक, खूँटी के जॉच प्रतिवेदन तथा अनुशंसा के आलोक में आयुद्ध अधिनियम 1959 तथा आयुद्ध नियम 2016 के कंडिका कमशः 17(क) एवं नियम 47 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत उपरोक्त अनुज्ञप्तिधारियों के अनुज्ञप्ति को निरस्त किया जाता है।

ह0/–
जिला शस्त्र दण्डाधिकारी,
–सह–उपायुक्त,खूँटी

PR 348239 District(24-25)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –18/2024–25
(DMFT Head)

1. विभाग का नाम :–पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :–18.03.2025 के अपराहन 1.00 बजे तक (छुटटी के दिनो को छोड़कर)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–19.03.2025 को 1.00 बजे अपराहन तक।
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :–19.03.2025 के 3.30 बजे अपराहन ।
6. निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–(क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला। (ख) सहायक अभियन्ता, पेयजल एवं स्व0 अवर प्रमण्डल सं0–1 गुमला।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :–(क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, गुमला।

कार्य की विवरणी

क्र0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि लगभग (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	.Construction and Retrofitting of existing rural water supply scheme with 1-0 HP DC solar motor pump complete set for Tola at Khas Aurapat, Village **Aurapat A,** Panchayat Udni, Block-Dumri under Drinking Water and Sanitation Division, Gumla for the year 2024-25.	3,62,420.00	7,250.00	750.00	03 Month
2	.Construction and Retrofitting of existing rural water supply scheme with 1-0 HP DC solar motor pump complete set for Tola at Khas Aurapat, Village **Aurapat B,** Panchayat Udni, Block-Dumri under Drinking Water and Sanitation Division, Gumla for the year 2024-25.	3,76,718.00	7,550.00	750.00	03 Month

निविदा की नियम एवं शर्ते :– कार्यालय सूचना पट पर उपलब्ध है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,गुमला

PR 348213 (Drinking Water and Sanitation)24-25*D

एक झलक

भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह आदर्श आचार संहिता के एक मामले में बरी

डेहरी आन सोन : रोहतास जिले के बिक्रमगंज अनुमंडल व्यवहार न्यायालय से सोमवार को भोजपुरी सिनेमा के अभिनेता पवन सिंह आचार संहिता उल्लंघन के एक मामले में बरी हो गए। बिक्रमगंज व्यवहार न्यायालय ने भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह को आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के एक पुराने मामले में दोष मुक्त करार दिया है। लोकसभा चुनाव 2024 में निर्दलीय प्रत्याशी रहे पवन सिंह के विरुद्ध आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र में चार मामला दर्ज हुआ था। सोमवार को कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में उन्हें एक मामले में बरी कर दिया।

राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा ने किया होली मिलन समारोह आयोजित

सहरसा : राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के सहरसा जिला इकाई के सौजन्य से कोशी प्रमंडल प्रभारी तथा महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेश झा के संयोजन में रॉयल बैंक्वेट गार्डन सुभाष चौक, सहरसा में राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा का प्रदेश कार्यसमिति की बैठक सह होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। शत्रुघ्न चौधरी के निर्देशन में महिषी के वेदपाठी बच्चों के द्वारा स्वस्तिवाचन किया गया। प्रदेश कार्य समिति के बैठक की अध्यक्षता महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ललित कुमार झा ने किया, जिसमें महासभा के प्रदेश युवाध्यक्ष आशुतोष पांडे, भागलपुर जिलाध्यक्ष रणजीत चौबे सहित कई जिले के प्रभारी मौजूद रहे। शैलेश झा ने कहा कि ब्राह्मण महासभा द्वारा जिले के सभी गांव में महासभा का गठन कर समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने, युवाओं को नशा से दूर रहने, वृक्षारोपण सहित अनेक प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम चलाये जायेंगे।

यूथ फेडरेशन का 18वां जिला सम्मेलन सम्पन्न, मजबूती का संकल्प

नवादा : ऑल इण्डिया यूथ फेडरेशन का 18 वां जिला सम्मेलन सोमवार को स्थानीय अंबेडकर पुस्तकालय के सभागार में राज्य इकाई से आये पर्यवेक्षक निधीश कुमार गोलू की देख-रेख में संपन्न हुआ। सम्मेलन में जिला परिषद के 19 सदस्यीय नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकरिणी सूची के अनुसार शैलेन्द्र कुमार को अध्यक्ष, सुनील कुमार को उपाध्यक्ष, अनुज सिंह को सचिव, नीरज कुमार को सह सचिव और सखीचंद्र रविदास को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके पूर्व पर्यवेक्षक निधीश कुमार गोलू ने युवाओं को ललकारते हुए व्यवस्था परिवर्तन हेतु कमर कस लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नवादा की धरती क्रांतिकारी धरती रही है जहाँ से परिवर्तन का पहला बयार शुरू होता है। जयनंदन प्रसाद सिंह ने कहा कि नवादा में यूथ संगठन की क्रियाशीलता निकट भविष्य में देखने को मिलेगी, क्योंकि इसमें ऊर्जावान युवा स्वतः सामने आये हैं।

जदयू की बैठक में विधानसभा चुनाव तैयारी की हुई समीक्षा

सहरसा : नगर निगम जनता दल यूनाइटेड की एक बैठक सोमवार को पूजा बैंक्वेट हाल जिला परिषद सहरसा में हुई,जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चंद्रदेव मुखिया ने की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चंद्रदेव मुखिया ने कहा कि 2025 विधान सभा चुनाव में 225 सीट जीतने का लक्ष्य है। इसके लिए हम कार्यकताओं को बूथ पर सशक्त होना होगा। तभी हमारे गठबंधन के नेताओं का संकल्प पूर्ण होगा। हमारे पास मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का न्याय के साथ विकास का जनाधार है।इसलिए हर बूथ पर दस सदस्य का एक सक्रिय बूथ कमिटी का गठन करें। वरिष्ठ नेता आनंदी मेहता ने कहा कि बिहार में विकास हुआ है दबे जुबान से ही सही लेकिन प्रतिपक्ष के लोग भी इसे स्वीकारते हैं, लेकिन मुख्यमंत्री बिहार को उस ऊंचाई पर ले जाना चाहते हैं जहां से कोई उसे नीचा नहीं कर सके। इसलिए नीतीश कुमार को पुनः बिहार का मुख्य मंत्री बनाना आवश्यक है। नीतीश कुमार हम लोगों की आवश्यकता है। इसलिए कार्यकर्ता हर बूथ को चुनौती के रूप में लें।

विधि व्यवस्था को लेकर डीजीपी ने की बैठक, दिये कई निर्देश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सोमवार को विधि व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक करने के लिए रांची एसएसपी ऑफिस पहुंचे। इस दौरान डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, सीआईडी के डीआईजी संध्या रानी मेहता और एटीएस एसपी ऋषभ झा सहित कई पुलिस पदाधिकारी शामिल थे। समीक्षा के दौरान डीजीपी ने रांची में सक्रिय संगठित अपराधिक गिरोह और अपराधिक घटना का समीक्षा किए। इसके अलावा डीजीपी ने जेल से बाहर निकले अपराधियों पर अब तक क्या कार्रवाई हुई। इसको लेकर संबंधित पुलिस अधिकारी से जानकारी ली। साथ ही हत्या और रंगदारी से संबंधित मामले का भी

डीजीपी ने समीक्षा की। इस दौरान डीजीपी ने अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिये।

फायरिंग मामले में एसआईटी लगातार कर रही है छापेमारी

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा पर फायरिंग कर भागने वाले तीन आरोपितों की तलाश में एसआईटी लगातार छापेमारी कर रही है। एसआइटी की टीम ने सीसीटीवी फुटेज के जरिये बड़काकाना तक ट्रैक किया है। इससे पहले पुलिस ने बीआइटी ओपी तक अपराधियों का सीसीटीवी फुटेज हासिल किया था। एसआइटी को जांच के दौरान आशंका है कि शूटर बड़काकाना से आगे रामगढ़ होते हुए आगे भाग निकले होंगे। पुलिस टीम हजारीबाग में भी विभिन्न स्थानों पर संदिग्ध शूटरों की तलाश में छापेमारी कर रही है। अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है, उससे एसआइटी को इस बिंदु पर भी आशंका है कि शूटरों को बाहर से सुपारी देकर हत्या की नीयत से बुलाया गया था। एसआइटी को कॉल डंप के जरिये भी कुछ संदिग्ध मोबाइल नंबर मिले हैं। इसके आधार पर ही संदिग्ध की भूमिका पर साक्ष्य एकत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। एसआइटी में शामिल अलग-अलग टीम को रांची के बाहर भी छापेमारी के लिए भेजा गया है, ताकि घटना में शामिल शूटरों के बारे में सुराग मिल सके।

हेलमेट चेकिंग के लिए नियमित चलायें विशेष अभियान, हाइवे पर सभी अवैध कट को चिह्नित कर किया जाये बंद : डीएम

एजेंसी

फारबिसगंज : अररिया जिला पदाधिकारी -सह- अध्यक्ष जिला सड़क सुरक्षा समिति अनिल कुमार तथा पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परमान सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। इस क्रम में जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को कई जरूरी दिशा निर्देश दिये। बैठक में मुख्य रूप से ड्राइविंग लाइसेंस रद्द/निलंबन, हेलमेट चेकिंग, हिट रन से संबंधित सड़क दुर्घटना में मुआवजा की स्थिति, नन हिट रन से संबंधित सड़क दुर्घटना में मुआवजा की स्थिति, तेज गति से वाहन चलाना, बस स्टॉप का निर्माण, अररिया में ब्लैक-स्पॉट की सूची की गहन समीक्षा की गई।जिलाधिकारी द्वारा जिले में सभी थाना, यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग को हेलमेट चेकिंग हेतु नियमित रूप से विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। बैठक में बताया गया कि जिले के अंदर सभी अवैध कट को चिन्हित किया गया है। इस क्रम में संबंधित विभाग को इन सभी अवैध कटों को बंद करने के लिए जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश किया गया, ताकि सड़क दुर्घटना में कमी हो सके। ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर वहां अंडर पास के निर्माण हेतु संबंधित विभाग को प्रस्ताव भेजने हेतु निर्देशित किया।

सिकटी पुलिस ने 120 बोतल नेपाल निर्मित शराब और बाइक की जब्त, तस्कर फरार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

अररिया : जिले की सिकटी थाना पुलिस ने सोमवार को संध्या गश्ती के दौरान वाहन जांच के दौरान 120 बोतल नेपाल निर्मित शराब और एक बाइक जब्त की है,जबकि तस्कर मौके से फरार होने में सफल रहे। सिकटी थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार प्रसाद ने बताया कि एसआई सकलदीप यादव के नेतृत्व में संध्या गश्ती के दौरान कुचहा धाता वार्ड 02 के समीप नेपाल से भारत आने वाली और रामपुर जाने वाली सड़क पर वाहन जांच की जा रही थी। इस दौरान बाइक पर सवार दो व्यक्ति दो बोरी लेकर नेपाल से भारतीय क्षेत्र में घुसे। पुलिस की गाड़ी को देखकर बाइक सवार ने बाइक मोड़कर नेपाल क्षेत्र की ओर मुड़ने की कोशिश की। पुलिस बल द्वारा उनका पीछा किए जाने पर दोनों बाइक और बोरी छोड़कर नेपाल क्षेत्र में भागने में सफल हो गए।बाद में दोनों बोरियों की जांच की गई, जिसमें पहली बोरी में 56 और दूसरी बोरी में 64 कुल 120 बोतल नेपाल निर्मित शराब उमंगा बरामद हुई। साथ ही एक काले रंग की सुपर स्प्लेंडर बाइक, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर इफ37 जे 4392 था, भी बरामद की गई। अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

पालतू जानवरों की देखभाल के लिए लगा जागरूकता कैम्प

सीवान : शहर के टाउन हॉल में सोमवार को पेट्स हेल्थ डॉग एंड कैट और अवेयरनेस कैंप का आयोजन किया गया। डीएम के निर्देश पर जिला पशु क्रूरता निवारण समिति और जिला पशुपालन पदाधिकारी सीवान के संयुक्त तत्वाधान में इसका आयोजन हुआ। कार्यक्रम में पशु चिकित्सकों ने पालतू डॉग व अलग अलग प्रजाति के बिल्लियों के स्वास्थ्य की जांच की । इसके साथ ही मुफ्त दवा भी दी गई। वहीं पशु क्रूरता के संबंध में लोगों को जागरूक भी किया गया। पालतू जानवरों के स्वास्थ्य से संबंधित विषयों जैसे डॉग एंड कैट के डी वार्मिंग, टीकाकरण, पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य, जेनेटिक बीमारियों, पशु क्रूरता, संतुलित पशु आहार सहित अन्य विषयों पर विशेषज्ञों ने लोगों को जानकारी दी।

जर्जर हो चुके महेशपुर-शुनुवाबेड़ा पथ में पैदल चलना हुआ मुश्किल

रोड मरम्मत को लेकर डीसी से मिले सिरका मुखिया

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

अनगड़ा : अनगड़ा-गेतलसूद मार्ग में महेशपुर से शुनुवाबेड़ा तक जर्जर हो चुके पथ को मरम्मतीकरण को लेकर सोमवार को सिरका मुखिया रौशनलाल मुंडा के नेतृत्व में ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल उपायकुत रांची के ओएसडी से मिला। पथ मरम्मत कराए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। मुखिया रौशनलाल मुंडा ने बताया कि उक्त पथ काफी जर्जर व जानलेवा हो गया है। जर्जर सड़क के कारण आए दिन इसमें दुर्घटना घट रही है। रोड में बड़े बड़े नुकीले बोल्डर निकल आया है। इसपर पैदल चलना भी मुश्किल है। इस रोड को मरम्मत कराए जाने की मांग को लेकर संपन्न हुए विस चुनाव में सिरका के ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया था। इसपर स्थानीय प्रशासन के द्वारा चुनाव के उपरांत रोड मरम्मत कराए जाने का आश्वासन दिया गया था। पांच माह बीत जाने के बावजूद रोड मरम्मत की प्रक्रिया शुरू नही हुआ। इससे ग्रामीणों में काफी रोष है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से वित्तीय वर्ष 2009-10 में इसका निर्माण कराया गया था। ज्ञात हो कि रोड मरम्मत कराए जाने को लेकर मुखिया रौशनलाल मुंडा स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मिल चुके है। लेकिन समस्या यथावत है। इस मौके पर सिरका ग्रामप्रधान बाबूलाल मुंडा, रामजीत नायक, किशुन महतो, विजय चौधरी, सोमरा मुंडा, सोहन महतो, जलेश महतो, जितेंद्र महतो, बालेश चौधरी, कृष्ण महतो, सकल मुंडा, रंथू मुंडा, सेवाराम महतो, भोला नायक, श्याम महतो आदि शामिल थे।

सेल रांची यूनिट ऑफिशियल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन फाइनल मैच में टीम-3 ने टीम-1 को 72 रनों से रौंदा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : सेल यूनिट्स स्पोर्ट्स क्लब रांची द्वारा आयोजित वार्षिक क्रिकेट टूर्नामेंट 2024-25 का समापन सेल सैटिलाइट टाउनशिप ग्राउंड पर हुआ। 3 महीने तक चलने वाली सेल कर्मियों के इस टूनार्मेंट के फाइनल मैच में कप्तान सच्चिदानंद की टीम 3 ने कप्तान अभिषेक की टीम 1 को 72 रनों से हराया। इस मैच में टीम 3 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 10 विकेट गवां कर 158 रन बनाए। टीम 3 के तरफ से पहले बल्लेबाजी करते हुए विकाश खरे और निलेश सिन्हा ने 35- 35 रनों का योगदान दिया और टीम 1 के बॉलर एस के मंडल ने सर्वाधिक 3 विकेट झटके। 158 रनों का पीछा करते हुए टीम 1 मात्र 86 रन पर धराशाई हो गई। टीम 1 के कप्तान अभिषेक ने सर्वाधिक 22 रन बनाए। टीम 3 के तरफ से प्रिंस ने 4 विकेट लिया और बी आर मीणा के साथ मिलकर कुल सात विकेट लेते हुए टीम 1 की कमर तोड़ दी। मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज और बेस्ट बैट्समैन का अवार्ड प्रिंस केरकेट्टा को मिला। वहीं बेस्ट बॉलर का अवार्ड टीम 1 के एस के मंडल को मिला ।

झारखंड की झोली में आये पहले दिन 02 स्वर्ण व 01 कांस्य पदक

- साकेत मिंज एवं अफरोज अहमद ने बालक अंडर 18 आयु वर्ग 20वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक एवं हिमांशु ने कांस्य
- 20वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप से अप्रैल में सऊदी अरबिया में आयोजित 6वीं एशियन यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए चयनित किया जाना है भारतीय टीम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : भारतीय एथलेटिक संघ, नयी दिल्ली एवं बिहार एथलेटिक्स संघ के संयुक्त

तत्वाधान में 10 से 12 मार्च 2025 को स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पटना में आयोजित 20वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बालक अंडर 18 आयु वर्ग 400 मीटर दौड़ में 47.63 सेकेंड का समय के साथ रांची साईं के साकेत मिंज ने स्वर्ण पदक जीत राज्य का नाम रौशन किया। वहीं कर्नाटक के रोहित सैयद सबीर , कर्नाटक ने 48.06 से. का समय लेकर रजत एवम कादिर खान उत्तर प्रदेश ने 48.54 से. का समय के साथ कांस्य पदक जीता। वहीं ऊंची कूद में हजारीबाग के अफरोज अहमद ने 2.04 मीटर के साथ झारखंड को स्वर्ण पदक दिलाया जबकि हिमांशु कुमार सिंह ने 2.02 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा का रजत 2.04 मीटर के साथ केरल के देवक भूषण ने प्राप्त किया। 5000मीटर पैदल चाल में प्रशांत कुमार चौथे एवं जगदीश उरांव(बोकारो) सातवें स्थान पर रहे। इस उपलब्धि पर झारखंड एथलेटिक्स संघ प्लानिंग कमिटी के चेयरमैन डॉ मधुकांत पाठक, झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष सी.डी. सिंह सचिव ,शिव कुमार पांडेय, आशीष झा, आलोक मिश्रा, किरण रानी नायक, बंधन टोप्पो,प्रभाकर वर्मा,सिकंदर महतो, साईं रांची सहायक निदेशक करण साधवानी, एथलेटिक्स कोच विनोद सिंह, हॉकी कोच बी महापात्रा, जगन टोपनो, तीरंदाजी कोच सोमेंद्र शर्मा, संजय त्रिपाठी,अजय नायक, झारखंड टीम कोच आशु भाटिया, टीम मैनेजर प्रेम महतो,रविन्द्र मुर्मू, अजीत कुमार साहू, दशरथ महतो, रणवीर सिंह, कोच शैलेश कुमार, प्रभात रंजन,बरुण कुमार , पुष्पा हस्सा, मनोज कॉन्बेगी,आनंद मेंजज,सरोज यादव, अनिल कुमार, राकेश कुमार,गंगाधर यादव,अनवर हुसैन,अशोक भट्टाचार्य , कोच योगेश यादव राज्य के खेल प्रेमियों ने बधाई दी।



राजद ने अल्पसंख्यकों को वोट बैंक बनाया, नीतीश कुमार ने वाजिब हक दिलाया : उमेश सिंह कुशवाहा

एजेंसी

पटना : जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने सोमवार को बयान जारी कर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के हितैषी होने के दावे को राजनीतिक ढोंग बताते हुए कहा कि राजद केवल अल्पसंख्यकों को गुमराह कर उनका वोट बटोरने की राजनीति करती है लेकिन हकीकत यह है कि 15 वर्षों के शासन में लालू-राबड़ी की सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय को सिर्फ ठगा गया। उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज के वास्तविक हितों की रक्षा हेतु नीतीश सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कब्रिस्तानों की घेराबंदी, उर्दू शिक्षकों की बहाली, मदरसा शिक्षकों को वेतनमान, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक उद्यमी योजना, तालिमी मरकज, मरदसों का आधुनिकरण सहित अल्पसंख्यक समाज के लोगों के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कई योजनाओं धरातल पर उतारा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लालू-राबड़ी के शासनकाल में अल्पसंख्यकों के नाम पर सिर्फ खोखली राजनीति की गई लेकिन उनके शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार की चिंता कभी किसी ने नहीं की। उन्होंने कहा कि राजद की सरकार में मदरसों और शिक्षण संस्थानों की दयनीय स्थिति किसी से भी छिपी हुई नहीं है।

पलामू स्पोर्ट्समेन क्लब ने मनाया होली मिलन समारोह

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : पलामू स्पोर्ट्समेन क्लब का होली मिलन समारोह सीआरपीएफ कैंप सेंबो रांची में डीआईजी Dharmendra NarainLal भैया के सहयोग से और ब्रजेश भैया के ऑगेर्नाइजिंग स्किल से कल का होली मिलन यादगार बन गया। Prabhat Mishra भैया और भाभी का दिल्ली से आना प्रोग्राम में चार चांद लगा दिया और उनके 51 बर्ष पुराने मित्रो से मिलने की खुशी ने हम लोगो को ये प्रोग्राम को करना सफल कर दिया । सुबोध कांत सहाय भैया का सह परिवार आना भी इस प्रोग्राम का एक महत्वपूर्ण बिंदु रहा सुबोध भैया अपने बचपन के सभी पड़ोसियों से मिल कर और अपनी बेटी को भी सब से मिला कर बहुत खुश थे मानो बचपन के दिनों में चले गए थे उनके भाई सुनील भैया भी पूरे परिवार के साथ थे और अपने सब पुराने वॉलीबॉल के मित्रो और हम लोगो का दाऊ विश्वनाथ भैया के साथ मिल कर खूब पुराने दिनों को साहित्यसमाज चौक डाल्टेनगंज को याद किए । मां रँ४५१ँ’ ईँ१ँ की उपस्थिति ने उनके लिए और वहां उपस्थित सभी के लिए भावुक पूर्ण पल में बदल दिया क्योंकि ये सब लोग हमारे परिवार से तीन पुश्तों से जुड़े हुए है और कई तो पापा के मित्र थे या उनके मित्र के बेटा और परिवार। मेरे लिए ये और भी इंपॉर्टेंट इसलिए था कि डॉक्टर के सलाह के बाद और जिया के लेटेस्ट मेडिकल रिपोर्ट के बाद करीब 6 महीने बाद जिया को ले कर किसी भी बड़े कार्यक्रम में शामिल हुआ।

राजकुमार महतो अध्यक्ष व पद्मश्री मुकुंद नायक मुख्य संरक्षक बने

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : रविवार को 'शिव मंडा पूजा समिति', चुटिया, रांची की एक आम बैठक समिति के संरक्षक राधेश्याम केसरी के अध्यक्षता में राम, लखन, जानकी स्मृति भवन, महादेव मंडा के प्रांगण में संपन्न हुआ। वर्ष 2024-25 का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया जो सर्व सहमति से पारित हुआ, साथ ही इस वर्ष शिव मंडा पूजा धूमधाम से मनाने के लिए मंदिर के पुजारी पं. हरिमोहन पांडे जी ने पूजन कार्यक्रमों की घोषणा की और सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जो निम्नलिखित है।

पूजन कार्यक्रम

1. डगरः 01अप्रैल से
2. मुंडनः 06 अप्रैल को
3. उत्तरी एवं शिव बारातः 07 अप्रैल
4. रात्रि शोभायात्राः 08 अप्रैल से 12 अप्रैल तक
5. जागरण एवं फुलकुंदीः 13 अप्रैल को

6. शोभायात्रा सह झूलनः 14 अप्रैल को
7. छठीः 15 अप्रैल को

नयी कार्यकारिणी

मुख्य संरक्षकः पद्मश्री मुकुंद नायक, विजय साहू, मदन केसरी, विजय तिर्की, राधेश्याम केसरी, सुरेश साहू, मदन सिंह

संरक्षकः रामवृत्त महतो, लालो महतो, प्रमोद गोप, मनपुरण नायक, रामलखन महतो, संजय प्रसाद, कैलाश केसरी, लखन महतो, नंदू ठाकुर, अरविंद कुमार, वीरू साहू, मदन मुंडा, रविंद्र प्रसाद, सरवन महतो, राम उरांव, रामशरन तिर्की, अनिल रंजन चौधरी, दिलीप साहू, गोपाल ठाकुर

अध्यक्षः राजकुमार महतो

कार्यकारी अध्यक्षः रवि गोप, उदय पासवान

महामंत्रीः मनोज गोप (चुन्नू)

वरीय उपाध्यक्षः मिथिलेश गोप, धनंजय सिंह, मनोज गोप, धर्मेंद्र सोनी, विक्रम साहू, अंकित केसरी, पंकज केसरी

उपाध्यक्षः भोला चौधरी, अनूप ठाकुर, गुल्लू गोप, कौशल चौधरी, बद्री विशाल, अमित साहू, गौतम महतो, राजेंद्र केसरी, रामदेव लोहरा, जसवंत प्रसाद, आयुष कश्यप, सुधीर महतो, तपन कुमार महतो, महावीर रजक, सुमित महतो, सूरज मुंडा, सुनील महतो (बाबा) धनंजय ठाकुर, बादल महतो, विकास राम लोहार, उपेंद्र सिंह, रवि महतो, कृष्णा साहू (गुड्डू)

मंत्रीः दिलीप गोप, कुलदीप साहू, प्रतीक चौधरी, शिवम सिंह, बबलू वर्मा, सकलदीप सिंह, संदीप चौधरी, अमित केसरी, कृष्ण गोप, कुलदीप लोहरा, अजीत गोप, अमरदेव महतो, सूरज रजक, ललन चौधरी, रूपेश केसरी, धंजू नायक, किशोर नायक, शिवम गोप, अमर चौधरी, अमित लोहरा, शत्रु नायक, आकाश साहू, आलोक गुप्ता

संगठन मंत्री : रितेश गोप, प्रेम साहू, राजू राम, सोनू साहू, सुबोध साहू, सुरेश मुण्डा, शिवम केसरी, अमन केसरी, अंकित आनंद केसरी, विवेक कुमार महतो, गोपाल साहू, बृजेश पांडेय, सूरज केसरी, रवि प्रकाश गोप, सुमित कुमार महतो, गोपाल महतो, अभिषेक महतो, रमेश साहू, रमेश महतो, पवन साहू, अंकित सिंह ।

वैश्य समाज ने किया होली महोत्सव का आयोजन

एकता व भव्यता की दिखी अनोखी झलक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रामगढ़ : झारखंड वैश्य समाज द्वारा गणक मैरिज हॉल रामगढ़ में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 56 वैश्य उपजातियाँ के द्वारा एक मंच पर होली मिलन समारोह मनाकर अनोखी एकजुटता और भव्यता का परिचय दिया। झारखंड वैश्य समाज के केंद्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता उर्फ नंदू गुप्ता की अध्यक्षता एवं वैश्य समाज के वरिष्ठ सदस्य शिव शंकर साहू के द्वारा मंच संचालन किया गया। होली महोत्सव के उपलक्ष्य पर मुख्य अतिथि बड़कागांव की पूर्व विधायक

सह कॉंग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय सचिव अंबा प्रसाद के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। अंबा प्रसाद ने कहा कि वैश्य समाज सदियों से आर्थिक मूल्यों और नीतियों का धरोहर रहा है। वैश्य समाज के साथ-साथ अन्य समाज और सांस्कृतिक संगठनों की होली महापर्व विभिन्नताओं में एकता की एकजुटता का संदेश है जो हमारे देश की मिट्टी में ही संभव है। वैश्य समाज के सुख-दुख में हमेशा की तरह हमारी उपस्थिति रही है और रहेगी। उन्होंने गणक मैरिज हॉल के ऑनर सुरेश गणक को भी स्वागत कर आभार जताया कि उन्होंने इस कार्यक्रम में सभी का भरपूर सहयोग दिया और ख्याल रखा, जिसके लिए वे प्रशंसा के पात्र है। केंद्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता ने कहा कि सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वारा झारखंड प्रदेश में आपसी सद्भावना के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे। झारखंड वैश्य समाज के कार्यकारी अध्यक्ष रवि साहू ने कहा कि वैश्य समाज की एकता देश के आर्थिक और सामाजिक धरोहर का संदेश है। केंद्रीय सदस्य (मद्धेशिया समाज के अध्यक्ष) डोमन गुप्ता ने कहा कि हमारी हिस्सेदारी और वैश्य भावनाओं के साथ जो प्रतिनिधि कंधा से कंधा मिलाकर चलेगी वैश्य समाज उन्हें को साथ देगी और वह चुनावी रंगों में सराबोर हो सकेंगे। वैश्य समाज के विभिन्न प्रतिनिधियों ने अपने-अपने भावनाओं के द्वारा वैश्य समाज के हितों की रक्षा के लिए और एक मंच पर सभी कार्यक्रमों को स्वरूप देने के लिए मूल मंत्र दिया और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सभी ने भरपूर आनंद के साथ आपसी भेदभाव को भुलाकर होली का महापर्व मनाया। इस होली मिलन समारोह में प्रसिद्ध कलाकार राजू हलचल द्वारा भव्य संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

अबुआ अधिकार मंच, रांची विश्वविद्यालय के होली मिलन समारोह में खूब उड़े रंग-गुलाल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में अबुआ अधिकार मंच द्वारा आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में हजारों छात्र-छात्राओं ने उमंग और उत्साह के साथ रंगों के इस पावन पर्व का आनंद लिया। रंग-बिरंगे गुलाल से सराबोर इस समारोह में आपसी सौहार्द, भाईचारे और एकता की अनूठी झलक देखने को मिली। सभी ने मिलकर रंगों की बौछार की और होली के पारंपरिक गीतों पर झूमते हुए पर्व की खुशियां बांटी। इस उल्लासमय आयोजन में अबुआ अधिकार मंच के संरक्षक आशुतोष गोस्वामी, युवा नेता वेदांत कौस्तव एवं मंच के प्रदेश संयोजक गौतम सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मंच के नेताओं ने छात्रों को होली की शुभकामनाएं देते हुए समाज में एकता और भाईचारे के महत्व को रेखांकित किया। अबुआ अधिकार मंच के प्रदेश संयोजक गौतम सिंह ने कहा, होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि एकता, प्रेम और समरसता का प्रतीक है। यह पर्व हमें सिखाता है कि समाज में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए।

रोहित शर्मा ने संन्यास की अटकलों को किया खारिज, कहा

मैं संन्यास नहीं लेनेवाला

एजेंसी

दुबई : दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रविवार रात भारत द्वारा न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल जीतने के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने अपने करियर को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लगा दिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, मैं संन्यास नहीं लेने वाला। रोहित ने इस विषय पर खुद पहल करते हुए कहा, एक और बात। मैं इस प्रारूप से संन्यास नहीं लेने वाला, ताकि आगे कोई अफवाह न फैले। भारत को चार आई सीसी ट्रॉफी फाइनल में पहुंचाने और दो खिताब जिताने वाले इस दिग्गज बल्लेबाज ने यह घोषणा आत्मविश्वास के साथ की। यह बयान उन्होंने किसी सवाल के जवाब में नहीं, बल्कि एक स्पष्ट घोषणा के रूप में दिया। फाइनल के बाद पारंपरिक मीडिया कॉन्फ्रेंस के बाद, उन्होंने खुद इस विषय पर अपनी स्थिति स्पष्ट की और यह सुनिश्चित किया कि उनके भविष्य को लेकर कोई गलतफहमी न हो। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने हिंदी में कहा, फ्यूचर प्लान? कोई फ्यूचर प्लान नहीं है। जो चल रहा है, वही चलता रहेगा। उनके इस बयान से यह स्पष्ट संकेत मिला कि उनमें अभी भी क्रिकेट के लिए जबरदस्त जोश और भूख बनी हुई है। चैंपियंस ट्रॉफी में रोहित शर्मा का प्रदर्शन शानदार रहा, जहां उन्होंने 180 रन बनाए और इसी दौरान अपने 11,000 अंतरराष्ट्रीय वनडे रन भी पूरे किए। 273 वनडे मैचों में उन्होंने 48.76 की औसत से 11,168 रन बनाए हैं, जिसमें 32 शतक शामिल हैं, जिनमें से तीन दोहरे शतक हैं। इस टूर्नामेंट के दौरान रोहित के संन्यास को लेकर लगातार चर्चाएं हो रही थीं, खासकर क्योंकि उन्होंने पिछले साल जून में बारबाडोस में टी20 विश्व कप जीतने के बाद टी20 प्रारूप से संन्यास लेने की घोषणा कर दी थी। रोहित के अलावा विराट कोहली को लेकर भी ऐसी अटकलें थीं कि वे भी संन्यास की घोषणा कर सकते हैं। हालांकि, कोहली ने इस टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन किया और पांच मैचों में 218 रन बनाए, जिसमें एक शतक भी शामिल है।

चमचमाती ट्रॉफी के साथ रोहित शर्मा ने आलोचकों को दिया करारा जवाब

नयी दिल्ली : दुबई में खेले गए चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में रोहित शर्मा ने 76 रनों की शानदार पारी खेलकर अपनी टीम को खिताबी जीत दिलाई। बीते छह महीनों में रोहित के लिए यह सफर उतार-चढ़ाव से भरा रहा, जहां रन बनाने में कठिनाइयों के कारण उन्हें टीम से खुद को बाहर तक करना पड़ा था। लेकिन जैसा कि कहा जाता है, अंधेरे के बाद उजाला जरूर आता है। रोहित के लिए यह उजाला नहीं, बल्कि चमक, दीप्तिमान और गौरवशाली था।

आलोचनाओं के बीच रोहित का अडिग आत्मविश्वास

रोहित की बल्लेबाजी शैली को लेकर दिग्गजों ने सवाल उठाए थे, खासकर उनकी छोटी पारियों की आलोचना हो रही थी। लेकिन फाइनल मुकाबले में उनकी पारी ने सभी आलोचकों को चुप करा दिया। 41, 20, 15 और 28 रनों की पारियों के बाद उन्होंने सबसे महत्वपूर्ण मैच में 76 रन बनाकर टीम को जीत की राह पर ला खड़ा किया। रोहित की बल्लेबाजी में आक्रामकता के साथ-साथ दृढ़ता भी नजर आई। उन्होंने पावरप्ले में तेजी से रन बटोरने की कोशिश की ताकि बाद में टीम को परेशानी न हो। धीमी पिचों पर रन बनाना मुश्किल था, लेकिन उन्होंने हर मैच में खुद को साबित करने की कोशिश जारी रखी।

एक झलक

जूनियर एनटीआर ने टीम इंडिया को दी बधाई

हैदराबाद : आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम की जीत के बाद देश भर में जश्न का माहौल है। हर कोई टीम इंडिया के लिए खुशी जाहिर कर रहा है और खिलाड़ियों को बधाई दे रहा है। इसी बीच जूनियर एनटीआर ने भी सोशल मीडिया के जरिये भारतीय टीम को बधाई दी। जूनियर एनटीआर ने लिखा चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार जीत के लिए टीम इंडिया को बधाई, बिना हारे जीतना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। भारतीय टीम ने पिछले साल आईसीसी टी20 विश्व कप जीता था। इस प्रकार उसने रोहित की कप्तानी में दूसरा आईसीसी खिताब जीता है। इससे पहले भारत ने 2002 में श्रीलंका के साथ ट्रॉफी संयुक्त रुप से जीती थी जबकि 2013 में टीम इंडिया ने महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में ट्रॉफी को अपने नाम की थी। जूनियर एनटीआर केजीएफ फेम निर्देशक प्रशांत नील की आने वाली फिल्म में नजर आयेंगे।

मिस्ट्री गर्ल के साथ नजर आये चहल

दुबई : टीम इंडिया से बाहर चल रहे स्पिनर यजुवेन्द्र चहल आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट के फाइनल को देखने स्टेडिमय में मौजूद थे। इस दौरान चहल के साथ एक मिस्ट्री गर्ल भी नजर आयी। चहल का कुछ समय पहले ही पत्नी धनश्री वर्मा के साथ तलाक हुआ था। ऐसे में जब प्रशंसकों ने उनके साथ इस मिस्ट्री गर्ल को देखा तो ये कैमरे की नजरों से बच नहीं पाये। इस दौरान मिस्ट्री गर्ल सफेद कलर के टॉप में थी जिसने आंखों पर काला चश्मा लगा रखा था। दोनों एक दूसरे के साथ बातें बात करते दिखे जिसके बाद सोशल मीडिया पर इनकी तस्वीरें और वीडियोज वायरल होने लगे। कई फैंस ने अंदाज लगाया कि मिस्ट्री गर्ल आरजे महावश है जिसके साथ बीते दिनों भी चहल की एक तस्वीर वायरल हुई थी। वहीं इसके बाद महावश ने भी अपने सोशल मीडिया में स्टेडियम की एक वीडियो डालकर अपनी मौजूदगी की पुष्टि कर दी। आरजे महवश रेडियो जॉकी, कंटेंट क्रिएटर, होस्ट और लेखिका हैं, जिन्हें उनके मजेदार प्रैंक वीडियो और रेडियो शो के लिए जाना जाता है। उनका असली नाम महवश अमु वह दिल्ली में रेडियो मिर्ची 98.3 एफएम पर काम करती हैं।

ओलंपिक खेलों की मेजबानी का भारत का दावा मजबूत : सेबेस्टियन

एजेंसी

नयी दिल्ली : अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार सेबेस्टियन को ने कहा है साल 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत का दावा मजबूत है हालांकि कई और देशों के होने से मेजबानी की प्रतिस्पर्धा कठिन होगी। भारतीय ओलंपिक संघ ने आईओसी के भावी मेजबान आयोग को 2036 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पहले ही आशय पत्र सौंप दिया है। सेबेस्टियन ने कहा, मुझे खुश है कि भारत ओलंपिक खेलों का आयोजन करना चाहता है। उन्होंने कहा, मेजबानी हासिल करना हालांकि आसान नहीं होगा क्योंकि कई अन्य देश भी मेजबानी की दौड़ में शामिल हैं। बोलीदाता नहीं होगा, लेकिन भारत इसे बहुत मजबूत दावा बना सकता है। भारत के अलावा पोलैंड, इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, कतर, हंगरी, तुर्कीये, मैक्सिको और मिस्र ने भी साल 2036 ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा जतायी है। 2036 खेलों के मेजबान देश का फैसला अगले साल ही आयेगा। नए आईओसी प्रमुख के चुनाव 20 मार्च को होगे। इसी के बाद मेजबान का चयन होगा। सेबेस्टियन ने कहा कि अगर भारत को 2036 ओलंपिक की मेजबानी का अधिकार नहीं मिलता है तो भी उसे निराश नहीं होना चाहिये और आगे के लिए प्रयास जारी रखने चाहिये।

रोहित ने अय्यर को दिया साइलैंट हीरो करार

एजेंसी

दुबई : भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने में मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने भी अहम योगदान दिये। रोहित ने अय्यर को साइलैंट हीरो करार दिया है जो मध्यक्रम को जब भी जरुरत पड़ी संभालते दिखे। पूरे टूर्नामेंट के दौरान, भारतीय टीम का मध्य क्रम अपनी जिम्मेदारी निभाता रहा। इस दौरान कई मैच विजेता साझेदारियां भी हुईं। रोहित ने मैच के बाद कहा, मुझे इस टीम पर बहुत गर्व है। हमें पता था कि हालात कठिन होंगे पर हमने अपने को अच्छी तरह से ढाल लिया। अगर आप सभी खेलों को देखें, तो पहला मैच बांग्लादेश के खिलाफ था। मुझे पता है कि यह केवल 230 रन थे, लेकिन हम जानते थे कि विकेट थोड़ा धीमा था। हमें साझेदारी की जरूरत थी और बल्लेबाजों ने बड़ी साझेदारी की। बल्लेबाजी में गहराई ने भारत को फायदा पहुंचाया है, श्रेयस अपने शांत व्यवहार और आक्रामक अंदाज से बाकी खिलाड़ियों से अलग दिखने नजर आते हैं। उनके खाते तें शतक तो नहीं हैं पर अपनी निरंतरता के कारण वह टूर्नामेंट में भारत के शीर्ष रन बनाने वाले खिलाड़ी बने हैं। श्रेयस ने पांच मैचों में 48.60 की औसत से 243 रन बनाए हैं। रोहित ने श्रेयस के विभिन्न खेलों में महत्वपूर्ण साझेदारियों के विभिन्न उदाहरणों का हवाला देते हुए भारत के रिकॉर्ड बुक को फिर से लिखने की यात्रा में इस खिलाड़ी का नाम आना चाहिये।

चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में नहीं दिखा पीसीबी का कोई भी प्रतिनिधि

एजेंसी

नयी दिल्ली : चैंपियंस ट्रॉफी का 20 दिनों तक चला क्रिकेट महाकुंभ दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को भारत के चैंपियन बनने के साथ समाप्त हुआ। भारत की ऐतिहासिक जीत के बाद पाकिस्तान की ओर से एक नया विवाद खड़ा हो गया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) का कोई भी प्रतिनिधि ट्रॉफी वितरण समारोह में मौजूद नहीं था। पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने इस मुद्दे को सोशल मीडिया पर उठाते हुए कहा, ₹भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी जीत ली, लेकिन मुझे एक अजीब बात नजर आई। पीसीबी की ओर से कोई भी मंच पर मौजूद नहीं था, जबकि पाकिस्तान इस टूर्नामेंट का मेजबान था। यह मेरे लिए समझ से बाहर है कि इस वैश्विक मंच पर कोई प्रतिनिधि क्यों नहीं था। वहां पीसीबी के किसी भी सदस्य को नहीं देखा गया।

पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी नहीं पहुंचे दुबई

रिपोर्ट्स के मुताबिक टूर्नामेंट के मेजबान होने के बावजूद पीसीबी का कोई भी निर्वाचित सदस्य दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मौजूद नहीं था। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी समापन समारोह के लिए दुबई नहीं पहुंचे। उनकी जगह सुमैर अहमद, जो पाकिस्तान चरण के टूर्नामेंट निदेशक थे।

डब्ल्यूपीएल समिति में हुए अहम बदलाव

रोहन गौस और दिलशेर खन्ना को मिली नयी जिम्मेदारी

एजेंसी

नयी दिल्ली : भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने वुमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) समिति में अहम बदलाव किए हैं। बीसीसीआई के मानद संयुक्त सचिव चुने जाने के बाद रोहन गौस देसाई को डब्ल्यूपीएल समिति में शामिल किया गया है। इसके अलावा दिलशेर खन्ना को भी आठ सदस्यीय समिति में नामित किया गया है। यह बदलाव प्रभतेज भाटिया के बीसीसीआई के मानद कोषाध्यक्ष चुने जाने के बाद हुआ है, क्योंकि वह पहले डब्ल्यूपीएल समिति के सदस्य थे। बीसीसीआई ने इन नियुक्तियों के जरिए डब्ल्यूपीएल संचालन को और मजबूत करने का प्रयास किया है।

डब्ल्यूपीएल समिति की नयी संरचना

रोजर बिन्नी (अध्यक्ष), देवजीत सैकिया (संयोजक), अरुण सिंह धूमल (आईपीएल अध्यक्ष), राजीव शुक्ला (बीसीसीआई उपाध्यक्ष), प्रभतेज भाटिया (बीसीसीआई मानद कोषाध्यक्ष), रोहन गौस देसाई (बीसीसीआई मानद संयुक्त सचिव), मधुमति लेले (सदस्य), दिलशेर खन्ना (सदस्य)।

चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने के बाद कोहली ने कहा

हम ऑस्ट्रेलिया के कठिन दौरे के बाद वापसी करना चाहते थे

एजेंसी

दुबई : भारत ने रविवार (9 मार्च) को न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक जीत के बाद स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने टीम के प्रदर्शन पर खुशी जताई और इस खिताबी सफर को ह्यसंपूर्ण टीम प्रयास करार दिया। मैच के बाद विराट कोहली ने कहा, हम ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद वापसी करना चाहते थे और एक बड़ा टूर्नामेंट जीतना हमारी प्राथमिकता थी। यह एक अविश्वसनीय अहसास है। हमारी टीम में कई प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी हैं जो भारतीय क्रिकेट को सही दिशा में आगे ले जा रहे हैं। उनके साथ खेलना और अपने अनुभव को साझा करना शानदार अनुभव है।

'हर खिलाड़ी ने आगे बढ़ कर निभायी भूमिका'

कोहली ने इस जीत को टीम के सामूहिक प्रयास का नतीजा बताया। उन्होंने कहा, टूर्नामेंट के हर मैच में किसी न किसी खिलाड़ी ने आगे बढ़कर अहम भूमिका निभाई। खिताब जीतने के लिए यह जरूरी होता है कि पूरी टीम मिलकर प्रदर्शन करे, और हमने यही किया। इस पूरी प्रतियोगिता में सभी ने किसी न किसी मोड़ पर योगदान दिया, और यही हमारी जीत की असली वजह है।

'हमारी कोशिश टीम को और मजबूत छोड़ने की'

अनुभवी बल्लेबाज ने कहा कि वह युवा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करने और उन्हें तैयार करने की कोशिश करते हैं। हमारा प्रयास यही है कि जब हम खेल छोड़ें, तो भारतीय टीम पहले से ज्यादा मजबूत हो। शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल और हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं और भारतीय क्रिकेट सही दिशा में आगे बढ़ रहा है।

15वां हॉकी इंडिया सीनियर राष्ट्रीय पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2025 के लिए हॉकी झारखंड का चयन ट्रायल 20 मार्च को रांची में

एजेंसी

रांची : 04 अप्रैल से 15 अप्रैल 2025 तक झांसी, उत्तरप्रदेश में आयोजित 15वां हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025, में झारखण्ड हॉकी टीम के भागीदारी हेतु झारखंड के हॉकी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल दिनांक 20 मार्च 2025 को सुबह 08.00 बजे से मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोराबादी, रांची में आयोजित होगी। इस चयन ट्रायल में झारखंड के कोई भी हॉकी खिलाड़ी भाग ले सकते है। चयन ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ी को अपने साथ आधार कार्ड और हॉकी इंडिया आई डी कार्ड लाना अनिवार्य है।

संघर्ष करने की स्वाभाविक क्षमताओं के कारण ही हर भूमिका निभा सका : पांड्या

दुबई : भारतीय क्रिकेट टीम की आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जीत में ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने गेंद और बल्ले दोनो से ही जरुरत के समय भरपूर योगदान दिया। मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में पांड्या ने मो शमी के साथ गेंद साझा की। इसी को लेकर पांड्या ने कहा कि संघर्ष करने की स्वाभाविक क्षमताओं के कारण ही वह अपनी नई भूमिका को सही तरीके से निभा पाये। पिच के स्पिनरों के अनुकूल होने के कारण उन्हें हालांकि टूर्नामेंट में अधिक गेंदबाजी नहीं करनी पड़ी।

ब्रिटेन में प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलते हुए मैनचेस्टर यूनाइटेड और आर्सेनल के खिलाड़ी।

स्विएटेक ने यास्त्रेम्स्का को हरा कर इंडियन वेल्स के चौथे दौर में बनायी जगह

एजेंसी

नयी दिल्ली : गत चैंपियन इगा स्विएटेक ने रविवार को डयाना यास्त्रेम्स्का को 6-0, 6-2 से हराकर इंडियन वेल्स के चौथे दौर में प्रवेश किया। यह उनकी लगातार दूसरी प्रभावशाली जीत थी, इससे पहले उन्होंने अपने पहले मुकाबले में कैरोलिन गार्सिया को 6-2, 6-0 से हराया था। दूसरी वरीयता प्राप्त स्विएटेक इस टूर्नामेंट को तीसरी बार जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनने की कोशिश में हैं। पोलैंड की इस स्टार खिलाड़ी ने मैच में जबरदस्त प्रदर्शन किया और सिर्फ 65 मिनट में यूक्रेनी प्रतिद्वंद्वी को मात दी। उन्होंने लगातार 10 गेम जीतकर मुकाबले को पूरी तरह एकतरफा बना दिया। मैच के बाद उन्होंने कहा, अंत में मैं थोड़ा थक गई थी, ऐसे मैच को खत्म करना हमेशा मुश्किल होता है, लेकिन मैं खुश हूं कि मैंने आखिरी गेम में भी अपनी तीव्रता बनाए रखी,मैं शुरूआत से ही मैच पर नियंत्रण बनाए हुए थी, इसलिए इस प्रदर्शन से संतुष्ट हूं। पांच बार की ग्रैंड स्लैम विजेता स्विएटेक ने 2024 में रोलां गैरोस जीतने के बाद से अब तक कोई खिताब नहीं जीता है।

हॉकी इंडिया ने 7वें वार्षिक पुरस्कार 2024 के लिए नामित किये खिलाड़ी, समारोह 15 मार्च को

एजेंसी

नयी दिल्ली : हॉकी इंडिया ने सोमवार को हॉकी इंडिया 7वें वार्षिक पुरस्कार 2024 के नामित खिलाड़ियों की आधिकारिक घोषणा कर दी है। यह प्रतिष्ठित समारोह 15 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष का आयोजन अब तक का सबसे बड़ा होगा, जिसमें लगभग 12 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि रखी गई है और भारतीय हॉकी के बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया जायेगा। कुल आठ श्रेणियों में 32 नामांकित खिलाड़ियों को अंतिम सूची में जगह मिली है। इन खिलाड़ियों ने पूरे वर्ष में अपने असाधारण प्रदर्शन से हॉकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है और इन्हें इस समारोह में सम्मानित किया जायेगा। इस आयोजन की सबसे बड़ी आकर्षणों में से एक 'हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार' होगा, जो वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। इसके अलावा, युवा खिलाड़ियों को भी विशेष पहचान दी जाएगी, जिसमें 'हॉकी इंडिया जुगराज सिंह पुरस्कार' (पुरुषों के लिए) और 'हॉकी इंडिया असुंता लकड़ा पुरस्कार' (महिलाओं के लिए) आगामी खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, विभिन्न पदों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी विशेष पुरस्कार दिए जाएंगे, जिनमें शामिल हैं:

'हॉकी इंडिया बलजीत सिंह पुरस्कार'-वर्ष का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर

'हॉकी इंडिया परगट सिंह पुरस्कार'-वर्ष का सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर

'हॉकी इंडिया अजीत पाल सिंह पुरस्कार'-वर्ष का सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर

'हॉकी इंडिया धनराज पिल्लै पुरस्कार' - वर्ष का सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड

इस समारोह में कुछ विशेष पुरस्कार भी दिए जाएंगे, जैसे 'हॉकी इंडिया प्रेसिडेंट पुरस्कार' उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए और 'हॉकी इंडिया जामन लाल शर्मा पुरस्कार' हॉकी में अमूल्य योगदान के लिए। इसके अलावा, अधिकारियों के लिए भी पुरस्कार दिए जाएंगे, जिसमें 'सर्वश्रेष्ठ अंपायर/अंपायर मैनेजर' और 'सर्वश्रेष्ठ तकनीकी अधिकारी' शामिल हैं।

नामांकित खिलाड़ी

हॉकी इंडिया बलजीत सिंह पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर - 2024)-
बिचु देवी खरीबाम, कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सविता।
हॉकी इंडिया परगट सिंह पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर-2024)-
संजय, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, उदिता।
हॉकी इंडिया अजीत पाल सिंह पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर - 2024)-
जरमनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, नीलकंठ शर्मा, सुमित।
हॉकी इंडिया धनराज पिल्लै पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड -2024)-
लालरेमसियामी, अभिषेक, सुखजीत सिंह, नवनीत कौर।
हॉकी इंडिया असुंता लकड़ा पुरस्कार (उभरती महिला खिलाड़ी-अंडर-21)-
ब्यूटी डुंगडुंग, दीपिका, वैश्णवी विथल फाल्के,सुनेलिता टोप्पो।
हॉकी इंडिया जुगराज सिंह पुरस्कार (उभरते पुरुष खिलाड़ी-अंडर-21)-
अर्शदीप सिंह, आमिर अली, शारदानंद तिवारी, अरिजीत सिंह हुंदल।
हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी-2024)-
सविता पूनिया, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, नवनीत कौर।
हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी-2024)-अभिषेक, हार्दिक सिंह, हरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह।

भारतीय हॉकी का ऐतिहासिक वर्ष

इस साल का हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार 15 मार्च को आयोजित किया जाएगा, जो भारतीय हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। 15 मार्च 1975 को भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पहली और अब तक की एकमात्र विश्व कप जीत दर्ज की थी। इसके साथ ही, वर्ष 2025 भारतीय हॉकी के लिए एक और महत्वपूर्ण अवसर लेकर आया है, क्योंकि इस साल भारतीय हॉकी की अंतरराष्ट्रीय महासंघ (एफआईएच) से मान्यता प्राप्त करने की 100वीं वर्षगांठ है। भारत 7 नवंबर 1925 को एफआईएच का हिस्सा बना था, जो खुद 1924 में स्थापित हुआ था।

एक झलक

सैमसंग के एआई-पावर्ड टीवी पर धमाकेदार ऑफर्स

रांची : सैमसंग ने गुड़ी पड़वा, उगादी और होली के मौके पर एक खास फेस्टिव कैंपेन लॉन्च किया है। इस ऑफर के तहत नियो क्यूएलईडी 8के, नियो क्यूएलईडी 4के, ओएलईडी और क्रिस्टल 4के यूएचडी टीवी जैसे प्रीमियम एआई बिग स्क्रीन टीवी पर शानदार डील्स मिलेंगी। यह कैंपेन 5 मार्च से 31 मार्च 2025 तक चलेगा, जिसमें उपभोक्ताओं को अपने होम एंटरटेनमेंट को अपग्रेड करने का बेहतरीन मौका मिलेगा। सैमसंग के प्रीमियम टीवी शानदार पिक्चर क्वालिटी, दमदार साउंड और स्टाइलिश डिजाइन के साथ आते हैं, जो होम एंटरटेनमेंट का अनुभव अगले स्तर तक ले जाते हैं। इस ऑफर में उपभोक्ता चुनिंदा खरीदारी पर 2,04,990 तक का मुफ्त टीवी या 90,990 रूपए तक का मुफ्त साउंडबार भी पा सकते हैं। इसके अलावा, सैमसंग 20% तक कैशबैक, जीरो डाउन पेमेंट और सिर्फ 2,990 रूपए की शुरूआती एमआई पर 30 महीने तक आसान किस्तों की सुविधा दे रहा है। अगर ग्राहक कोई भी सैमसंग टीवी खरीदते हैं, तो उन्हें सैमसंग साउंडबार पर 45% तक की छूट भी मिलेगी, जिससे वे सिनेमा जैसी बेहतरीन साउंड का मजा घर पर ही ले सकते हैं। ये ऑफर सैमसंग.कॉम, प्रमुख ऑनलाइन पोर्टल्स और पूरे भारत के चुनिंदा सैमसंग रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध होंगे।

सिंघम अगेन में एक्शन पहले से बड़ा, बेहतर और अधिक जोरदार

सिंघम की दहाड़, जलाएगी लंका इस बार-शेर लौट आया है, और अब जंग होगी और धमाकेदार! इस होली, जी सिनेमा बना रहा है आपके जश्न को और भी रोमांचक, क्योंकि आ रहा है सिंघम अगेन का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर-शुक्रवार, 14 मार्च, रात 8 बजे। इस बार अजय बाजीराव सिंघम की गूंज सीधे रामायण की अमर गाथा से प्रेरित है, जिसके हर किरदार और कहानी में इस महाकाव्य की झलक होगी। जिस तरह रामायण में अच्छाई और बुराई का घमासान देखने को मिला, उसी तरह सिंघम अगेन में भी कर्तव्य की अग्निपरीक्षा होगी। अजय देवगन भारतीय हिन्दी फि ल्म उद्योग बॉलीवुड के एक जाने माने अभिनेता, फिल्म निमार्ता और निर्देशक हैं। उन्होने अपना फि ल्मी सफर वर्ष 1991 की फि ल्म फूल और काँटे से शुरू किया। 1999 में उन्हे महेश भट्ट निर्देशित फि ल्म जख्म और 2002 में राजकुमार संतोषी निर्देशित फि ल्म द लेजेंड ऑफ भगत सिंह के लिये सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। फिल्म अब जी सिनेमा पर प्रीमियर हो रही है। अपने फैंस से क्या कहना चाहेंगे- सिंघम को सालों से इतना प्यार देने के लिए मैं दर्शकों का शुक्रगुजार हूं। ये किरदार मेरे दिल के बेहद करीब है, और मुझे खुशी है कि फैंस अब 'सिंघम अगेन' के एक्शन, ड्रामा और इमोशन्स को दोबारा जी सिनेमा पर महसूस कर पाएंगे। और चूंकि ये फिल्म होली पर प्रीमियर हो रही है, तो इस बार का जश्न पहले से भी बड़ा और धमाकेदार होने वाला है। इस होली, तैयार हो जाइए जबर्दस्त एक्शन, ड्रामा और एनर्जी के लिए, क्योंकि 14 मार्च को 'सिंघम अगेन' का प्रीमियर हो रहा है सिर्फ जी सिनेमा पर।

मजबूत शुरुआत के बाद गिरावट के साथ बंद हुआ घरेलू शेयर बाजार

नयी दिल्ली : घरेलू शेयर बाजार सोमवार को सप्ताह के पहले कारोबारी दिन ही गिरावट का शिकार हो गया। आज के कारोबार की मिली-जुली शुरूआत हुई थी। सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला था, जबकि निफ्टी ने कमजोरी के साथ कारोबार की शुरूआत की थी। बाजार खुलने के बाद पहले 1 घंटे के कारोबार में खरीदारी होती रही, लेकिन उसके बाद लगभग पूरे दिन बिकवाली का दबाव बना रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.29 प्रतिशत और निफ्टी 0.41 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। दिन भर के कारोबार के दौरान एफएमसीजी सेक्टर को छोड़कर शेष सभी सेक्टोरल इंडेक्स दबाव के साथ कारोबार करते रहे। ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, कैपिटल गुड्स, पीएसयू बैंक, ऑयल एंड गैस और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में आज दिनभर बिकवाली होती रही। इसके अलावा आईटी, हेल्थ केयर, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.46 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 2.11 प्रतिशत फिसल कर आज के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 5 लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 393.37 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 398.29 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 4.92 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,229 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,202 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,879 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 148 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,671 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 500 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 2,171 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 8 शेयर बढ़त के साथ और 22 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 17 शेयर हरे निशान में और 33 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 142.40 अंक की मजबूती के साथ 74,474.98 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण यह सूचकांक 310.34 अंक टूट कर 74,022.24 अंक तक गिर गया। इस गिरावट के बाद खरीदारी शुरू हो जाने के कारण इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। खरीदारी के सपोर्ट से सुबह 10 बजे तक यह सूचकांक निचले स्तर से 700 अंक से अधिक उछलकर 408.67 अंक की मजबूती के साथ 74,741.25 अंक तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक में गिरावट आने लगी। हालांकि, खरीदार बीच-बीच में लिवाली करके बाजार को सपोर्ट करने की कोशिश करते रहे, लेकिन बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि यह सूचकांक लगातार गिरता चला गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 217.41 अंक की कमजोरी के साथ 74,115.17 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के विपरीत एनएसई के निफ्टी ने आज 30.65 अंक की कमजोरी के साथ 22,521.85 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव में यह सूचकांक 123.45 अंक लुढ़क कर 22,429.05 अंक तक गिर गया। इस गिरावट के बाद खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया, जिससे थोड़ी देर में ही यह सूचकांक निचले स्तर से करीब 250 अंक उछलकर 124.25 अंक की मजबूती के साथ 22,676.75 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद बाजार में एक बार फिर मुनाफा मूसली शुरू हो गई, जिससे यह सूचकांक लगातार गिरता चला गया। दिन भर की खरीद बिक्री के बाद निफ्टी 92.20 अंक टूट कर 22,460.30 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने पेश किया हाईलक्स ब्लैक एडिशन की निर्भीकता, शक्ति व परिष्कृतता का सर्वोत्तम मेल

रांची/जमशेदपुर : टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारत में एक नई हाईलक्स ब्लैक एडिशन पेश करने की घोषणा की। यह बेहतरीन लाइफस्टाइल वाला ऐसा यूटिलिटी वाहन है जो कठिन इलाकों में ऑफ-रोडिंग एडवेंचर ड्राइव और शहर में रोजाना इस्तेमाल के लिए सबसे उपयुक्त वाहन की तलाश करने वाले ग्राहकों की चाहत पूरी कर सकता है। ग्राहकों की बदलती अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया, नया हाईलक्स ब्लैक एडिशन अपनी शानदार मजबूती, शक्ति और प्रदर्शन को बरकरार रखते हुए आक्रामक और परिष्कृत ऑल-ब्लैक थीम प्रदान करने का लक्ष्य रखता है। हाईलक्स ब्लैक एडिशन के दिल में 2.8 लीटर फोर-सिलेंडर टर्बो-डीजल इंजन है, जो 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन (500 एनएम टॉर्क) के साथ उपलब्ध है। इसका 44 ड्राइवट्रेन एक सहज ऑफ-रोड अनुभव सुनिश्चित करता है, जो इसे प्रदर्शन, शक्ति और परिष्कृतता का सही संयोजन बनाता है। टोयोटा की विश्व स्तरीय इंजीनियरिंग, उन्नत सुरक्षा सुविधाएं और सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास आराम हाईलक्स ब्लैक एडिशन को अपने सेगमेंट में एक स्टैंडआउट बनाते हैं, जो सेगमेंट-लीडिंग 500 एनएम टॉर्क, एक अभिनव बहुउद्देश्यीय वाहन (आईएमवी) प्लेटफॉर्म और एक असाधारण 700 मिमी पानी में उतरने की क्षमता प्रदान करता है। हाईलक्स ब्लैक एडिशन में बिल्कुल नया ब्लैक थीम वाला एक्सटीरियर है, जो इसे सड़क पर एक प्रभावशाली उपस्थिति देता है। प्रमुख डिजाइन संवर्द्धन में ब्लैक रंग का फ्रंट रेडिएटर ग्रिल, मस्कुलर बोनट लाइन और कस्टमाइज्ड हब कैप के साथ 18 इंच के ब्लैक अलॉय व्हील शामिल हैं।

सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट सोना और चांदी की घटी कीमत

नयी दिल्ली : घरेलू सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट का रुख बना हुआ है। भाव में आई इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 87,700 रुपये से लेकर 87,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 80,390 रुपये से लेकर 80,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज गिरावट आने के कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में ये चमकीली धातु 99,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 87,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 80,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

भारत की पहली मोबाइल टेली-सर्जिकल यूनिट मंत्राएम का अनावरण

रांची : भारत के पहले और एकमात्र स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम एसएसआई मंत्रा के निमार्ता एसएस इनोवेशन्स ने गुरूग्राम स्थित द लीला में दूसरे ग्लोबल एसएसआई मल्टी-स्पेशलटी रोबोटिक सर्जरी कॉन्फ्रैन्स (एसएमआरएससी) 2025 का आयोजन किया। दो दिवसीय कार्यक्रम में दुनिया भर से 1200 से अधिक प्रख्यात चिकित्सा पेशवर शामिल हुए, जिन्हें इस मंच के माध्यम से रोबोटिक सर्जरी की बदलावकारी क्षमता के बारे में जानने का अवसर मिला। एसएमआरएससी 2025 में की गई एक महत्वपूर्ण घोषणा के तहत एसएस इनोवेशन्स ने एसएसआई मंत्रा टेली-सिंक मोबाइल युनिट-एसएसआई मंत्राएम का अनावरण किया- अपनी तरह की अनूठी यह पहल भारत में रोबोटिक सर्जरी और टेलीमेडिसिन में नया बदलाव लेकर आयेगी। यह आधुनिक मोबाइल टेली-सर्जिकल युनिट चिकित्सा तकनीक के आधुनिकीकरण, चिकिसा सेवाओं की बुनियादी सुविधाओं को नया आयाम देने और आधुनिक सर्जिकल देखभाल की पहुंच बढ़ाने के लिए एसएस इनोवेशन्स की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इसके माध्यम से एसएस इनोवेशन्स मेड-टेक की सीमाओं को पार करने, सर्जिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर में बदलाव लाने तथा रोबोटिक सर्जरी एवं हेल्थ टेक इनोवेशन में ग्लोबल लीडर के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। टेलीसर्जरी की आधुनिक क्षमता के साथ एसएसआई मंत्रा दूरदराज के वंचित क्षेत्रों में विश्वस्तरीय रोबोटिक-असिस्टेड प्रक्रियाओं को सुलभ बनाकर सर्जिकल केयर की सभी बाधाओं को दूर कर रही है। टेली सिंक मोबाइल युनिट में एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम, हाई-स्पीड कनेक्टिविटी और आधुनिक सर्जिकल रोबोटिक्स शामिल है जो रिमोट एवं ऑन-साईट सर्जिकल टीम के बीच रियल टाईम सहयोग को सुनिश्चित करता है। इस इनोवेशन के जरिए सर्जन न्यूनतम लेटेंसी के साथ प्रक्रिया को पूरा कर सकता है, इस तरह आधुनिक सर्जिकल केयर पहले से कहीं अधिक सुलभ हो जाती है। एसएसआई मंत्राएम के लॉन्च पर बात करते हुए डॉ सुधीर श्रीवास्तव, संस्थापक एवं चेयरमैन, एसएस इनोवेशन्स ने कहा, ह्यह्यएसएसआई मंत्राएम एक मोबाइल टेलीसर्जिकल युनिट से कहीं बढ़कर है।

सैमसंग ने फेस्टिव सीजन में लॉन्च किया खास ऑफर

पटना : भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने गुड़ी पड़वा, उगादी और होली के अवसर पर एक विशेष फेस्टिव कैंपेन शुरू किया है। यह ऑफर 5 मार्च से शुरू हैं, जो 31 मार्च तक चलेगा, जिसमें उपभोक्ताओं को नियो क्यूएलईडी 8के, नियो क्यूएलईडी 4के, क्यूएलईडी और क्रिस्टल 4के यूएचडी जैसे प्रीमियम एआई बिग स्क्रीन टीवी पर बेहतरीन डील्स मिलेंगी। इस ऑफर के तहत उपभोक्ता चुनिंदा खरीदारी पर 2,04,990 रुपये तक का मुफ्त टीवी या 90,990 रुपए तक का मुफ्त साउंडबार प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही, 20 प्रतिशत तक कैशबैक, जीरो डाउन पेमेंट और मात्र 2,990 रुपए की शुरूआती ईएमआई पर 30 महीने तक आसान किस्तों की सुविधा भी मिलेगी। इसके अलावा, सैमसंग टीवी खरीदने वाले ग्राहकों को सैमसंग साउंडबार पर 45 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। इस संबंध में सैमसंग इंडिया के विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के सीनियर डायरेक्टर विपलेश डांग ने कहा कि हम अपने ग्राहकों को बेहतरीन टेक्नोलॉजी और शानदार ऑफर्स के जरिए प्रीमियम मनोरंजन अनुभव देना चाहते हैं, ताकि वे त्योहारों का आनंद अपने प्रियजनों के साथ उठा सकें। यह ऑफर सैमसंग डांट कॉम प्रमुख ऑनलाइन पोर्टल्स और देशभर के चुनिंदा सैमसंग रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध रहेगा।

नथिंग फोन (3E) की बिक्री 11 मार्च से शुरू

रांची : नथिंग, लंदन स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी ने 11 मार्च से फ्लिपकार्ट, विजय सेल्स, क्रोमा और भारत के सभी प्रमुख रिटेल स्टोरों पर नथिंग फोन (3E) सीरीज की ओपन सेल की घोषणा की है। पहले दिन एक विशेष शुरूआती ऑफर के रूप में, फोन (3E) 19,999 रुपये की कीमत पर उपलब्ध होगा, और फोन (3E) प्रो 24,999 रुपये (सभी ऑफर सहित) की कीमत पर उपलब्ध होगा। 4 मार्च, 2025 को नथिंग ने फोन (3E) सीरीज को वैश्विक स्तर पर लॉन्च किया, जिसके कैमरा में प्रमुख अपग्रेड शामिल हैं। फोन (3E) में 50MP का मेन सेंसर, सोनी का अल्ट्रा-वाइड सेंसर और 2X ऑप्टिकल जूम वाला 50MP का टेलीफोटो लेंस है, जबकि पेरिस्कोप कैमरा वाले फोन (3E) प्रो में 60X अल्ट्रा जूम है। सेल्फी के लिए, फोन (3a) में 32MP का फ्रंट कैमरा है, जबकि प्रो मॉडल में 4K वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ 50MP का सेंसर है।

टेक्नो होली रंगोत्सव : रंग, त्योहार व शानदार जीत का दमदार जश्न

नयी दिल्ली : होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि जश्न, अपनापन और खुशियों का मौका भी है। इस बार टेक्नो, जो अपनी इनोवेशन और बेहतरीन सिग्नल कनेक्टिविटी के लिए जाना जाता है, इस त्योहार को रंगोत्सव के साथ और भी खास बना रहा है, जहां खूब धमाल होगा, मस्ती होगी और ढेर सारे सरप्राइजेस भी। त्योहार की खुशियों को दुगना करने के लिए टेक्नो ग्राहकों को शानदार इनाम जीतने का सुनहरा मौका दे रहा है। 7 मार्च से लेकर 31 मार्च, 2025 के बीच जो भी ग्राहक नजदीकी रिटेल स्टोर से कोई भी टेक्नो स्मार्टफोन खरीदेंगे, उन्हें सिर्फ एक दफकोड स्कैन करके और अपनी डिटेल सबमिट करके लकी ड्रॉ में शामिल हो सकते है और खास बात यह है कि 24 खुशकिस्मत विजेताओं को नया स्कूटर, गोल्ड वाउचर और लेटेस्ट टेक्नो स्मार्टफोन जीतने का मौका भी मिलेगा। लकी ड्रॉ का रिजल्ट 4 अप्रैल, 2025 को घोषित किया जाएगा, तो हो जाए तैयार जश्न के लिए। होली का जश्न सिर्फ ग्राहकों तक ही सीमित नहीं है। टेक्नो अपने रिटेल पार्टनर्स के सहयोग और विश्वास की कद्र करता है और इसलिए त्योहार की खुशी उनके साथ भी बाँट रहा है। टेक्नो की ग्रोथ में उनके योगदान उनके भरोसे और समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हुए, ब्रांड ने खासतौर पर रिटेल पार्टनर्स के लिए भी लकी ड्रॉ का आयोजन किया है, जहां उन्हें खास तोहफे जीतने का मौका मिलेगा। टेक्नो हमेशा से अपने रिटेल नेटवर्क को अहमियत देता आया है और भारतीय संस्कृति से जुड़ी ऐसी पहल के माध्यम से इन रिश्तों को और मजबूत करता रहता है। लेकिन, मजा यहीं खत्म नहीं होता। टेक्नो अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी होली का रंग जमाए रखेगा, जहां ढेरों सरप्राइजेस और कॉन्टेस्ट की झलकियाँ मिलती रहेंगी। तो जुड़े रहिए और इस खास मौके को मिस न करें। रंगों का त्योहार खुशियाँ, इनाम और ढेर सारी मस्ती लेकर आया है, क्योंकि टेक्नो रंगोत्सव इसे और भी खास बनाने के लिए तैयार है।

पेज एक के शेष

जम्मू-कश्मीर हाई कोर्ट के तीन अतिरिक्त जस्टिस की नियुक्ति स्थायी करने को केन्द्र की मंजूरी...

उन्होंने कई न्यायिक पदों पर कार्य किया।

जस्टिस मोहम्मद यूसुफ वानी ने 1990 में अपना कानूनी करियर शुरू किया और दिसंबर, 1997 में उन्हें मुंसिफ नियुक्त किया गया। उन्हें 2000 में उप न्यायाधीश और बाद में 2008 में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर पदोन्नत किया गया। पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने श्रीनगर में जम्मू-कश्मीर विशेष न्यायाधिकरण के न्यायिक सदस्य के रूप में महत्वपूर्ण न्यायिक भूमिका निभायी हैं। उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में उनकी नियुक्ति 21 मार्च, 2024 को अधिसूचित की गयी थी। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 25 है और वर्तमान में यह केवल 15 न्यायाधीशों के साथ काम कर रहा है, जिससे 10 पद खाली हैं।

राहुल गांधी ने ली झारखंड हाईकोर्ट से याचिका वापस...

यह मामला वर्ष 2018 का है। भाजपा को लेकर राहुल गांधी की ओर से आपत्तिजनक टिप्पणी की गयी थी, राहुल गांधी ने वर्ष 2018 में कांग्रेस के एक अधिवेशन में कहा था कि भाजपा में कोई भी हत्यारा अध्यक्ष बन सकता है, लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं है। इसे लेकर भाजपा के नेता प्रताप कटियार ने चाईबासा कोर्ट में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में शिकायतवाद दायर किया था। बाद में मामले को चाईबासा में एमपी-एमएलए कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया था।

इस मामले में अप्रैल 2022 में चाईबासा एमपी-एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था। इस पर उनके जरिये कोई संज्ञान नहीं लिया गया। इसके बाद 27 फरवरी 2024 को कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। राहुल गांधी के वकील ने कोर्ट में आवेदन देकर सशरीर उपस्थित होने से छूट मांगी थी, लेकिन अदालत ने उनके आवेदन को खारिज करते हुए सशरीर उपस्थित होने का आदेश जारी किया था। राहुल गांधी की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता दीपांकर राय और श्रेय मिश्रा ने बहस की।

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में 05-05 लाख रुपये के तीन इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण...

डिप्टी कमांडर था और काकेर जिले के कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम केसेकोड़ी का रहने वाला है। साथ ही, दो महिला नक्सली मंजुला उर्फ लखमी और बरगढ़ एरिया कमेटी सदस्य सुनीता उर्फ जुनकी ने भी आत्मसर्पण किया है।

पुलिस के अनुसार आत्मसमर्पण करने वाले इन नक्सलियों ने सुरक्षा बलों द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई से भय और सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर आत्म समर्पण किया है। नुआपड़ा डिविजन कमेटी में डिप्टी कमांडर दिलीप ने बताया कि भालू डिगी की घटना के बाद से नक्सली में दहशत है। बड़े नेता भले ना आत्मसर्पण करें, लेकिन छोटे नक्सली घबराये हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि 20 जनवरी को भालू डिगी मुठभेड़ में सीसी मेंबर चलपति और डिविजन कमांडर सत्यम गावड़े जैसे नेता समेत सवा 03 करोड़ के 16 नक्सली मारे गये थे।

मणिपुर में विभिन्न संगठनों के दस उग्रवादी गिरफ्तार...

चिरोम्बा (25) और हेइक्रुजाम अरविंद सिंह उर्फ माइकल (32) को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से दो मोबाइल फोन बरामद हुए।

तीसरी कार्रवाई में, इंफाल वेस्ट जिले के हेनौपोक स्थित इमा मेधपति स्कूल के पास से पीआरईपीएके (प्रो) के तीन उग्रवादियों लैशराम बोबोई मैतेई उर्फ बोइशेम्बा (28), पलुजम बाबू सिंह उर्फ लुथुम्बा (25) और युमनाम अथोइबी चानू को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से तीन मोबाइल फोन बरामद हुए।

चौथी कार्रवाई में, पुलिस ने केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक सक्रिय सदस्य सोरोक्हाइबम इनाओटन सिंह (38) को इंफाल के आरआईएमएस मुख्य गेट से गिरफ्तार किया। वह सरकारी अधिकारियों और आम जनता से जबरन वसूली में शामिल था। उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।

पांचवीं कार्रवाई में, केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के ही एक अन्य सदस्य शंधम रोमन सिंह (39) को इंफाल वेस्ट जिले के समुरोउ से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 11 धमकी भरे पत्र बरामद हुए।

छठी कार्रवाई में, पुलिस ने इंफाल वेस्ट जिले के लैंगोल टाइप- क्क्रसे यूपीपीके संगठन के तीन सक्रिय उग्रवादी - नंगबम बिशन मैतेई (24), अशंगबम मणिकांता सिंह (37) और सोरोक्हाइबम नगंथोई सिंह (23) को गिरफ्तार किया। ये अपने संगठन की ट्रिब्यूनल के माध्यम से अवैध रूप से लोगों पर मुकदमा चला कर जबरन धन वसूली कर रहे थे। इनके पास से दो गाड़ियां, तीन मोबाइल फोन और आपत्तिजनक सामान जब्त किये गये।

अंतिम कार्रवाई में, सुरक्षा बलों ने तेंग्नौपाल जिले के मोरेह थाना क्षेत्र में गेट नंबर-2, बीपी 79 के पास से केवाईकेएल संगठन के एक सदस्य मोहेन तक्हेल्लाम्बम उर्फ रेन्नाई (29) को गिरफ्तार किया। सभी गिरफ्तार उग्रवादियों से पूछताछ जारी है।

कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम करने के लिए सरकार ने उठाये कई महत्त्वपूर्ण कदम...

आयात की टोकरी में विविधता लाकर आम नागरिकों को उच्च अंतरराष्ट्रीय कीमतों से बचाना, पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सार्वभौमिक सेवा दायित्व के प्रावधानों को लागू करना और घरेलू बाजार में डीजल की कीमतों में वृद्धि, पेट्रोल में इथेनॉल के मिश्रण में वृद्धि आदि कदम उठाये गये हैं। पीएसयू ओएमसी ने अंतर-राज्य माल ढुलाई को युक्तिसंगत बनाया है, जिससे राज्यों के भीतर दूरदराज के क्षेत्रों में स्थित उपभोक्ताओं को लाभ हुआ है। इस पहल ने एक राज्य के भीतर पेट्रोल या डीजल की अधिकतम और न्यूनतम खुदरा कीमतों के बीच के अंतर को भी कम कर दिया है। देश भर में 10.33 करोड़ से अधिक पीएम उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को सब्सिडी वाले घरेलू एलपीजी सिलिंडर उपलब्ध कराये गये। कुछ राज्य सरकारें एलपीजी रिफिल पर कुछ अतिरिक्त सब्सिडी भी दे रही हैं और अपने संबंधित बजट से अतिरिक्त लागत वहन कर रही हैं।

तेल और गैस पीएसयू ने पहले ही नेट जीरो स्टेटस के लिए अपनी लक्ष्य तिथियों की घोषणा कर दी है और इसके लिए योजनाएं विकसित की हैं। पर्यावरण सम्बन्धी चिंताओं को दूर करने और देश के नेट-जीरो उत्सर्जन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वे अपने संचालन और मूल्य श्रृंखला को डीकाबोर्नाइज करने के लिए कई तरीके अपना रहे हैं इथेनॉल मिश्रण, संपीड़ित जैव गैस (सीबीजी) और बायोडीजल, स्वच्छ उत्पादन प्रक्रियाओं को बढ़ावा देना, गैस आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना, ऊर्जा दक्षता

लोकसभा में 'बिल ऑफ लैडिंग' विधेयक ध्वनिमत से पारित...

अधिनियम, 1856 को प्रतिस्थापित करेगा।

विधेयक पर दिनभर चली चर्चा का जवाब देते हुए बंदरगाह एवं जहाजरानी मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने बताया कि लदान पत्र एक अनुबंध का साक्ष्य है और एक कानूनी दस्तावेज है। यह वास्तव में कोई अनुबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विकास के विजन के साथ जनता मिल कर काम कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने नेतृत्व में आज सरकार स्वतंत्र भारत की कानून व्यवस्था लागू कर रही। विधेयक 160 साल पुराने कानून का स्थान लेगा।

उन्होंने कहा कि इसे मालवाहक और माल भेजनेवालों के साथ व्यापक चर्चा और कानून के जानकारों से विमर्श के बाद लाया गया है। इसका उद्देश्य कार्यपद्धति का सरलीकरण करना है। साथ ही, ऐसा कानून बनाना है, जो हितधारकों को आसानी से समझ आये। यह एक महत्त्वपूर्ण रिफॉर्म बिजनेस करना आसान बनायेगा।

लोकसभा में राहुल गांधी ने की वोटर लिस्ट पर चर्चा कराने की मांग...

लोकसभा में शून्य काल की चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने यह मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि यह बात सही है कि सरकार मतदाता सूची नहीं बनाती, लेकिन पूरा विपक्ष चाहता है कि इस मुद्दे पर सदन में चर्चा हो। विपक्षी राज्यों और पूरे देश से मतदाता सूची पर सवाल उठ रहे हैं। पूरा विपक्ष संसद में वोटर लिस्ट पर विस्तृत चर्चा की मांग कर रहा है।

तृणमूल सांसद सौगत रॉय ने भी हरियाणा और पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों में एक जैसे निर्वाचक फोटो पहचान कार्ड संख्याओं का उदाहरण देते हुए कहा कि इस तरह की गड़बड़ियों से प. बंगाल और असम में आगामी चुनाव प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से मतदाता सूची के विस्तार से जांच किये जाने की मांग की।

उधर, सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में भी राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों को लेकर उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस को एक महीने से अधिक हो गया है। पारदर्शिता को लेकर चुनाव आयोग से हमने मांगें की थीं। यह मांगें अब तक पूरी नहीं की गयी हैं। सवाल आज भी वैसे ही बने हुए हैं। अब वोटर लिस्ट में डुप्लीकेट नामों के नए सबूत सामने आये हैं, जिससे और भी नये और गम्भीर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोकतंत्र और संविधान के मूल्यों की रक्षा के लिए यह चर्चा बहुत जरूरी है।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले राहुल गांधी ने महाराष्ट्र चुनावों में मतदाता सूची का मुद्दा सदन में उठाया था। तब राहुल गांधी ने कहा था कि महाराष्ट्र चुनावों से पहले करीब 70 लाख नये मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया था।

डीएमके सरकार छात्रों का भविष्य बर्बाद कर रही : प्रधान...

योजना को स्वीकार करने के लिए तमिलनाडु सरकार केन्द्र सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के लिए तैयार थी। लेकिन, बाद में उसने इस मुद्दे पर यूटर्न ले लिया।

तमिलनाडु में नयी शिक्षा नीति के कार्यान्वयन के मुद्दे पर आज सदन में डीएमके सांसद अपना विरोध जताने के लिए वेल में आ गये। डीएमके सांसदों के विरोध के कारण लोकसभा की कार्यवाही को कुछ समय के लिए स्थगित करना पड़ा।

इस पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने तमिलनाडु की स्टालिन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सरकार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा, 'वे असभ्य, अलोकतांत्रिक लोग हैं और तमिलनाडु के छात्रों के प्रति प्रतिबद्ध नहीं हैं। वे उनका भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। वे तमिलनाडु के लोगों के प्रति बेईमान हैं। यह लोग राष्ट्र को गुमराह कर रहे हैं।'

एक झलक

ओली ने भारत के साथ हुए सभी समझौते को आगे बढ़ाने की जतायी प्रतिबद्धता

काठमांडू : नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने भारत के साथ किए गए सभी समझौते के कार्यान्वयन को लेकर प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने महाकाली संधि से लेकर टनकपुर संधि तक और पंचेश्वर से लेकर अन्य सभी समझौते को आगे बढ़ाकर कार्यान्वयन करने की बात दोहराई है। सुदूरपश्चिम प्रदेश के विधानसभा को सोमवार को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ओली ने कहा कि इस प्रदेश के विकास के लिए भारत के साथ हुए कई समझौते को आगे बढ़ाने के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नेपाल का सबसे पिछड़ा प्रदेश होने के कारण इसके विकास के लिए भारत के साथ कई समझौते किए गए हैं जिसे आगे बढ़ाने का समय आ गया है।

भगोड़े ललित मोदी की वानुअतु की नागरिकता रद्द

पोर्ट विला : इंडियन प्रीमियर लीग के पूर्व चेयरमेन और भगोड़े ललित मोदी की वानुअतु की नागरिकता रद्द होगी। वानुअतु के प्रधानमंत्री जोथम नापाट ने नागरिकता आयोग को ललित मोदी को जारी किए गए पासपोर्ट को रद्द करने का आदेश दिया है। वानुअतु डेली पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक यह फैसला उन रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है, जिनमें ये दावा किया गया था कि ललिल मोदी भारत में प्रत्यर्पण से बचने की कोशिश कर रहा है। इसे लेकर अंतरराष्ट्रीय मीडिया में कई रिपोर्ट छपी थीं। प्रधानमंत्री कार्यालय के बयान में कहा गया कि इंटरपोल ने दो बार ललित मोदी के खिलाफ अलर्ट जारी करने के मना कर दिया था। इसके चलते उसका पासपोर्ट आवेदन को रिजेक्ट नहीं कि

मस्क ने यूक्रेन में इंटरनेट बंद करने की दी धमकी

वॉशिंगटन : टेस्ला और स्टारलिंक के सीईओ इलॉन मस्क ने यूक्रेन को इंटरनेट बंद करने की धमकी दी है। मस्क ने कहा कि अगर उन्होंने यूक्रेन में अपना स्टारलिंक सिस्टम बंद कर दिया तो यूक्रेन की डिफेंस लाइन ढह जाएगी। मस्क का स्टारलिंक इंटरनेट सिस्टम, यूक्रेन को मिलिट्री कम्युनिकेशन (सैन्य संचार) बनाए रखने में मददगार रहा है। मस्क ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि, स्टारलिंक सिस्टम यूक्रेनी सेना की रीढ़ है। मैं जंग और कत्लेआम से परेशान हूं, जिसे यूक्रेन आखिरकार इसे हार जाएगा।

योगी सरकार का बड़ा फैसला, 10 से 25 हजार मूल्य के भौतिक स्टाम्प पेपर होंगे चलन से बाहर

एजेंसी

लखनऊ : योगी सरकार की मंत्रिमण्डल की बैठक में 19 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई है। सोमवार को लोकभवन में आयोजित बैठक के उपरांत वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कुल 19 प्रस्तावों पर चर्चा हुई और सभी को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई है। इन प्रस्तावों में स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, शहरी विकास और कर्मचारी कल्याण से जुड़े कई अहम निर्णय शामिल हैं।

बैठक में बलिया में स्वतंत्रता सेनानी चित्तू पांडेय के नाम पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए भूमि हस्तांतरण, आगरा मेट्रो रेल परियोजना के प्रथम और द्वितीय कॉरीडोर के लिए भूमि हस्तांतरण, स्मार्ट सिटी योजना का विस्तार और केंद्र सरकार

■ कैबिनेट की बैठक में मेडिकल कॉलेज, मेट्रो परियोजना और स्मार्ट सिटी योजना सहित 19 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

द्वारा तय किए गए समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के लिए समय सीमा का निर्धारण किया गया है। मंत्रिमण्डल ने स्टांप को लेकर भी बड़ा फैसला लिया है। 10,000 से 25,000 मूल्य तक के भौतिक स्टाम्प पेपर को चलन से बाहर करने का निर्णय लिया है। अब इनके स्थान पर ई-स्टाम्प का उपयोग किया जाएगा। इस संबंध में 5,630 करोड़ रुपये से अधिक के स्टाम्प को बीड आउट किया जाएगा। पुराने स्टाम्प 31 मार्च 2025 तक मान्य होंगे। उसके बाद इन्हें स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह निर्णय स्टाम्प प्रणाली में पारदर्शिता लाने और गड़बड़ियों को रोकने के लिए लिया गया है।

गेहूं की खरीद होगी 17 मार्च से 15 जून तक

केंद्र सरकार द्वारा रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए गेहूं का समर्थन मूल्य 2,425 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश में 17 मार्च से 15 जून तक गेहूं की खरीद होगी, जिसके लिए खाद्य विभाग की विपणन शाखा सहित कुल आठ एजेंसियों द्वारा प्रदेशभर में लगभग 6,500 क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

बलिया में स्वतंत्रता सेनानी चित्तू पांडेय के नाम पर होगी मेडिकल कॉलेज की स्थापना

कैबिनेट बैठक में बलिया जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए 14.05 एकड़ भूमि को निःशुल्क हस्तांतरण को मंजूरी दी गई। यह भूमि जिला कारागार से चिकित्सा शिक्षा विभाग को हस्तांतरित की गई है। मेडिकल कॉलेज का निर्माण 12.39 एकड़ भूमि पर किया जाएगा, जबकि शेष लगभग दो एकड़ भूमि पर स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय चित्तू पांडेय की मूर्ति स्थित है, जिसके सौंदर्यीकरण का निर्णय लिया गया है। मेडिकल कॉलेज का नामकरण भी चित्तू पांडेय के नाम पर किया जाएगा।

आगरा मेट्रो रेल परियोजना के लिए भूमि हस्तांतरण

यूपी मेट्रो रेल कॉपोर्रेशन लिमिटेड की आगरा मेट्रो रेल परियोजना के प्रथम कॉरिडोर के लिए उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की 8,684 .68 वर्ग मीटर भूमि को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित किया गया है। वहीं द्वितीय कॉरिडोर के लिए गृह विभाग की 20,753 वर्ग मीटर भूमि को भी आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को निःशुल्क दिया गया है।

नौकरी की मानसिकता बदलें युवा

रोजगार पाने के बजाय रोजगार उत्पन्न करनेवाले बनें : राष्ट्रपति

एजेंसी

हिसार : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विद्यार्थी वर्ग से अग्राह किया है कि वे शिक्षा हासिल करके रोजगार पाने की मानसिकता को बदलें और रोजगार पाने की बजाय रोजगार उत्पन्न करने वाले बनें। यदि हम ऐसा करते हैं, तो यह समाज कल्याण व देश की उन्नति में बहुत बड़ा कदम होगा।

राष्ट्रपति मुर्मू सोमवार को गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह में उपस्थित विद्यार्थियों, डिग्री व गोल्ड मेडल पाने वाले विद्यार्थियों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि अपने ज्ञान व कौशल के बल पर विद्यार्थी समाज का कल्याण करें और देश की तरक्की में अपना योगदान दें। उन्होंने इस बात पर खुशी जतायी कि दीक्षांत समारोह में पीएडी की डिग्री लेनेवालों में बेटियों की संख्या 60 प्रतिशत से ज्यादा व पदक लेने वालों में बेटियों की संख्या 75 प्रतिशत से ज्यादा है। इसके लिए उन्होंने उपलब्धि प्राप्त बेटियों, उनके परिजनों व शिक्षकों को बधाई दी और कहा कि यह केवल हरियाणा ही नहीं, बल्कि देश के विकास व समाज में महिलाओं की बढ़ती भूमिका का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि गुरु जम्भेश्वर जी, जिनके सम्मान में इस विश्वविद्यालय का नाम रखा गया है, महान संत, दार्शनिक व वैज्ञानिक सोच के धनी थे। उनकी नैतिक जीवन शैली व पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी सोच को नमन करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि प्रकृति की रक्षा, जीवों के प्रति करुणा, दया का भाव रखना व उन्हें संरक्षण प्रदान करना मानव का नैतिक दायित्य है। वर्तमाान में हम जिन पर्यावरण संबंधी समस्याओं का हल खोज रहे हैं, उनमें गुरु जम्भेश्वर जी की शिक्षाएं प्रासंगिक हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी गुरु जम्भेश्वर की शिक्षाओं पर चलकर समाज व देश की तरक्की में अपना योगदान देते रहेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत को ग्लोबल नॉलेज सुपर पावर के रूप में स्थापित करने में उच्च शिक्षण संस्थाओं में किए गए शोध अहम भूमिका निभायेंगे।

हाल ही में राष्ट्रपति भवन में हुए एक कार्यक्रम में उन्होंने उच्च शिक्षण संस्थाओं में शिक्षण के साथ-साथ शोध कार्यों को बढ़ावा देने का आग्रह किया था।

युवा पीढ़ी को बदलती वैश्विक मांगों के अनुरूप तैयार करना उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए चुनौतीपूर्ण

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि युवा पीढ़ी को बदलती वैश्विक मांगों के लिए तैयार करना उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए चुनौतीपूर्ण कार्य है। देश के संतुलित एवं सतत विकास के लिए यह भी आवश्यक है कि शिक्षा एवं प्रौद्योगिकी का लाभ गांवों तक पहुंचे। इस संदर्भ में गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार जैसे उच्च शिक्षा संस्थानों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के छठे दीक्षांत समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रही थीं। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने की। इस अवसर पर जनस्वास्थ्य एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री रणबीर सिंह गंगवा भी उपस्थित रहे। दीक्षांत समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई के नेतृत्व में किया गया। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि इस विश्वविद्यालय में छोटे शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में विद्यार्थी आते हैं। उन्होंने उन विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने गांव एवं शहर के लोगों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराएं तथा उन्हें अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित करें। गुरु जम्भेश्वर जी महाराज को किया यादराष्ट्रपति ने कहा कि गुरु जम्भेश्वर जी, जिनके सम्मान में इस विश्वविद्यालय का नाम रखा गया है, एक महान संत और दार्शनिक थे।

सीआईएसएफ के स्थापना दिवस पर 6553 किलोमीटर की साइकिल रैली का आयोजन

(संजीव ठाकुर)

नयी दिल्ली : सीआईएसएफ इस वर्ष 07 मार्च को अपना 56वां स्थापना दिवस मनाया इस महत्वपूर्ण अवसर को मनाने के लिए, देश के पूर्वी और पश्चिमी दोनों किनारों पर ग्रेट इंडियन कोस्ट के साथ एक साइक्लोथॉन का आयोजन किया जा रहा है, इसमें 100 से अधिक साइकिल चालक शामिल होंगे, जो 25 दिनों में कुल 6553 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे, जिसका थीम सुरक्षित तट समृद्ध भारत होगा,माननीय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने क्रमशः फोर्ट लखपत (भुज) और पश्चिम बंगाल के बक्खाली से वर्चुअली इस कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाने की सहमति दी है। राजनीति, खेल, मीडिया, फिल्म उद्योग, सामाजिक कार्य और लोक प्रशासन सहित विभिन्न क्षेत्रों के कई दिग्गजों के पूरे जोश के साथ साइक्लोथॉन में शामिल होने की उम्मीद है, साइक्लोथॉन सांस्कृतिक कार्यक्रमों,

स्वच्छ भारत गतिविधियों और मियावाकी तकनीक द्वारा वनीकरण के माध्यम से तटीय समुदायों की भागीदारी को देखेगा और नशीली दवाओं के दुरुपयोग, मानव तस्करी और इस तरह की अन्य चीजों के खिलाफ जागरूकता बढ़ाएगा, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल - भारत संघ का एक प्रमुख सीएपीएफ 1969 से देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों में, बल एक बहु-विषयक, बहुआयामी और तकनीक-प्रेमी बल के रूप में विकसित हुआ है, जिसने निजी संस्थाओं सहित 358 महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों हवाई अड्डे, बंदरगाह, दिल्ली मेट्रो और परमाणु प्रतिष्ठान की सुरक्षा की है, साथ ही परामर्श सेवाएं, वीआईपी सुरक्षा और अग्नि सुरक्षा सेवाएं भी प्रदान की हैं। हमारे कर्मियों की निरंतर सतर्कता और अथक प्रयासों के कारण हर दिन लगभग 1 करोड़ यात्री मन की शांति से यात्रा करने में सक्षम हैं, फिर भी 'मुस्कुराते हुए सेवा' कर रहे हैं! इसके कार्यबल में 7% से अधिक महिलाएं हैं, सीआईएसएफ वास्तव में 'नारी शक्ति' का प्रतीक है।

भूपेश बघेल व उनके बेटे के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

रायपुर : पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य बघेल के ठिकानों पर सोमवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) छापेमारी कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने जहां इस कार्रवाई को षड्यंत्र बताया है तो वहीं भाजपा ने इस जांच को कार्रवाई का हिस्सा बताया है जबकि उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि पूरा देश जानता है कि भूपेश बघेल के कार्यकाल में कई बड़े-बड़े घोटाले हुए। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे षड़यंत्र बताया। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा है कि सात वर्षों से चले आ रहे झूठे केस को जब अदालत में बर्खास्त कर दिया गया तो ईडी के मेहमानों ने पूर्व मुख्यमंत्री, कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल के भिलाई निवास में आज सुबह प्रवेश किया है।

जीप-टैंकर की भिड़त में नौ की मौत 13 घायलों में छह की हालत गंभीर

एजेंसी

सीधी : मध्य प्रदेश के सीधी जिले में सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार-सोमवार की दरमियानी रात हुए भीषण सड़क हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। यहां पनी पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार टैंकर और जीप के बीच सीधी भिड़ंत हो गई। इस हादसे में आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में 13 लोग घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। घायलों में सात को गंभीर हालत में रीवा मेडिकल अस्पताल में रेफर किया गया है। मृतकों में पांच महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे

■ मुख्यमंत्री ने हादसे पर जताया दुख, दिये दो-दो लाख की आर्थिक सहायता के निर्देश

पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। कोतवाली थाना प्रभारी पुष्पेंद्र मिश्रा ने बताया कि राजमणि साहू अपनी बेटी का मुंडन संस्कार कराने के लिए तूफान जीप मैहर के ग्राम झोखों जा रहे थे।

मनोहर लाल ने ग्रिडकॉन 2025 का किया उद्घाटन

नयी दिल्ली : केंद्रीय विद्युत और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री, मनोहर लाल ने रविवार को IICC, यशोभूमि, द्वारका, नई दिल्ली में माननीय केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री, श्री की गरिमामयी उपस्थिति में ग्रिडकॉन 2025 अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन सह प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। श्रीपद येसो नाइक। पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) द्वारा 9-11 मार्च 2025 तक आयोजित यह कार्यक्रम विद्युत मंत्रालय के संरक्षण में और सीआईजीआरई, इंडिया के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। ग्रिडकॉन 2025 के उद्घाटन समारोह में दुनिया भर से बिजली क्षेत्र के पेशेवरों की एक टोली शामिल हुई। समारोह के दौरान पावरग्रिड के सीएमडी श्री आर.के. त्यागी के साथ मंत्रालय, पावरग्रिड और अन्य बिजली क्षेत्र के पीएसयू के निदेशक और वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। ग्रिडकॉन 2025 बिजली क्षेत्र का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसमें उद्योग, उपयोगिताओं, पेशेवरों, शोधकताओं और शिक्षाविदों को अक्षय ऊर्जा एकीकरण, ग्रिड लचीलापन, परिसंपत्ति प्रबंधन और डिजिटल परिवर्तन के भविष्य को आकार देने के लिए वैश्विक स्तर पर भाग लेना है। इसमें 2000 से अधिक सम्मेलन प्रतिनिधि, 150 तकनीकी पत्र, 150 प्रदर्शनी कंपनियां, 30 देश के प्रतिनिधि भाग लेंगे। 'ग्रिड लचीलेपन में नवाचार' थीम के साथ सम्मेलन में नई प्रौद्योगिकियों, बुनियादी ढांचे और स्मार्ट समाधानों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा जो ऊर्जा के उत्पादन, संचरण, वितरण और उपभोग के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला सकते हैं। 28 फरवरी 2025 तक, विद्युत मंत्रालय के तहत एक महारत्न पीएसयू, पावरग्रिड ने 281 सबस्टेशन और 1,79,594 सीकेएम से अधिक ट्रांसमिशन लाइनें और 5,46,461 एमवीए परिवर्तन क्षमता चालू की है और उनका संचालन कर रही है। नवीनतम तकनीकी उपकरणों और तकनीकों को अपनाने, स्वचालन और डिजिटल समाधानों के बेहतर उपयोग के साथ, पावरग्रिड 99.81% से अधिक की औसत ट्रांसमिशन सिस्टम उपलब्धता बनाए रखने में सक्षम है।

जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) के तत्त्वावधान में वर्ष 2024-26 के लिए नयी समिति की पदस्थापना एवं शपथ दिलायी गयी। यह कार्यक्रम रांची के स्वर्ण भूमि बैंक्विट में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में जीतो के उपाध्यक्ष कमलेश सोजतिया, कल्पना बैद, विनोद दुग्गड, पंकज मालू एवं सुनीता मेहता विशेष रूप से उपस्थित रहे।